SPACE MADE
SPECTACULAR
VAISHNAOI
SouthWoods
Art of Opulence
4 & 5 BHK ULTRA-LUXURIOUS VILLAS AT MAMIDIPALLY, SHAMSHABAD

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

SPACE MADE
SPECTACULAR
VAISHNAOI
SouthWoods
Art of Opulence
4 & 5 BHK ULTRA-LUXURIOUS VILLAS AT MAMIDIPALLY, SHAMSHABAD

**वर्ष-29 अंक : 233** (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) **कार्तिक पूर्णिमा 2081 शुक्रवार, 15 नवंबर-2024**

प्रधान संपादक – **डॉ. गिरीश कुमार संघी** हैदराबाद नगर ✲ **पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये**

www.vaishnaoigroup.com

TS RERA No.P02400008419

VAISHNAOI GROUP
BUILDING A NEW FUTURE

SPACETACULAR.

We had to invent this word, because ‘space’ has never been imagined like this before.

And if you thought ‘spacious’ cannot be an understatement, turn the page to see how we’ve dwarfed it spectacularly.




www.vaishnaoigroup.com
TS RERA No.P02400008419
VAISHNAOI GROUP
BUILDING A NEW FUTURE
LAUNCHING
VAISHNAOI
SouthWoods
Art of Opulence
4 & 5 BHK ULTRA-LUXURIOUS VILLAS AT MAMIDIPALLY, SHAMSHABAD
In today's ever-evolving realty landscape, the concept of space has transcended physical dimensions to convey the profound essence of freedom, comfort, and personal expression.
A glimpse of it all and beyond is our vision of 'spacetacular' living. One that promises a seamless blend of spacious living and spectacular surroundings.
Because we believe that space isn't just square footage; it's the canvas upon which unforgettable moments are painted, and extraordinary lives are lived.
260 Ultra-luxurious Villas
300 to 550 sq.yd.
43.29 Acre Elite Community
40,000 sq.ft. Clubhouse
tempestadvertising.com
VILLA 225
*For Artistic or Information Purpose
80 ft. Grand Entrance
Expansive Golf Turf
Home Theatre in Every Mansion
40 ft. Wide Internal Roads
50+ World Class Amenities
6 Acre Green Space
Sky Bridge
Central Park
SCAN FOR MORE INFORMATION
VAISHNAOI GROUP
BUILDING A NEW FUTURE
REALTY | CONSTRUCTION | AUTOMOBILE
MANUFACTURING | TEXTILE PARK
BOOK NOW
99599 95940
Follow us on:




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 233 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक पूर्णिमा 2081 शुक्रवार, 15 नवंबर-2024

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ※ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## प्रतियोगी छात्रों के आंदोलन के आगे झुका आयोग

प्रयागराज, 14 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) छात्रों के आंदोलन के आगे झुक गया है। आयोग ने छात्रों की वन डे वन शिफ्ट की मांग मान ली है। इसके लिए छात्र चार दिनों से आंदोलन कर रहे हैं। बृहस्पतिवार को बवाल काफी बढ़ने के बाद आयोग को यह फैसला करना पड़ा। आयोग के भीतर हुई बैठक में जिलाधिकारी, कमिश्नर समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहे। कई घंटे चली बैठक के बाद आयोग ने छात्रों के पक्ष में फैसला लिया। फिलहाल पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा एक दिन में कराने की मांग मानी गई है। आरओ-एआरओ पर फैसला कमेटी के रिपोर्ट के बाद होगा। पीसीएस परीक्षा सात और आठ दिसंबर को प्रस्तावित है।

# 'अघाडी द्वारा जातियों को बांटने का षडयंत्र'

### > महाराष्ट्र में आरक्षण के मुद्दे पर विपक्ष पर बरसे पीएम मोदी

मुंबई, 14 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को राज्य के छत्रपति संभाजीनगर में चुनावी रैली को संबोधित किया हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी पर जमकर वार किया। साथ ही राहुल गांधी को शाहजादे करार दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अघाड़ी वालों ने महाराष्ट्र की परेशानियों को बढ़ाने के अलावा कोई काम नहीं किया है। मराठवाड़ा में लंबे समय से पानी का संकट रहा है, लेकिन कांग्रेस और अघाड़ी वाले हमेशा हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे। हमारी सरकार में पहली बार सूखे के खिलाफ ठोस प्रयास शुरू हुए।



प्रधानमंत्री ने कहा कि ये अघाड़ी वाले आपको बूंद-बूंद पानी के लिए तरसाएंगे। आपसे अनुरोध है कि इन अघाड़ी वालों को घुसने ही मत देना। इसलिए मैं कहता हूं : भाजप – महायुती आहे, तर गती आहे. महाराष्ट्राची प्रगती आहे। महायुति के लिए हमारा किसान, अन्नदाता है, विकसित महाराष्ट्र का सबसे मजबूत स्तंभ है। यहां कपास के किसान बहुत बड़ी मात्रा में हैं। हमारी सरकार उनकी आय बढ़ाने के लिए भी हरसंभव प्रयास कर रही है। कांग्रेस पर हमलावर होते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी, सरकार बनाने के लिए विकास पर नहीं, बंटवारे पर भरोसा करती है। कांग्रेस दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों को आगे बढ़ने से रोकती है ताकि सत्ता पर पीढ़ी-दर-पीढ़ी इनका कब्जा बना रहे। इसलिए कांग्रेस शुरू से ही आरक्षण के खिलाफ रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन दिनों इंटरनेट पर पुराने अखबारों की तस्वीरें वायरल हो रही हैं। आरक्षण को लेकर कांग्रेस की असली सोच क्या है, वो उन विज्ञापनों में साफ दिख रहा है। कांग्रेस, आरक्षण को देश के खिलाफ और मेरिट के खिलाफ बताती थी। कांग्रेस की मानसिकता और कांग्रेस का एजेंडा अभी भी वही है। इसलिए पिछले 10 वर्षों से ओबीसी समाज का प्रधानमंत्री इन्हें बर्दाश्त ही नहीं हो रहा है।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे विदेश में जाकर खुलेआम बयान देते हैं कि वो आरक्षण को खत्म कर देंगे। अब अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए कांग्रेस और अघाड़ी वाले, एससी/एसटी/ओबीसी समाज को छोटी छोटी जातियों में बांटने का षड्यंत्र रच रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सोच रही है कि ओबीसी जातियों में बंटेगा तो उसकी ताकत कम हो जाएगी और जब समाज की ताकत कम हो जाएगी, तो कांग्रेस को बैठे-बैठे ही फायदा मिल जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि यहीं से कांग्रेस सत्ता में वापसी की तलाश कर रही है।

# सीजेआई खन्ना ने मामलों के आवंटन के लिए नया रोस्टर किया जारी

### पहली 3 अदालतों में पीआईएल पर होगी सुनवाई



नई दिल्ली, 14 नवंबर (एजेंसियां)। भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने 16 पीठों के लिए नए मामलों के आवंटन के लिए एक ताजा रोस्टर जारी किया है। इसमें यह तय किया गया है कि सीजेआई और दो वरिष्ठतम न्यायाधीशों द्वारा अध्यक्षता वाली पहली तीन अदालतें पत्र याचिकाओं और पीआईएल की सुनवाई करेंगी। यह रोस्टर 11 नवंबर से प्रभावी हो गया है। दो वरिष्ठतम न्यायाधीशों न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच नागरिकों द्वारा शीर्ष अदालत में लिखे गए पत्रों से आई ताजा याचिकाओं और नए सार्वजनिक हित याचिकाओं (पीआईएल) की सुनवाई करेगी। पत्र याचिकाओं और जनहित याचिकाओं के अलावा, प्रधान न्यायाधीश की अगुवाई वाली पीठ अधिकतम मुद्दों पर विषयवार विचार करेगी, जिनमें सामाजिक न्याय से संबंधित मामले, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति के चुनाव से संबंधित विवाद और सांसदों और विधायकों के चुनाव से संबंधित अन्य मामले, बंदी प्रत्यक्षीकरण मामले और मध्यस्थता के मामले शामिल हैं।

पूर्व प्रधान न्यायाधीश यूयू ललित सभी पीठों को जनहित याचिकाएं आवंटित करते थे। मगर, पूर्व प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने इस प्रथा को बंद कर दिया था। विषयवार मामलों का आवंटन 16 वरिष्ठ न्यायाधीशों को किया गया है जो पीठों की अध्यक्षता करेंगे।




## अब खड़गे और नाना पटोले के सामान की चेकिंग

मुंबई, 14 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग के अधिकारियों ने गुरुवार को कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का बैग चेक किया। इसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई। वे नासिक जिले में चुनाव प्रचार के लिए आए थे। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले के हेलीकॉप्टर और बैग की आज चुनाव अधिकारियों ने जांच की। हेलीकॉप्टर की जांच तिरोड़ा हेलीपैड पर की गई। वे गोरेगांव विधानसभा सीट पर एनसीपी(एसपी) उम्मीदवार के लिए प्रचार करने जा रहे थे।

## ईडी की 23 जगहों पर छापेमारी

मुंबई, 14 नवंबर (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को मालेगांव के व्यापारी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग केस की जांच के तहत महाराष्ट्र और गुजरात में कई जगहों पर छापेमारी की। ईडी का दावा है कि व्यापारी ने 100 करोड़ रुपये से ज्यादा का लेन-देन करने के लिए कई लोगों के बैंक खातों का दुरूपयोग किया है।

पीएमएलए के तहत हो रही इस कार्रवाई में महाराष्ट्र के मालेगांव, नासिक और मुंबई में और गुजरात के अहमदाबाद-सूरत में कुल 23 परिसरों की तलाशी ली जा रही है। छापेमारी महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में 2,500 से ज्यादा लेन-देन और करीब 170 बैंक शाखाएं जांच के दायरे में हैं। इन खातों से या तो पैसा जमा किया गया या निकाला गया है। मामला मालेगांव में व्यापारी सिराज अहमद हारुन मेमन के खिलाफ पुलिस में दर्ज की गई एफआईआर से जुड़ा है। शिकायतकर्ता वह व्यक्ति है जिसके बैंक खाते से अवैध लेनदेन किया गया था। आरोप है कि बैंक अकाउंट का इस्तेमाल चुनावी फंडिंग और वोट जिहाद के लिए किया गया था। महाराष्ट्र में 288 विधानसभा सीटों के लिए 20 नवंबर को वोटिंग होना है। इससे पहले ईडी की जांच को बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है।

## उन्होंने कभी संविधान नहीं पढ़ा : राहुल



नंदूरबार, 14 नवंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि मैं जनसभाओं में जो संविधान दिखाता हूं, वो खाली है। नरेंद्र मोदी जी के लिए संविधान खाली है, क्योंकि उन्होंने कभी इसे पढ़ा नहीं है। महाराष्ट्र के नंदूरबार में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि संविधान में देश की आत्मा है और हिंदुस्तान का ज्ञान है। इसमें भगवान बुद्ध, बिरसा मुंडा, डॉ. बीआर आंबेडकर, महात्मा गांधी, और फुले की सोच है। राहुल गांधी बोले कि भाजपा को मेरे रैलियों में इस लाल किताब को दिखाने पर आपत्ति है। मगर हमें इसके लाल रंग से कोई फर्क नहीं पड़ता। जो इसके अंदर लिखा है, हम उसकी रक्षा के लिए जान देने को तैयार हैं। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस आदिवासी, दलित और पिछड़ा वर्ग को निर्णय लेने में प्रतिनिधित्व दिलाना चाहती है।

## सिद्धारमैया के 50 करोड़ वाले आरोप पर भाजपा की चुनौती

बेंगलूरू, 14 नवंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया है। उनका दावा है कि भाजपा ने उनकी सरकार को गिराने के लिए 50 विधायकों को खरीदने की साजिश रची थी। विधायकों को 50-50 करोड़ रुपये की पेशकश की गई थी। हालांकि, अब भाजपा ने पलटवार करते हुए कांग्रेस नेता को चुनौती दी है कि वह अपने दावों को साबित करें। कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने गुरुवार को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को चुनौती दी कि वह अपने आरोप के स्रोत का खुलासा करें।



# वाराणसी में उपराष्ट्रपति को आतंकी संगठन से खतरा

**देव दीपावली पर आ रहे, इंटेलिजेंस ने किया आगाह; यहां 17 साल पहले इसी महीने विस्फोट हुआ था**

वाराणसी,14 नवंबर (एजेंसियां)। देव दीपावली के मौके पर 15 नवंबर को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ वाराणसी में बतौर मुख्य अतिथि आ रहे हैं। सेंट्रल और स्टेट इंटेलिजेंस ने उनकी सुरक्षा को लेकर पुलिस और जिला प्रशासन को आगाह किया है। उपराष्ट्रपति को पाकिस्तान की ISI से लेकर कई आतंकी संगठनों से खतरा है। ऐसे में उनकी सुरक्षा को लेकर कोई कोताही न हो।

सुरक्षा एजेंसियों ने चेताया है कि 17 साल पहले 23 नवंबर 2007 को वाराणसी समेत लखनऊ और फैजाबाद की कचहरी में सीरियल ब्लास्ट हुआ था। ऐसे में उपराष्ट्रपति की सुरक्षा में किसी तरह की चूक न हो, क्योंकि आतंकियों के निशाने पर देश के वीवीआईपी हैं।



जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आतंकियों से खतरे के बाबत सुरक्षा एजेंसियां पहले ही अपनी रिपोर्ट दे चुकी हैं। बावजूद इसके वाराणसी में सुरक्षा व्यवस्था लचर है। वाराणसी दौरे के समय मुख्यमंत्री योगी सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करते हैं। इसके बाद भी सर्किट हाउस की सुरक्षा व्यवस्था आम दिनों में न के बराबर रहती है। सर्किट हाउस परिसर में कहीं से कोई भी प्रवेश कर सकता है। मुख्य गेट से सुरक्षा कर्मी नदारद रहते हैं। जबकि सर्किट हाउस से चंद कदम दूर कचहरी में ही 17 साल पहले ब्लास्ट हुआ था। सर्किट हाउस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर वाराणसी की खुफिया इकाई ने भी अपनी रिपोर्ट पुलिस प्रशासन को दे रखी है।

इंटेलिजेंस ने अपनी रिपोर्ट में उपराष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर निर्धारित प्रोटोकॉल फॉलो करने के साथ ही कहा है कि उत्तर प्रदेश बीते कई वर्षों से आतंकियों के निशाने पर है। यहां कई आतंकी घटनाएं हो चुकी हैं। सीरियल ब्लास्ट तक हुए हैं। यूपी से कई आतंकी गिरफ्तार भी हो चुके हैं। उत्तर प्रदेश से बम बनाने वाले और विस्फोट करने वाले भी पकड़े जा चुके हैं।

उत्तर प्रदेश में प्रतिबंधित इस्लामी आतंकी संगठन सिमी, हूजी की जड़ें भी जुड़ी हैं। सुरक्षा एजेंसियों के पास इनपुट है कि कई आतंकी संगठनों से जुड़े स्लीपर सेल भी सक्रिय हैं। सुरक्षा एजेंसियों के पास इनपुट है कि इस्लामिक आतंकी समूह उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में दहशत फैलाने की फिराक में हैं।

## इरफान सोलंकी को हाईकोर्ट से जमानत

**विधायकी बहाल नहीं होगी, सीसामऊ में उपचुनाव होगा; पत्नी बोलीं- सुप्रीम कोर्ट जाएंगे**

प्रयागराज,14 नवंबर (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आगजनी मामले में इरफान सोलंकी की जमानत मंजूर कर दी, लेकिन सजा पर रोक नहीं लगाई। कोर्ट के फैसले के बाद यह साफ हो गया है कि इरफान की विधायकी बहाल नहीं होगी और सीसामऊ सीट पर उपचुनाव होगा। गुरुवार को जस्टिस राजीव गुप्ता और सुरेंद्र सिंह की बेंच ने इरफान की याचिका पर फैसला सुनाया। हाईकोर्ट ने 8 नवंबर को सुनवाई पूरी होने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## प्रयागराज में छात्र बेकाबू बैरिकेडिंग तोड़ी

**जबरन हटाने पर भड़के 10 हजार स्टूडेंट्स; डीएम-कमिश्नर यूपीपीएससी ऑफिस पहुंचे**

प्रयागराज,14 नवंबर (एजेंसियां)। प्रयागराज में लोक सेवा आयोग कार्यालय (यूपीपीएससी) के सामने छात्रों के प्रदर्शन का आज चौथा दिन है। गुरुवार सुबह प्रदर्शनकारी छात्रों और पुलिसकर्मियों में झड़प हो गई। पुलिसकर्मी सादी वर्दी में धरना दे रहे छात्रों को जबरन उठाने पहुंचे थे। पुलिस को देखते ही छात्र-एक दूसरे पर लेट गए। छात्रों का कहना है कि पुलिसकर्मियों ने छात्राओं के साथ बदसलूकी की। गालियां भी दीं। पुलिस की इस हरकत से छात्र भड़क गए। करीब एक घंटे के अंदर 10 हजार से ज्यादा छात्र आयोग के नजदीक पहुंच गए। पुलिस ने बैरिकेडिंग करके आयोग के रास्ते को सील कर दिया था।



प्रदर्शनकारी छात्रों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी। छात्र आयोग के गेट तक पहुंच गए। अब पुलिस बैकफुट पर है। पुलिस ने आयोग की बिल्डिंग को चारों तरह से घेरकर सुरक्षित किया है।

इधर, डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने कहा- अफसर छात्रों के साथ बातचीत करें और समस्या का हल निकालें। उन्होंने अखिलेश यादव पर निशाना भी साधा। कहा- सूप बोले तो बोले, चलनी भी बोले, जिसमें बहत्तर छेद हैं। अखिलेश राजनीतिक लाभ के लिए छात्रों की भावनाओं का राजनीतिकरण कर रहे हैं। इस रुख के साथ सपा का समाप्तवादी पार्टी बनना तय है।

इससे पहले, बुधवार रात को भी प्रदर्शनकारी छात्रों के साथ तीसरी बार डीएम ने बातचीत की, लेकिन इस दौरान कोई हल नहीं निकला। बता दें, पीसीएस प्री और RO/ARO के अभ्यर्थी की मांग है कि आयोग नॉर्मलाइजेशन की प्रकिया को कैंसिल करे और दो-दो दिन की बजाए, दोनों एग्जाम को एक ही दिन में कराया जाए।

## एमबीए स्टूडेंट के हत्यारे कॉन्स्टेबल की कार सीसीटीवी में दिखी



मेरठ,14 नवंबर (एजेंसियां)। मेरठ के एमबीए स्टूडेंट प्रियांशु की हत्या से पहले का एक सीसीटीवी सामने आया है। वीडियो में प्रियांशु दुकान से मिठाई लेकर अपने दोस्त के साथ बुलट से कमरे की ओर निकलता दिखा। इसी बीच आगे मोड़ पर हत्यारोपी कॉन्स्टेबल वीरेंद्र सिंह पढियार आता हुआ नजर आता है।

कुछ ही देर बाद वह कार यू टर्न करके प्रियांशु की ओर बढ़ता है। आशंका जताई जा रही इसी मोड़ पर प्रियांशु ने हत्यारोपी से गाड़ी को तेज रफ्तार चलाने पर टोका होगा। इसके बाद आरोपी कार को वापस मोड़कर प्रियांशु के पास जाता है और छात्र की चाकू से गोदकर हत्या कर देता है।

फिलहाल अहमदाबाद पुलिस ने कॉन्स्टेबल वीरेंद्र सिंह पढियार को बुधवार को पंजाब से कॉन्स्टेबल को अरेस्ट कर लिया। वीरेंद्र सिंह अहमदाबाद की सरखेज पुलिस स्टेशन की इन्वेस्टिगेशन टीम में तैनात है। वीरेंद्र को पता था कि इस हत्या के बाद उसकी लोकेशन ट्रेस हो सकती है। इसलिए वह पंजाब भाग गया था। वहां एक होटल में रूम लेकर रहने लगा। इस दौरान मोबाइल भी स्विच ऑफ कर लिया था। लेकिन, टोल के सीसीटीवी और लोकेशन का पीछा करती हुई क्राइम ब्रांच पंजाब पहुंची और वहां से वीरेंद्र को पकड़ लिया। 10 नवंबर को बॉडी मिलने के बाद अहमदाबाद पुलिस कातिल को ढूंढ रही थी। अहमदाबाद क्राइम ब्रांच के मुताबिक, इसी कॉन्स्टेबल वीरेंद्र सिंह पढियार ने स्टूडेंट को मार डाला था। कॉन्स्टेबल उस दिन छुट्टी पर था। पूछताछ में उसने कबूल किया कि गाड़ी तेज चलाने पर स्टूडेंट ने मुझे टोका था। मना करने पर भिड़ा, यही मुझे पसंद नहीं आया। इसलिए मार डाला। मेरठ के तिरुपति गार्डन में रहने वाला प्रियांशु माइका से लेकर मेरठ में अपने दोस्तों के बीच सभी का प्यारा था।

वो कालोनी में बच्चों, बड़ों सबका फेवरेट था। कालोनी के सिक्योरिटी गार्ड से लेकर यहां आने वाली हाउस हेल्पर्स उसे याद करके रो रही हैं।

शहर से बाहर बनी तिरुपति गार्डन कालोनी में 50 घर हैं। लेकिन प्रियांशु की चर्चा हर घर में अक्सर ही होती। क्योंकि प्रियांशु ने अपने मीठे बिहेवियर और मासूमियत से हर किसी का दिल जीता हुआ था। शुरू से स्कूल में टॉपर रहा। सेंट मेरीज में टॉप किया। फुटबॉल में टीम कैप्टन रहा। कालोनी में हर किसी से बात करता।

कॉलोनी का हर इंसान प्रियांशु के जाने से दुखी है, हर व्यक्ति बस यही कह रहा है कि अभी दिवाली पर प्रियांशु हमसे मिला था कहता था इस बार जॉब लग जाएगी तब आऊंगा..लेकिन अब वो कभी नहीं आएगा हमें भरोसा नहीं हो रहा।

## यूपी में महिला अफसर को घेरा, मोबाइल तोड़ा

**खनन माफिया ने धमकाया- जान से मार डालेंगे; सीतापुर में रात 1 बजे छापा मारने गई थीं**

सीतापुर,14 नवंबर (एजेंसियां)। सीतापुर में महिला अफसर से खनन माफियाओं ने बदसलूकी की है। अफसर टीम के साथ अवैध खनन की सूचना पर छापेमारी करने पहुंची थीं। महिला अफसर अवैध खनन का वीडियो बनाने लगीं, तो खनन माफियाओं ने उन्हें घेर लिया। अफसर का मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। उनका धक्का देकर गिरा दिया। धक्का-मुक्की और बदसलूकी की। होमगार्ड्स ने अफसर को बचाने की कोशिश की तो उन्हें भी धमकाया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। महिला अफसर ने डीएम अभिषेक आनंद को पूरी घटना बताई। पुलिस ने महिला अफसर की शिकायत पर छेड़छाड़ सहित अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया। बुधवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है।



मामला रामकोट थाना इलाके का है। महिला अफसर ने शिकायत में कहा- मुझे 6 नवंबर की रात 1 बजे उन्हें धनईखेड़ा में अवैध खनन के इनपुट मिले। इसके बाद मैं होमगार्ड राधेलाल और महेंद्र सिंह के साथ मौके पर पहुंच गई। वहां जेसीबी, डंफर और ट्रैक्टर बिना नंबर प्लेट का खनन करते मिले। जेसीबी चालक से हमने कागज दिखाने को कहा। इससे पता चला कि डीएम ऑफिस से दिवाकर प्रसाद ने 26 अक्टूबर से 24 नवंबर तक के लिए गाटा संख्या 125 साधारण मिट्टी की खुदाई के लिए परमिशन ली है। मगर खुदाई दूसरी जगह हो रही थी। वो भी अंधेरे में।

जेसीबी चालक से पूछने पता चला कि यह अवैध खनन अरजीत शुक्ला उर्फ छोटे भइया नाम का व्यक्ति करवा रहा है। इसके बाद ड्राइवर ने अरजीत को फोन किया। कहा- मैडम जांच करने आई हैं। थोड़ी देर बाद अरजीत अलावा 4 और लोगों को लेकर मौके पर पहुंचा। मैं अपने मोबाइल से बात कर रही थी। उसने मेरे हाथ से मोबाइल छीन कर लिया और जमीन पर पटक दिया। हाथ पकड़कर मुझे धक्का दे दिया, जिससे मैं गिर गई।

## संघ कार्यकर्ता की जमीन नहीं नापी 1 आईएएस, 3 पीसीएस सस्पेंड

**6 साल तक लटकाए रखा; बीजेपी विधायक ने भी की थी शिकायत**

लखीमपुर-खीरी,14 नवंबर (एजेंसियां)। योगी सरकार ने 1 आईएएस और 3पीसीएस को सस्पेंड कर दिया है। इन अफसरों ने आरएसएस के एक सीनियर लीडर के खेत की पैमाइश 6 साल तक लटकाए रखा। बीजेपी विधायक स्कूटी से इसकी शिकायत करने एसडीएम के पास पहुंचे थे। इसका वीडियो वायरल होने के बाद अफसरों के खिलाफ एक्शन हुआ है। इसमें लखनऊ मंडल के अपर आयुक्त आईएएस घनश्याम सिंह, बाराबंकी के एडीएम (वित्त एवं राजस्व) अरुण कुमार, झांसी के नगर मजिस्ट्रेट विधेश सिंह और बुलंदशहर की एसडीएम रेनु शामिल हैं। सरकार ने अफसरों के खिलाफ जांच भी बैठा दी है। ये अफसर समय-समय पर लखीमपुर में तैनात रहे हैं।

नकहा ब्लाक के रिटायर्ड मास्टर विश्वेश्वर संघ से जुड़े हुए हैं। 6 साल पहले उन्होंने भूमि की पैमाइश कराने के लिए एसडीएम के यहां वाद दायर किया था। उनकी भूमि की मेड़बंदी तो करा दी गई थी, लेकिन कुछ दिन बाद ही विपक्षियों ने इसे तुड़वा दिया। 24 अक्टूबर को स्कूटी से एसडीएम से मिलने पहुंचे थे विधायक विश्वेश्वर ने इसकी शिकायत भाजपा विधायक योगेश वर्मा से की। इसके बाद 24 अक्टूबर को भाजपा विधायक स्कूटी से एसडीएम अश्वनी सिंह से मिलने पहुंच गए थे। इस दौरान पता चला कि अफसरों और लेखपाल ने आरएसएस लीडर से 5 हजार सुविधा शुल्क भी लिया, लेकिन जमीन पैमाइश नहीं की। इसका वीडियो भी सामने आया था। इसमें आरएसएस लीडर एसडीएम से कह रहे हैं- कानूनगो फोन नहीं उठाते। इसलिए उन्हें वॉट्सऐप किया कि विपक्षियों को कब बुलाएंगे। इसके बाद उन्होंने ये डॉक्यूमेंट वॉट्सऐप पर भेजा।

इसी बीच विधायक कहते हैं- 6 साल पुराना मामला है, 6 साल से पैमाइश चल रही है। विश्वेश्वर दयाल की भूमि की पैमाइश के लिए घूस में 5000 रुपये लिए गए, उसे वापस कराइए, तभी मैं यहां से जाऊंगा। इस दौरान अफसर असहज दिखाई दिए।

वीडियो सामने आने के बाद नियुक्ति विभाग से पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए। लखीमपुर खीरी डीएम से केस की पूरी रिपोर्ट मांगी। पूछा गया- 6 साल पहले यानी 2019 के बाद कौन-कौन एसडीएम, तसीलदार और नायब तहसील वहां तैनात रहा। उन्होंने पैमाइश के मामले में क्या कार्रवाई की। डीएम से मिली रिपोर्ट के आधार पर इन चारों अफसरों को इसके लिए दोषी पाया गया।

## बिहार में 52.83% वोटिंग, पिछले चुनाव से 6% कम

चौंकाने वाले परिणाम आ सकते हैं; एक्सपर्ट बोले-रिजल्ट से न किसी की सरकार बनेगी, न गिरेगी

पटना,14 नवंबर (एजेंसियां)। बिहार की 4 विधानसभा सीट तरारी, रामगढ़, बेलागंज और इमामगंज में बुधवार को उपचुनाव हुआ। इसके साथ ही 38 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया है। चुनाव आयोग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, चार सीटों पर बुधवार शाम 6 बजे तक कुल 52.83% फीसदी वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा बेलागंज में 56.21% मतदान हुआ। दूसरे नंबर पर रामगढ़ में 54.02%, तीसरे पर इमामगंज में 51.01% और चौथे पर तरारी में 50.10% मतदान हुआ है। हालांकि, 2020 के विधानसभा चुनाव में इन सीटों का कुल वोटिंग परसेंटेज 59.73 फीसदी था। 2020 के विधानसभा चुनाव की तुलना में इस बार ओवरऑल वोटिंग परसेंटेज में 6 फीसदी का अंतर दिख रहा है। साल 2020 में इन विधानसभा क्षेत्रों में वोटिंग परसेंटेज को देखें तो तरारी में 55.35 फीसदी, रामगढ़ में 63.84 फीसदी, इमामगंज में 58.60 फीसदी और बेलागंज में 61.14 फीसदी वोटिंग हुई थी।

## 21.4 किलो गांजा के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**अररिया की नगर थाना पुलिस ने अंतरजिला तस्कर को पकड़ा**

अररिया,14 नवंबर (एजेंसियां)। नगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर चार तस्कर के साथ 21 किलो 400 सौ ग्राम गांजा की बरामदगी की है। बरामदगी के बाद नगर थाना पुलिस ने चारों तस्कर को बुधवार को शाम मेडिकल जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी देते हुए नगर थाना पुलिस में शामिल एसआई अंकुर ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि किशनगंज के एक निवासी के साथ 03 सुपौल निवासी युवक गांजा का खेप लेकर जीरो माइल स्थित एक चाय दुकान में बैठे हुए हैं।

जैसे ही जीरो माइल स्थित उक्त चाय की दुकान में नगर थाना पुलिस को पहुंचते देख चारो तस्कर खड़ी बस की ओर बढ़ने लगे, इतने में पुलिस ने सभी युवक को धर दबोचा व तलाशी लेने लगे। जिसमें चारो युवक के पीठ बैग व हाथ झोला से अलग-अलग कुल 21.4 किलोग्राम गांजा की बरामदगी की गई। सभी युवक तस्कर को हिरासत में लेकर नगर थाना लाया गया। जहां आरोपितों की पहचान किशनगंज थाना क्षेत्र के कल्टीक्स चौक वार्ड संख्या 18 निवासी विनोद पासवान (25) पिता स्व विश्वनाथ पासवान सहित सुपौल जिला के भपटियाही थाना क्षेत्र अंतर्गत सरायगढ़ वार्ड संख्या 15 निवासी चंदन गुप्ता (20) पिता राजकुमार गुप्ता, बालू टोला रोड ब्रह्मस्थान चौक नगर परिषद वार्ड संख्या 16 निवासी संतोष कुमार गुप्ता (34) पिता चंद्र किशोर गुप्ता व भपटियाही थाना क्षेत्र के सरायगढ़ वार्ड संख्या 14 निवासी भोला प्रसाद गुप्ता (34) पिता देवनारायण गुप्ता के रूप में की गई है। मामले को लेकर थानाध्यक्ष मनीष कुमार रजक ने बताया कि चारों आरोपित नगर थाना पुलिस को देख भागने का प्रयास करने लगे।

## एक्ट्रेस अक्षरा सिंह को धमकी देने वाला गिरफ्तार

पटना,14 नवंबर (एजेंसियां)। भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह से 50 लाख की रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को पटना पुलिस ने बुधवार रात गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी रणवीर सेना के प्रमुख दिवंगत ब्रह्मेश्वर मुखिया का पोता कुंदन कुमार है, जो आरा जिले के नवादा थाना के कोपिरा गांव का रहने वाला है।



दानापुर एएसपी भानू प्रताप सिंह ने बताया कि 'गिरफ्तारी के समय वह शराब के नशे में था। जांच में पता चला कि उसके ही मोबाइल से अक्षरा सिंह को कॉल किया गया था, जिन दो नंबर से अक्षरा को कॉल किया गया, वो दोनों नंबर कुंदन के पिता सतेंद्र सिंह के नाम से रजिस्टर्ड है।' हालांकि, कुंदन ने ही अक्षरा सिंह को कॉल करके धमकी दी, इसे लेकर पुलिस अभी बच रही है। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। भानू प्रताप सिंह के मुताबिक, कुंदन पहले भी खगौल थाना से 2019 में शराब के मामले और आरा के नवादा थाना से 2023 में आर्म्स एक्ट मामले में जेल जा चुका है।

दरअसल, 11 नवंबर की रात अक्षरा सिंह के मोबाइल पर एक मिनट के अंदर दो अलग-अलग नंबर से कॉल आए, जिसमें उनसे 50 लाख की रंगदारी मांगी गई। कॉल करने वाले ने अक्षरा सिंह के साथ गाली-गलौज की और दो दिन के अंदर रुपए नहीं देने पर जान से मारने की धमकी भी दी। धमकी देने वाले ने कहा, 'दो दिन का वक्त है, 50 लाख रुपए भेजो। रकम नहीं मिली तो जान से मार देंगे।' वहीं, धमकी के बाद अक्षरा सिंह ने अपने एक करीबी को लिखित आवेदन देकर दानापुर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार कुंदन का आपराधिक इतिहास रहा है। वह खगौल थाने से 2019 में शराब पीने के मामले और आरा के नवादा थाना से 2023 में आर्म्स एक्ट में जेल जा चुका है।

## बलात्कारी पिता को आजीवन कारावास

**तो दुष्कर्म के प्रयास पर मुंहबोले नाना को 20 साल के लिए भेजा सलाखों के पीछे**

भागलपुर,14 नवंबर (एजेंसियां)। देश में प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंसेस एक्ट (पॉक्सो) को लागू हुए गुरुवार को 12 वर्ष पूरे हो जाएंगे। भागलपुर में भी दो पॉक्सो कोर्ट खुले जिनमें बलात्कारी पिता को आजीवन कारावास तो 60 साल के मुंहबोले नाना को बच्ची के यौन शोषण के प्रयास में 20 साल की सजा मिली। ऐसे मामलों में पॉक्सो कोर्ट बेटियों के साथ हिंसा, रेप के मामलों में दोषियों को सजा दिलाने में बाकी कोर्ट से आगे खड़ा नजर आता है। यही वजह है कि इन कोर्ट के विशेष लोक अभियोजक दावा करते हैं कि नाबालिगों के साथ अति गंभीर या जघन्य अपराधों से जुड़े केस कम होने लगे हैं।

भागलपुर के दोनों पॉक्सो कोर्ट की बात करें तो 2016 से 2022 के बीच नाबालिग के रेप, गैंगरेप, छेडछाड़, अपहरण या अन्य तरह के यौन शोषण के मामले ज्यादा आए। सजाएं भी इस दौरान ज्यादा हुईं। इससे भी पता चलता है कि पॉक्सो से जुड़े पेंडिंग केस कम हुए हैं। पॉक्सो के विशेष लोक अभियोजक और डीबीए के पूर्व अध्यक्ष जयकरण गुप्ता ने बताया कि एडीजे सात और पॉक्सो के जिस विशेष न्यायालय में वह हैं उसमें 252 केस ही लंबित हैं। यह पॉक्सो कोर्ट जिले में लगभग चार साल पहले खुला था।


इस कोर्ट में उनके अलावा विशेष लोक अभियोजक नरेश प्रसाद राम भी हैं। दूसरी ओर एडीजे छह और पॉक्सो के पहले कोर्ट के विशेष लोक अभियोजक शंकर जयकिशन मंडल ने बताया कि इस कोर्ट में लगभग 225 केस पेंडिंग हैं। उन्होंने कहा कि अब पॉक्सो से जुड़े बड़े मामले बहुत कम आ रहे हैं। खासकर शहरी क्षेत्र में ऐसे केस कम हुए हैं, इसलिए पेंडिंग भी कम हुआ है।

सबसे चर्चित केस में एक इशीपुर बाराहाट का है। यहां के एक शिक्षक ने अपनी नाबालिग छात्रा का रेप किया और सजा से बचने के लिए अपने पिता की मदद से मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाकर कोर्ट में जमा करा दिया।

केस बंद हो गया। बाद में बच्ची की मां को शिक्षक कहीं दिखा तो उसने बीडीओ की मदद ली। केस फिर से खुला और शिक्षक को 2023 में 14 साल की सजा मिली। भागलपुर शहरी क्षेत्र में ही एक पिता को अपनी बेटी का एक साल से रेप करने के मामले में इस वर्ष आजीवन कारावास हुआ। केस बच्ची की मां ने दर्ज कराया था।

वहीं एक बच्ची के मुंहबोले नाना को बच्ची का यौन शोषण करने पर 20 साल का जेल हुआ।

## रिश्वत लेते महिला दरोगा अरेस्ट



हाजीपुर (वैशाली),14 नवंबर (एजेंसियां)। वैशाली में एक महिला दरोगा को पटना की विजिलेंस टीम ने गुरुवार को 10 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। दरोगा पूनम कुमारी की पोस्टिंग हाजीपुर नगर थाना में है। उसकी गिरफ्तारी औद्योगिक थाना क्षेत्र के चाणक्य कॉलोनी से हुई है। दरअसल, एक केस के सिलसिले में महिला दरोगा ने एक व्यक्ति से 10 हजार रुपए ले रही थी। इसी दौरान वहां विजिलेंस की टीम पहुंच गई और दरोगा को उसके किराए के मकान से रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया गया।

महिला दरोगा की गिरफ्तारी का एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में एक शख्स कहता सुनाई दे रहा है कि अरे दरोगा है 10 हजार की घूस ली है इसने। इस दौरान दरोगा पूनम कहती है, 'मैडम कुछ ले लीजिए, प्लीज छोड़ दीजिए। मैंने कोई रिश्वत नहीं ली है।' दरोगा खुद को विजिलेंस टीम से छुड़ाने के लिए हर तरह-तरह के बहाने बनाने लगी। टीम की महिला सदस्यों के कान में रिक्वेस्ट करने लगी। कभी कह रही थी, 'मेरे घर का गैस ऑन है, बंद करने दीजिए'।

## शेल्टर होम की 3 बच्चियों की मौत

पटना,14 नवंबर (एजेंसियां)। पटना के आसरा गृह शेल्टर होम की 3 बच्चियों की मौत हुई है। इसे लेकर सरकार भी गंभीर दिख रही है। समाज कल्याण विभाग की अपर सचिव हरजीत कौर ने आसरा गृह और पीएमसीएच में गुरुवार को बच्चियों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि 'पीएमसीएचमें भर्ती सभी बच्चियों से मिलकर आए हैं। सभी ठीक हैं। एक महिला आईसीयू में भर्ती है। वहां सभी से बात हुई किसी ने कुछ नहीं बताया। यहां भी बच्चियों से बात हुई।' हल्दी और धनिया खराब होने की बात सामने आई है। मैंने बच्चियों से बात की उन्होंने कहा कि आना-पीना ठीक मिलता है। यहां कुल 45 बच्चियां हैं। अभी मुझे 24 बच्चियां मिलीं। बताया जा रहा है कि कुछ पास में ही गई हैं। बच्चियां मिसिंग नहीं हैं। 3-4 लड़कियां बिल्कुल ठीक हैं। बाकी को मानसिक बीमारी है।' पटना के पटेल नगर के आसरा गृह की तीसरी लड़की की पीएमसीएच में बुधवार की शाम 6 बजे मौत हुई। बच्ची की उम्र 12 साल थी। उसका इलाज शिशु विभाग में चल रहा था। अब तक पीएमसीएच में 3 लड़कियों की मौत हो चुकी है। 8 लड़कियों का इमरजेंसी वार्ड में इलाज चल रहा है। 2 को इलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है। एक की मौत 7 नवंबर, दूसरी की मौत 10 नवंबर को और तीसरी की मौत 13 नवंबर को हुई है। तीनों की उम्र 24, 6 और 12 साल थी। प्रशासन का दावा है कि खिचड़ी खाने के बाद सभी लड़कियों की तबीयत बिगड़ी थी।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

शुक्रवार, 15 नवंबर, 2024 5

सुविचार

परमात्मा में असीम शक्ति है, अगर आपके मन पर कोई बोझ है तो उसे परमात्मा को दे दो

## वेमुलावाड़ा मंदिर को प्राथमिकता पर विकसित किया जाना चाहिए : कोंडा सुरेखा

*> मंत्री ने वेमुलावाड़ा मंदिर मास्टर प्लान की समीक्षा की*



हैदराबाद, 14 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भविष्य की पीढ़ियों के लिए ऐतिहासिक वेमुलावाड़ा मंदिर को संरक्षित और संवर्धित करने के प्रयास में, तेलंगाना की बंदोबस्ती, वन और पर्यावरण मंत्री कोंडा सुरेखा ने गुरुवार को सचिवालय, हैदराबाद में एक व्यापक समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में बीसी और परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर, सरकारी सचेतक आदि श्रीनिवास, मनकोंदूर विधायक कव्वमपल्ली सत्यनारायण, बंदोबस्ती प्रमुख सचिव शैलजा राम अय्यर सहित अन्य ने भाग लिया।

मंत्री कोंडा सुरेखा ने अगले 100 वर्षों तक इसकी पवित्रता और संरचना को बनाए रखने की दृष्टि से मंदिर परिसर को पुनर्जीवित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विकास और पारंपरिक नियमों के पालन के बीच संतुलन बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। मंत्री ने अधिकारियों को विभिन्न बुनियादी ढांचे में सुधार पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक विस्तृत मास्टर प्लान तैयार करने का निर्देश दिया। मुख्य उपायों में दोपहिया और चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग क्षेत्र को अलग करना शामिल है, ताकि यातायात का सुचारू प्रवाह सुनिश्चित हो सके और भक्तों को बेहतर अनुभव मिल सके। मंदिर के विकास में सामुदायिक भागीदारी के महत्व को पहचानते हुए, मंत्री सुरेखा ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहलों और परोपकारी व्यक्तियों से दान के माध्यम से वित्तपोषण के अवसरों की खोज करने का सुझाव दिया।

उन्होंने व्यापक विकास परियोजना का समर्थन करने के लिए मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से अतिरिक्त धन का अनुरोध करने की अपनी योजना का भी संकेत दिया। मंदिर परिसर के भीतर आध्यात्मिक माहौल को बढ़ाने के लिए, मंत्री ने भक्तों के लिए एक शांत वातावरण बनाने के लिए साइन बोर्ड लगाने और नियमित रूप से भक्ति संगीत बजाने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने जोर देकर कहा कि आगंतुकों को होने वाली बाधाओं को कम करने के लिए चल रही किसी भी विकासात्मक गतिविधि की सावधानीपूर्वक योजना बनाई जानी चाहिए। मंत्री सुरेखा ने एक वैदिक विद्यालय की स्थापना और बिल्व वनम के विस्तार का भी आह्वान किया, दोनों का निर्माण आध्यात्मिक रूप से समृद्ध वातावरण में किया जाना है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने अधिकारियों को भक्तों की बढ़ती संख्या को बेहतर ढंग से समायोजित करने के लिए एक नए धर्मगुंडा (पवित्र स्नान क्षेत्र) की योजना बनाने का निर्देश दिया। मंत्री ने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की स्वीकृति से विमान गोपुरम पर सोने की परत चढ़ाने के लिए 16 किलो सोना और 6 करोड़ रुपये की निधि से एक महत्वपूर्ण पहल जल्द ही शुरू की जाएगी। स्थानीय देवताओं की मूर्तियों को गढ़ने और मंदिर की आध्यात्मिक पेशकश को बढ़ाने के लिए मौजूदा चांदी के भंडार का उपयोग करने की योजना भी बनाई जा रही है। बैठक में मंत्री ने भूमि अधिग्रहण और विस्तृत परियोजना नियोजन पर बंदोबस्ती अधिकारियों से एक व्यापक रिपोर्ट मांगी।

सत्र में वेमुलावाड़ा मास्टर प्लान पर एक गहन प्रस्तुति शामिल थी, जिसमें मंदिर के बुनियादी ढांचे और आध्यात्मिक वातावरण को बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रस्तावित विकासों की रूपरेखा दी गई थी। बंदोबस्ती आयुक्त हनुमंतु, सिरिसिला कलेक्टर संदीप कुमार झा, अतिरिक्त बंदोबस्ती आयुक्त कृष्णवेणी और ज्योति, वेमुलावाड़ा मंदिर ईओ विनोद, कांची कामकोटि पीठम सलाहकार गोविंदा हरि, स्थपति एन नायगन, मुख्य पुजारी उमेश और वास्तुकार सूर्यनारायण मूर्ति सहित अन्य लोग शामिल थे। मंत्री ने तीर्थयात्रा के अनुभव को समृद्ध बनाने के लिए आवश्यक आधुनिकीकरण करते हुए वेमुलावाड़ा मंदिर की आध्यात्मिक पवित्रता को बनाए रखने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

## नरेंद्र रेड्डी ने अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया

हैदराबाद, 14 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के लागाचर्ला गांव में सरकारी अधिकारियों पर हमले ने बड़ा मोड़ ले लिया है। लागाचर्ला में सरकारी अधिकारियों पर हमले के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए पूर्व विधायक पटनम नरेंद्र रेड्डी ने गुरुवार को तेलंगाना हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की है। अपनी याचिका में उन्होंने कहा कि बोमरसपेट थाने में दर्ज मामले से उनका कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारियों पर उन पीड़ितों ने हमला किया था, जिन्होंने टीएसआईआईसी के लिए अपनी जमीन खो दी थी। उन्होंने यह भी कहा कि निचली अदालत ने मामले की उचित जांच किए बिना ही उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया था।

उन्होंने कहा कि पुलिस ने इस बात का कोई सबूत पेश नहीं किया है कि वह घटना में शामिल थे और गिरफ्तारी को उचित ठहराने के लिए कोई कारण नहीं बताए, जैसा कि उनकी रिमांड डायरी में उल्लेख किया गया है। उन्होंने कहा, निचली अदालत को यह एहसास नहीं हुआ कि गिरफ्तारी अवैध और राजनीति से प्रेरित थी। पट्नम नरेंद्र रेड्डी ने रिमांड आदेश को रद्द करने के लिए उच्च न्यायालय से गुहार लगाई। याचिका पर सोमवार को सुनवाई होने की संभावना है। लागाचर्ला के लोगों ने भी लागाचर्ला हमले के मामले में एफआईआर को रद्द करने के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। ग्रामीणों ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर मामले को रद्द करने की मांग की थी, क्योंकि पुलिस ने उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ अवैध मामला दर्ज किया था। इस बीच, पुलिस ने कहा कि विकाराबाद जिले के लागाचर्ला गांव में अधिकारियों पर हमला योजनाबद्ध था। पुलिस ने यह भी कहा कि एक-एक करके सबूत सामने आ रहे हैं। सरकार द्वारा दी गई सूची में, सरकार ने निष्कर्ष निकाला है कि बीआरएस पार्टी के नेता सुरेश की जमीन थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि सुरेश और उनके भाई महेश के पास कोई जमीन नहीं है। जिला कलेक्टर ने कहा कि 42 आरोपियों में से 17 के पास जमीन नहीं है। आईजीपी सत्यनारायण ने कहा कि वे गांव के बाहर से आए और हमला किया। पुलिस ने पटनम नरेंद्र रेड्डी का मोबाइल फोन जब्त कर लिया है। उन्होंने फोन खोलने के लिए मजिस्ट्रेट से अनुमति मांगी है। पुलिस यह पता लगाने की प्रक्रिया में है कि सुरेश और नरेंद्र रेड्डी को किससे निर्देश मिले थे। पुलिस ने नरेंद्र रेड्डी की हिरासत मांगी है। पुलिस ने घटना की जांच तेज कर दी है। मामले में कुल 20 लोगों को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया गया है। पूर्व बीआरएस विधायक पटनम नरेंद्र रेड्डी को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। कोंडांगल कोर्ट ने उन्हें 27 नवंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पटनम नरेंद्र रेड्डी की रिमांड रिपोर्ट में केटीआर का नाम शामिल किया गया है। पुलिस के मुताबिक, नरेंद्र रेड्डी ने केटीआर से कई बार फोन पर बात की थी और कॉल डेटा भी बरामद किया है। दोनों के बीच बातचीत के कॉल रिकॉर्ड बरामद किए गए हैं।



मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू को उनकी जयंती पर अपने जुबली हिल्स आवास पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## एफटीसीसीआई प्रेसिडेंट कप का आयोजन

हैदराबाद, 14 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। फेडरेशन ऑफ तेलंगाना चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफटीसीसीआई), 106 साल पुराना सबसे जीवंत क्षेत्रीय चैंबर्स में से एक, ने एक नई पहल 'एफटीसीसीआई प्रेसिडेंट कप 2024' की शुरूआत की है। यह एक उद्योग क्रिकेट टूर्नामेंट है। पूर्व भारतीय कप्तान मोहम्मद अजहरूद्दीन ने आज रेड हिल्स स्थित एफटीसीसीआई कार्यालय में आयोजित एक संक्षिप्त समारोह में पोस्टर का अनावरण किया। पूर्व भारतीय कप्तान ने उपस्थित लोगों से बात करते हुए कहा, मैं हमेशा क्रिकेट के लिए मौजूद हूं। उद्योगों को कुछ छूट की जरूरत है और उद्योगों के लिए क्रिकेट लीग एक बहुत अच्छा विचार है। केवल व्यवसाय और कोई खेल नहीं, स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं है। उन्हें फिट रहने और सक्रिय जीवनशैली जीने के लिए खेल खेलने की जरूरत है। अजहरूद्दीन ने कहा कि क्रिकेट के साथ-साथ उन्हें अन्य खेलों के लिए भी टूर्नामेंट आयोजित करने चाहिए। हमें अन्य खेलों को भी प्रोत्साहित करने की जरूरत है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, क्रिकेट में असली रोमांस टेस्ट मैच है। उनके बिना, खेल अपनी चमक खो देगा।

## 21 वर्ष की आयु में विधायक का चुनाव लड़ने की अनुमति मिले : रेवंत रेड्डी

*✻ विधानसभा में प्रस्ताव लाने की मांग की ✻ सीएम ने बाल दिवस समारोह को संबोधित किया*

हैदराबाद, 14 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने विधायी कार्य मंत्री श्रीधर बाबू से 21 वर्ष की आयु में विधायक के रूप में चुनाव लड़ने के अधिकार के लिए तेलंगाना विधानसभा में प्रस्ताव लाने की अपील की है। गुरुवार को एलबी स्टेडियम में बाल दिवस समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक के रूप में चुनाव लड़ने के लिए 25 वर्ष की आयु सीमा है, लेकिन 21 वर्ष की आयु में विधायक के रूप में चुनाव लड़ने का अवसर प्रदान करने से युवाओं के लिए अवसर बढ़ेंगे और कई लोग राजनीति में आएंगे। तेलंगाना में चल रहे घरेलू सर्वेक्षण पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने छात्रों से कहा कि वे अपने माता-पिता से कहें कि जाति जनगणना में सहयोग करें और इसे सफल बनाएं।



रेवंत रेड्डी ने कहा, आबादी के अनुपात में आरक्षण पाने के लिए जाति जनगणना सर्वेक्षण कराया जाना चाहिए। सामाजिक न्याय प्राप्त करने के लिए जाति जनगणना सर्वेक्षण कराया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ ताकतें जाति जनगणना सर्वेक्षण के बारे में गलत प्रचार करने की साजिश कर रही हैं और इस प्रक्रिया को बाधित करने की कोशिश कर रही हैं। इन साजिशों को पलटने की जिम्मेदारी छात्रों की है। सर्वेक्षण किसी कल्याणकारी योजना को हटाने के लिए नहीं बनाया गया है। यह एक मेगा स्वास्थ्य जांच की तरह है। अगर कोई जाति जनगणना सर्वेक्षण में बाधा डालता है, तो लोगों को उसे देशद्रोही समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए तैयार है। उन्होंने सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों का दौरा करने और छात्रों की समस्याओं को जानने के लिए कहा। रेवंत रेड्डी ने कहा, कलेक्टरों को पहले ही सप्ताह में दो दिन सरकारी स्कूलों की निगरानी करने का आदेश दिया जा चुका है। छात्रावासों में दूषित भोजन की आपूर्ति करने वालों को सख्त सजा देने के निर्देश दिए गए हैं।

### गुरु नानक का जीवन और उनकी शिक्षाएं मानवता को प्रेरित करती रहेंगी : सीएम

हैदराबाद, 14 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने कहा कि गुरु नानक का विनम्रता और सेवा के साथ जीवन जीने का संदेश हमेशा अनुसरण करने योग्य है। मुख्यमंत्री ने सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक की जयंती के अवसर पर तेलंगाना के लोगों और सिख बिरादरी को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि गुरु नानक द्वारा प्रचारित प्रेम, करुणा और मानवता के संदेश हमें सही मार्ग पर ले जाएंगे और मार्गदर्शन करेंगे।

सीएम रेवंत रेड्डी ने याद दिलाया कि गुरु नानक ने हमें कड़ी मेहनत का सम्मान करने और अपनी कमाई दूसरों के साथ साझा करने की शिक्षा दी थी। मुख्यमंत्री ने लोगों को भाईचारे और सद्भाव में रहने, काम का सम्मान करने और आत्मसम्मान के साथ जीने का संदेश देने के लिए गुरु नानक की प्रशंसा की। सीएम ने कहा कि गुरु नानक का जीवन और उनकी शिक्षाएं मानवता को प्रेरित करती रहेंगी।

## राष्ट्रीय कला उत्सव-2024 का समापन

*विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित*







हैदराबाद, 14 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्रीय एकता पर्व के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कला उत्सव- 2024 का समापन समारोह बुधवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पिकेट, सिकंदराबाद में हुआ। कार्यक्रम में पी. अनुराधा (सहायक आयुक्त) केंद्रीय विद्यालय संगठन, हैदराबाद संभाग एवं मुख्य अतिथि के रूप में ब्रिगेडियर शैलेंद्र सिंह (अध्यक्ष) विद्यालय प्रबंधन समिति, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पिकेट ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इसके अलावा विद्यालय प्राचार्य रूपिंदर सिंह,अन्य केंद्रीय विद्यालयों से आए हुए समारोह के प्रभारी प्राचार्य गण, कार्यक्रम के प्रभारी, समन्वयक, प्रतिभागी छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

इस समारोह का शुभारंभ पी. अनुराधा (सहायक आयुक्त) केंद्रीय विद्यालय संगठन, हैदराबाद संभाग के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। तत्पश्चात पी. अनुराधा (सहायक आयुक्त) केंद्रीय विद्यालय संगठन, हैदराबाद संभाग द्वारा स्वागत संबोधन दिया गया। इसके बाद पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पिकेट के विद्यार्थियों के द्वारा आवाह्न गीत गाकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। तत्पश्चात पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पिकेट के छात्र एवं छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर मुख्य अतिथियों एवं पधारे हुए अन्य अतिथि गणों का स्वागत किया। कार्यक्रम के इसी क्रम में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पिकेट एवं केंद्रीय विद्यालय सीआरपीएफ के छात्र एवं छात्राओं ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। इस सुंदर स्वागत नृत्य प्रस्तुति देखने के बाद पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पिकेट एवं पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बेगमपेठ के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए। इन मनमोहक एवं विविधता में एकता दर्शाने वाली नृत्य प्रस्तुतियों के बाद विजेता प्रतिभागियों की घोषणा की जिसमें स्वर संगीत में जयपुर संभाग ने, वाद्य संगीत में कोलकाता संभाग ने, थिएटर में एर्नाकुलम संभाग ने एवं पारंपरिक कहानी वाचन में भी एर्नाकुलम संभाग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति-4, हैदराबाद की बैठक आयोजित

*> राजभाषा के बेहतर कार्यान्वयन के लिए 34 शील्ड प्रदान किए गए*

हैदराबाद, 14 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अध्यक्ष, नराकास-4, हैदराबाद एवं महाप्रबंधक/दक्षिण मध्य रेलवे अरुण कुमार जैन की अध्यक्षता में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति-4, हैदराबाद की बैठक गुरुवार को ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से संपन्न हुई।

इस बैठक में समिति के उपाध्यक्ष एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी व प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/दक्षिण मध्य रेलवे ए.के. श्रीवास्तव, समिति के सदस्य सचिव-1 एवं उप महाप्रबंधक (राजभाषा) डॉ. श्याम सुंदर साहु तथा सदस्य सचिव-II एवं राजभाषा अधिकारी एम.के.नागराजु, अनिर्बान कुमार विश्वास, उप निदेशक (कार्यान्वयन)/ राजभाषा, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (दक्षिण), बेंगलूरू और सुश्री बेला, उप निदेशक/हिंदी शिक्षण योजना तथा नराकास-4 के सदस्य कार्यालयों के प्रमुख एवं उनके प्रतिनिधि उपस्थित थे। इनके अलावा कई सदस्य कार्यालयों के प्रमुख एवं प्रतिनिधि ने ऑनलाइन माध्यम से इस बैठक में सहभागिता की। उपाध्यक्ष ने बैठक में सभी सदस्यों का स्वागत किया और महाप्रबंधक, दक्षिण मध्य रेलवे के तत्त्वावधान में नराकास के सफल संचालन के लिए सभी सदस्य कार्यालयों से सहयोग की आशा की। सदस्य सचिव डॉ. साहु ने पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि करते हुए तिमाही प्रगति रिपोर्ट, नराकास द्वारा आयोजित किए जानेवाले विभिन्न कार्यक्रमों पर चर्चा की। सदस्य कार्यालयों के प्रतिनिधियों ने चर्चा के दौरान अपने विचार व्यक्त किया। अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक/ दक्षिण मध्य रेलवे ने अपने भाषण में कहा कि समिति की बैठकों में सदस्य कार्यालयों के प्रमुखों की उपस्थिति अनिवार्य है। इस बैठक में कार्यालयों के प्रमुखों के भाग न लिए जाने को ससंदीय राजभाषा समिति काफी गंभीरता से लेती है।



अतः अगली बैठक में सभी कार्यालय प्रमुख अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने का कष्ट करें। गृह मंत्रालय के विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देने के लिए अध्यक्ष ने उप निदेशक (कार्यान्वयन)/राजभाषा, की सराहना की। बैठक में वर्ष 2023-24 के दौरान राजभाषा के बेहतर कार्यान्वयन के लिए विभिन्न वर्गों में 25 शील्ड, सर्वश्रेष्ठ गृह पत्रिकाओं के लिए 9 शील्ड प्रदान किए गए।

## तेलंगाना में फार्मा और लाइफ साइंस प्रगति पर : मंत्री श्रीधर बाबू

*> दस महीनों में 35 हजार करोड़ का निवेश, 51 हजार नौकरियां सृजित*



हैदराबाद, 14 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। गुरुवार को हैदराबाद के हाईटेक सिटी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक बड़ी घोषणा करते हुए, तेलंगाना के आईटी और उद्योग मंत्री, दुदिल्ला श्रीधर बाबू ने फार्मा और लाइफ़ साइंस क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों को रेखांकित किया। भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में सरकार के एक साल पूरा होने से पहले ही महत्वपूर्ण निवेश आकर्षित करने में राज्य की सफलता पर प्रकाश डाला गया।

मंत्री ने खुलासा किया कि पिछले दस महीनों के भीतर, 35,820 करोड़ के समझौते किए गए हैं, जिसमें 141 घरेलू और बहुराष्ट्रीय कंपनियां फार्मास्यूटिकल्स, वैक्सीन, जीवन विज्ञान और अनुसंधान क्षेत्रों में उत्पादन शुरू कर रही हैं या इसकी तैयारी कर रही हैं। कई कंपनियों ने पहले ही विस्तार और उत्पादन शुरू कर दिया है, जिससे सीधे तौर पर 51,086 नौकरियां सृजित होने और अप्रत्यक्ष रूप से अतिरिक्त 150,000 लोगों को रोजगार के अवसर मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना अब भारत में नई दवा और जीवन विज्ञान कंपनियों के लिए एक केंद्रीय केंद्र है, जिसकी योजना केवल एक केंद्र के बजाय कई स्थानों पर फार्मा क्लस्टर स्थापित करने की है। सतत विकास सुनिश्चित करने के लिए, इन उद्योगों में सभी सुविधाओं को अपने विनियामक अनुमोदन के भाग के रूप में उन्नत प्रदूषण नियंत्रण प्रणालियों को लागू करना आवश्यक है। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग पर प्रकाश डालते हुए, श्रीधर बाबू ने घोषणा की कि जापान की टेकेडा लाइफ साइंसेज, हैदराबाद स्थित बायोलॉजिकल ई के साथ साझेदारी में, वैश्विक वितरण के लिए सालाना 50 मिलियन खुराक डेंगू के टीके का उत्पादन करने के लिए तैयार है। इसके अतिरिक्त, दुनिया की सबसे बड़ी पशु स्वास्थ्य सेवा कंपनी ज़ोइटिस ने हैदराबाद में एक वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) शुरू किया है। दुनिया की अग्रणी जैव प्रौद्योगिकी कंपनी, एमजेन ने भी हाल ही में अपने जीसीसी का उद्घाटन किया, जिसमें 3,000 पेशेवर काम करेंगे। मंत्री ने इन समझौतों को सुविधाजनक बनाने के लिए मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की अमेरिकी यात्रा को श्रेय दिया, जिसके कारण ज़ोइटिस और एमजेन द्वारा इन जीसीसी की तेजी से स्थापना हुई। मंत्री श्रीधर बाबू ने खुलासा किया कि आने वाले दो महीनों में, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी तेलंगाना में परिचालन स्थापित करने के इच्छुक कंपनियों के लिए भूमि आवंटन और प्रोत्साहन प्रदान करने के उद्देश्य से एक नीति की घोषणा करेंगे, विशेष रूप से लाइफ़ साइंस क्षेत्र में।

## पुलिस ने पूर्व विधायक लिंगैया से पूछताछ की

हैदराबाद, 14 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद में जुबली हिल्स पुलिस ने पूर्व विधायक से थिरुपथन्ना को किए गए फोन कॉल के बारे में पूछताछ की। उन्होंने पूर्व विधायक से मदन रेड्डी और राजकुमार के फोन कॉल की टैपिंग के बारे में भी पूछा, जो नकीरेकल विधायक वेमुला वीरसम के अनुयायी हैं। पुलिस ने लिंगैया के सामने यह रिपोर्ट रखी कि दोनों के फोन टैप किए गए थे। मुनुगोडु विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के दौरान पैसे की आवाजाही पर भी सवाल उठाए गए। सुनवाई के बाद चिरुमरती लिंगैया ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, मैंने पुलिस द्वारा पूछे गए सभी सवालों के जवाब दिए हैं। मैंने पहले भी एडिशनल एसपी थिरुपथन्ना से बात की थी, क्योंकि वह मेरे परिचित अधिकारी थे। थिरुपथन्ना ने मदन रेड्डी और राजकुमार के फोन नंबर मांगे। मैंने अपने अनुयायियों से उन दोनों के फोन नंबर लिए और उन्हें दे दिए। मैंने थिरुपथन्ना से पूछा कि दोनों के नंबरों की जरूरत क्यों है। लेकिन थिरुपथन्ना ने मुझसे पूछा कि मुनुगोडु चुनावों के दौरान प्रचार कैसे किया जा रहा था। मैंने फोन पर कहा कि प्रचार अच्छा चल रहा था और यह झूठ है कि विधायक वेमुला वीरेशम के अनुयायियों के फोन टैप किए गए थे। कुछ लोग मीडिया में मुझे बेनकाब करने के इरादे से मेरे खिलाफ गलत टिप्पणियां कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जब भी उन्हें मामले में पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा।



स्वतंत्र वार्ता

शुक्रवार, 15 नवंबर- 2024

# प्याज से बनेगा जीत का जायका

महाराष्ट्र में 288 सदस्यीय विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 20 नवंबर को है, जबकि मतगणना 23 को। लेकिन इस चुनाव में प्याज के मुद्दे ने जिस तरह से अपना बडा मुद्दा बनाया है उससे चुनाव लड रहे नेताओं का जायका खराब होने का डर है। शायद इसीलिए दोनों दलों के नेताओं में जुबानी जंग जारी है। चुनाव निकट आने के साथ ही महाराष्ट्र में प्याज की आहट सुनाई देने लगी है। कभी ईरान या मध्य एशिया से पूरी दुनिया में खानपान को जायकेदार बनाने वाले इसी प्याज ने लोकसभा चुनाव, 2024 में बीजेपी को रुला दिया था। जहां एनडीए गठबंधन को प्याज वाले इलाकों की कुल 13 सीटों में 12 सीटें गंवानी पड़ी थीं। मगर,अब प्याज की यह फिजां बदल रही है। लंबे समय से प्याज की कीमतें बढ़ी हुई हैं। जहां दिल्ली-एनसीआर में 60 रुपए किलो प्याज बिक रही है तो देश के कई इलाकों में इसने सैकडा मार दिया है। ऐसे में सवाल है कि क्या प्याज एनडीए गठबंधन को मायूस करेगी या उसे जीत का जायका दिलाएगी। लगभग दो महीने पहले सितंबर में केंद्र सरकार ने प्याज और बासमती चावल पर निर्यात प्रतिबंध हटा दिया था, जिसे महाराष्ट्र और हरियाणा में विधानसभा चुनावों से पहले किसानों को लुभाने के प्रयास के रूप में देखा गया। इस फैसले का असर इस साल अक्टूबर में हरियाणा चुनाव में तब देखा गया, जब बीजेपी ने बड़ी जीत हासिल कर ली। कुछ ऐसा ही कयास महाराष्ट्र चुनाव में भी लगाया जा रहा है। निर्यात पाबंदी से भले ही देश में प्याज में दाम लगातार महंगे ही रहे हों, मगर विदेशों में प्याज भेजने से महाराष्ट्र के प्याज बेल्ट को छप्पर फाड कमाई हो रही है। 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में भाजपा प्याज उत्पादक इलाकों की कुल 35 विधानसभा सीटों में से 13 निर्वाचन क्षेत्रों में जीतकर यहां लीडर के रूप में उभरी थी। उसके बाद 6 सीटें अविभाजित शिवसेना, 7 पर अविभाजित राकांपा, 5 पर कांग्रेस और दो पर एआईएमआईएम की जीत हुई। दो सीटें निर्दलियों ने जीती थीं। लोकसभा चुनाव में महायुति को डिंडोरी, नासिक, बीड, औरंगाबाद, अहमदनगर और धुले समेत 'प्याज बेल्ट' की 13 में से 12 सीटों पर हार का सामना करना पड़ा। इस बेल्ट की प्याज उत्पादन में हिस्सेदारी तकरीबन 34% है। महाराष्ट्र की प्याज श्रीलंका, यूएई और बांग्लादेश में खपाई जाती है। महाराष्ट्र में अक्टूबर में भारी बारिश के कारण लाल प्याज की नई फसल आने में देरी हुई, जिससे पूरे देश में खासकर दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ जैसे उत्तर भारतीय राज्यों में आपूर्ति की कमी हो गई है। अगले 15-20 दिनों में प्याज की नई फसल आने से घरेलू कीमतों में गिरावट आने की संभावना है। महाराष्ट्र में प्याज चुनावी राजनीति में बड़ा मुद्दा इसलिए बन जाती है, क्योंकि यह एक साल में तीन चक्रों में प्याज उगाई जाती है। महाराष्ट्र में किसान अपनी खरीफ प्याज की फसल जून और जुलाई में बोते हैं। अक्टूबर से इसकी कटाई करते हैं। वहीं, देर से आने वाली प्याज सितंबर और अक्टूबर के बीच बोई जाती है और दिसंबर के बाद काटी जाती है। प्याज की सबसे महत्वपूर्ण रबी की फसल दिसंबर से जनवरी तक बोई जाती है और मार्च के बाद काटी जाती है। बताया जाता है प्याज की पैदाइश मध्य एशिया में हुई थी। वहीं, कुछ शोध में कहा गया है कि प्याज सबसे पहले ईरान और पश्चिमी पाकिस्तान में उगाई गई थी। अधिकांश शोधकर्ता इस बात से सहमत हैं कि प्याज की खेती 5000 साल या उससे अधिक समय से की जा रही है। चूकि प्याज इससे भी हजारों साल पहले से विभिन्न क्षेत्रों में जंगली रूप में उगती थी। चरक संहिता में भी प्याज से इलाज करने की बातें लिखी हुई हैं।

# बीजेपी और शिंदे की साजिशों से नहीं उबर पाए उद्धव



अजय कुमार


महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों ने मुख्यमंत्री के चेहरे पर सस्पेंस बनाए रखा है, जिसके कारण सियासी हलकों में चर्चा तेज हो गई है कि चुनाव परिणामों के बाद सत्ता की जद्दोजहद में एक नया सियासी खेल शुरू होगा। दो साल से अधिक समय पहले एकनाथ शिंदे द्वारा शिवसेना में किए गए तख्तापलट और सत्ता में कब्जे के बाद से उद्धव ठाकरे को जो राजनीतिक चोटें लगी थीं, वे आज भी ताजी हैं। इसके साथ ही भाजपा द्वारा दी गई चोट भी उद्धव नहीं भूल पाए हैं। इसी कारण उद्धव ठाकरे ने भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में वापसी की किसी भी संभावना पर पूरी तरह से विराम लगा दिया है। सियासत में दोस्ती और दुश्मनी हमेशा स्थायी नहीं होती, यह परिस्थितियों और अवसरों के अनुसार बदलती रहती है।

2019 के विधानसभा चुनाव में उद्धव ठाकरे ने भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था, लेकिन चुनाव परिणामों के बाद उनका भाजपा से नाता टूट गया था। उद्धव ने भाजपा के साथ अपनी लगभग ढाई दशक पुरानी दोस्ती को तोड़ा और अपने वैचारिक विरोधियों कांग्रेस और एनसीपी के साथ हाथ मिलाकर सरकार बनाई थी। इसके बाद 2022 में एकनाथ शिंदे ने 38 शिवसेना विधायकों के साथ बगावत की और भाजपा के समर्थन से सरकार बना ली। एकनाथ शिंदे और अजीत पवार के साथ भाजपा ने गठबंधन किया, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनावों में न तो कोई करिश्मा दिखाया और न ही अपनी सीटों को बचा पाई। विधानसभा चुनावों के दौरान इस बात की चर्चा थी कि नतीजे आने के बाद उद्धव ठाकरे सियासी पाला बदल सकते हैं और महाविकास अघाड़ी (MVA) का साथ छोड़कर फिर से भाजपा के साथ आ सकते हैं। लेकिन उद्धव ठाकरे ने इन सभी अटकलों पर पूरी तरह से विराम लगाते हुए कहा कि भाजपा के साथ जाने का अब कोई सवाल नहीं है। उद्धव ठाकरे ने भाजपा द्वारा उन्हें दिए गए राजनीतिक जख्मों को लेकर खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि बहुत सारे लोग बातें करते हैं, लेकिन मैं भाजपा के साथ क्यों जाऊं? भाजपा ने मेरी पार्टी शिवसेना को तोड़ा और उसे खत्म करने की कोशिश की। उद्धव ने आगे कहा कि भाजपा ने उनके परिवार को बदनाम करने का भी काम किया, उनके बेटे आदित्य ठाकरे को भी निशाना बनाया और यहां तक कि उन्हें 'नकली संतान' कहा गया।

उन्होंने सवाल किया कि क्या नरेंद्र मोदी ऐसे 'नकली संतान' के साथ हाथ मिलाएंगे? उद्धव ठाकरे ने आरोप लगाया कि भाजपा ने उनके पिता, बालासाहेब ठाकरे और माता जी का भी अपमान किया। उन्होंने कहा कि यह अपमान नरेंद्र मोदी ने किया है। हालांकि, उद्धव ने आगे इस बारे में ज्यादा बात करने से मना कर दिया और कहा कि उनके बारे में बात करना व्यर्थ है क्योंकि भाजपा को तो भगवान ने भेजा है। उद्धव ने याद दिलाया कि भाजपा ने सबसे पहले 2014 में उनका साथ छोड़ा था, जब वह भी हिंदू थे और गठबंधन टूटने की वजह भी भाजपा थी, न कि उन्होंने उसे तोड़ा था। 2019 में भी भाजपा ने उन्हें धोखा दिया और फिर उन्हें फंसाया, लेकिन उद्धव ने भाजपा को छोड़ने का फैसला किया क्योंकि उनके लिए सत्ता का खेल ही सबसे महत्वपूर्ण था।

उद्धव ने भाजपा को 'सत्ता जिहाद' और 'कुर्सी जिहाद' का नाम देते हुए कहा कि ऐसे में वह भाजपा के साथ कभी नहीं जाएंगे।

# महाराष्ट्र : चुनाव के पहले ही मुख्यमंत्री पद की जोड़ तोड़ शुरू !



अशोक भाटिया

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की लड़ाई बीजेपी नेतृत्व वाले एनडीए और कांग्रेस के अगुवाई वाले इंडिया गठबंधन के बीच मानी जा रही है। सत्ता पर काबिज होने के लिए भले ही दो गठबंधन के बीच मुकाबला हो, लेकिन सत्ता की बागडोर किसके हाथ यानी मुख्यमंत्री की कुर्सी पर कौन विराजमान होगा, यह तस्वीर न ही एनडीए में साफ है और न ही इंडिया गठबंधन में। ऐसे में सवाल उठता है कि महाराष्ट्र चुनाव के नतीजे आने के बाद दोनों गठबंधन में शामिल दल चुनाव बाद भी अपने पुराने गठबंधन के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखेंगे या फिर 2019 की तरह होगा खेला? गौरतलब है कि अभी कुछ दिनों पहले तक ऐसा लग रहा था कि बीजेपी ने महाराष्ट्र में बिहार वाले प्रयोग पर ही चलने का इरादा कर लिया है। यानि कि अधिक विधानसभा सीट जीतने के बावजूद सहयोगी पार्टी के नेता को प्रदेश में मुख्यमंत्री पद की कुर्सी देना। बिहार और महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी ने कम से कम अपने सहयोगी पार्टी को अपना बड़ा भाई बनाने में कोई संकोच नहीं किया। महाराष्ट्र में पहले ऐसा समझा जा रहा था कि विधानसभा चुनाव में शायद अधिक सीट आने पर बीजेपी फिर से महाराष्ट्र का दायित्व पूर्व सीएम और वर्तमान डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस को सौंप देगी। पर पिछले दिनों एक पीसी में प्रदेश के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने यह कबूल किया कि महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ही होंगे। इसके बाद राजनीतिक गलियारों में यह मानकर लोग चल रहे थे कि हो सकता है कि एकनाथ शिंदे प्रदेश के अगले नीतीश कुमार बन जाएं। पर अचानक एक बार फिरसे देवेंद्र फडणवीस के नाम का घोड़ा महाराष्ट्र में दौड़ने लगा है। शीर्ष भाजपा नेतृत्व और पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा यह कहा जाने लगा है कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद के लिए फडणवीस का नाम उपयुक्त है। ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि यदि राज्य में महायुति को बहुमत मिलता है तो भाजपा बड़े भाई की भूमिका निभाने के लिए उत्सुक है ताकि उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की राज्य के शीर्ष पद पर वापसी सुनिश्चित कराई जा सके। बहरहाल केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने यह साफ कर दिया है कि एकनाथ शिंदे मौजूदा मुख्यमंत्री हैं, लेकिन महाराष्ट्र नए सीएम का फैसला चुनाव नतीजे आने के बाद एनडीए में शामिल तीनों दल बैठक कर तय करेंगे। इससे एक बात को साफ हो गई है कि शिंदे एनडीए के सीएम चेहरा नहीं है और चुनाव के बाद बीजेपी अपने पत्ते खोलेगी। इसी तरह की स्थिति इंडिया गठबंधन में भी है, कांग्रेस, उद्धव ठाकरे और शरद पवार मिलकर जरूर चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन सीएम पद को लेकर तीनों ही दलों की नजर है। शरद पवार ने भी अमित शाह की तर्ज पर कहा है कि गठबंधन नतीजे आने के बाद सीएम पद के लिए विमर्श करेगा। हालांकि, शिवसेना और एनसीपी के सूत्रों का मानना है कि गठबंधन की राजनीति में कई कारक मुख्यमंत्री के चेहरे को निर्धारित करते हैं, खासकर जब कोई भी पार्टी अकेले बहुमत नहीं पाती है। इसलिए अभी इस चर्चा में जाने का कोई मतलब नहीं है। वैसे भी महाराष्ट्र की राजनीति पिछले 5 सालों में जैसे बदल रही है उसके हिसाब से कुछ भी कहा नहीं जा सकता है। सीएम पद के लिए फडणवीस को मिल रहे समर्थन के दो कारण गिनाएं जा रहे हैं। जैसा कि 2014 से 2019 के बीच जब फडणवीस राज्य के शीर्ष पर थे, महाराष्ट्र ने राज्य के कल्याण के लिए साहसिक प्रशासनिक कदम उठाए। पार्टी और आरएसएस में बहुत से लोग मानते हैं कि उन्हें 2022 में एनडीए में शिवसेना को समायोजित करने के लिए मुख्यमंत्री का पद त्यागना पड़ा था और अगर भाजपा अपनी ताकत के बलबूते सत्ता में लौटती है, तो ऐसा फिर नहीं होना चाहिए। 2019 विधानसभा चुनावों से पहले, जब भाजपा अविभाजित शिवसेना के साथ गठबंधन में थी, उसने फडणवीस को मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश किया गया। उनके राज्यव्यापी जनादेश यात्रा के बाद भाजपा ने 105 सीटे जीत लीं। इसके साथ ही बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी, जबकि अविभाजित शिवसेना 56 सीटों पर सिमट गई। बाद में उद्धव ठाकरे ने अविभाजित एनसीपी और कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार बनाई। इस गठबंधन के विद्रोह के सूत्रधार के रूप में फडणवीस को देखा गया था। फडणवीस ने शिंदे को मुख्यमंत्री बनाने की पेशकश की और कहा कि वे सरकार में शामिल नहीं होंगे।बाद में उन्हें उपमुख्यमंत्री के रूप में शामिल होने के लिए पार्टी ने मना लिया। इन दो कारणों के चलते पार्टी में लोग चाहते हैं कि उन्हें फिर से वो सम्मान दिलाया जाए। हीं, कांग्रेस के अगुवाई वाले इंडिया गठबंधन में भी सीएम चेहरे को लेकर तस्वीर साफ नहीं है। 2019 के चुनाव बाद बीजेपी के साथ गठबंधन तोड़ने के चलते शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे को भले ही एनसीपी-कांग्रेस ने सीएम बनाने की शर्त मान ली थी, लेकिन लोकसभा चुनाव के बाद स्थिति बदल गई है। कांग्रेस महाराष्ट्र में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, जिसके चलते उसकी महत्वाकांक्षा जागी है। शरद पवार ने जिस तरह से लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन किया है, उसके चलते सत्ता पर राज करने की इच्छा जागी है। उद्धव ठाकरे खेमा पहले ही सीएम पद की लालसा जाहिर कर चुका है और मानकर चल रहा है कि इंडिया गठबंधन अगर चुनाव जीतकर सत्ता में लौटता है तो उद्धव ठाकरे सीएम बनेंगे। ऐसे में सवाल उठता है कि जिस उद्धव ठाकरे ने इसी सवाल पर राजग से नाता तोड़ लिया, वह एमवीए की सरकार में दूसरे दल के नेतृत्व को स्वीकार करेंगे। ऐसे में फिर एक बार सियासी उथल-पुथल की संभावना बनती दिख रही है, लेकिन नतीजे के ऊपर सब निर्भर करेगा। सीएम पद के अलावा भी कई मतभेद दोनों गठबंधन में शामिल दलों के बीच हैं। उद्धव ठाकरे की शिवसेना शुरू से ही हिंदुत्व के एजेंडे पर रही है और सावरकर को अपने आदर्श नेताओं में गिनती रही है। सीएम पद के लिए उद्धव ठाकरे ने अपने विरोधी विचारधारा वाली कांग्रेस और एनसीपी के साथ मिलकर सरकार बना ली थी, लेकिन वैचारिक टकराव बना रहा। सावरकर के सवाल पर मतभेद हैं। उद्धव ठाकरे नहीं चाहते कि राज्य में कांग्रेस सावरकर के खिलाफ बोले, जबकि कांग्रेस सावरकर को लेकर बीजेपी और संघ पर सवाल खड़े करती रही। हिंदुत्व और सावरकर के मुद्दे पर कांग्रेस और उद्धव खेमे में अलग-अलग सुर सामने आते रहते हैं। वहीं, दूसरी ओर एनडीए गठबंधन में शामिल अजित पवार की एनसीपी का भी वैचारिक स्तर पर बीजेपी के साथ मेल नहीं खा रहा। बीजेपी अपने सियासी एजेंडे के मुताबिक हिंदुत्व की बिसात पर नैरेटिव सेट कर रही है। सीएम योगी से लेकर पीएम मोदी तक बंटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे, नेक रहेंगे और सेफ रहेंगे की बात कर रहे हैं तो अजित पवार को यह सूट नहीं कर रहा है। अजित पवार ने साफ कह दिया है कि महाराष्ट्र में इस तरह की सांप्रदायिक विभाजन वाली राजनीति नहीं चलने वाली है। अजित पवार ने कहा कि महाराष्ट्र में शिवाजी महाराज और डॉ। अंबेडकर की विचारधारा चलेगी। यही नहीं बीजेपी के विरोध के बावजूद अजित पवार ने नवाब मलिक को टिकट ही नहीं दिया बल्कि पूरे दमखम के साथ उनके साथ खड़े हैं। इस तरह महाराष्ट्र में बने बेमेल गठबंधन चुनाव के बाद भी एक रहेंगे यह बड़ा सवाल है। सूत्रों का यह भी कहना है कि लोकसभा में मिली हार के बाद भाजपा कोर्स करेक्शन मोड में दिखाई देगा । भले ही फडणवीस सीएम पद के प्रमुख दावेदार हो सकते हैं, फिर भी महायुति के भीतर अपनी पसंद को अपने सहयोगियों पर थोपने के लिए भाजपा को सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरना होगा। बल्कि सबसे बड़ी पार्टी के साथ-साथ इस तरह का बहुमत लाना होगा कि शिवसेना या एनसीपी के साथ बीजेपी को सौदेबाजी न करनी पड़े। पत्रकार विनोद शर्मा कहते हैं कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो अजित पवार और शिंदे अपनी शक्ति दिखा सकते हैं। क्योंकि महाविकास अघाड़ी किसी भी शर्त पर सरकार बनाने के लिए तैयार होगी। एनसीपी तो अभी से इस तरह व्यवहार कर रही है जैसे चुनाव बाद किसी के साथ जाने को स्वतंत्र है।

# नानक नाम चढ़दी कला-तेरे भाणे सरबत का भला



सुनील कुमार महला

आज का दिन बहुत ही पावन व शुभ दिन है। आज सिक्खों का पावन प्रकाश-पर्व भी है। वैसे तो, हिंदूओं के सबसे बड़े त्योहार दीपावली को प्रकाश-पर्व के रूप में जाना जाता है, लेकिन गुरू नानक देव जी की जयंती को भी हम सभी प्रकाश-पर्व के रूप में ही मनाते हैं। वास्तव में,सिख धर्म का सबसे बड़ा व पवित्र पर्व है-'प्रकाश-पर्व'। आज 15 नवंबर 2024 का दिन है और कार्तिक पूर्णिमा भी है, जब हम सभी इस पावन पर्व को बड़े ही हर्षोल्लास , खुशी और उमंग से मना रहे हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि इस बार गुरू नानक देव जी की 555वीं जयंती हम सभी मना रहे हैं।

गुरू नानक देव जी ने अपनी शिक्षाओं से समाज में ज्ञान का प्रकाश फैलाया था और आज जरूरत इस बात की है कि हम उनसे कुछ शिक्षा ग्रहण करें और अपने जीवन में उनकी शिक्षाओं/उपदेशों और आदर्शों को आत्मसात करें, अपने जीवन में उन्हें उतारें । गुरू नानक देव जी सिख धर्म के संस्थापक और पहले गुरु थे, जिन्हें महान दार्शनिक, समाज सुधारक, धर्म सुधारक, सच्चे देशभक्त और योगी के रूप में याद किया जाता है। उन्होंने पूरे जीवन समाज में भाईचारे, आपसी सौहार्द, सद्भावना और ईश्वर के प्रति प्रेम और हमेशा सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया था। हम सभी यह जानते हैं कि गुरूद्वारों में वैसे तो हमेशा भजन-कीर्तन, लंगर आदि का आयोजन किया जाता है लेकिन प्रकाश-पर्व के दिन हमें विशेष भक्ति और सेवा का अनोखा, अद्भुत संगम देखने को मिलता है। मैंने स्वयं श्री हरमंदिर साहिब (गोल्डन टेंपल) अमृतसर में सिखों में अनोखा सेवाभाव, सहृदयता को नजदीक से देखा और महसूस किया है।

गुरूद्वारा साहिब से कोई भी व्यक्ति कभी भूखा-प्यासा नहीं जा सकता है और वहां आगंतुकों के लिए रहने-खाने से लेकर तमाम सुविधाएं उपलब्ध हैं। वहां कोई भी किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं देखने को मिलता, अमीर हो या गरीब, असहाय हो या बेसहारा सभी को वहां प्रश्रय मिलता है। श्री हरमंदिर साहिब में जाकर जिस शांति, संयम और सुकून का अनुभव आपको होता है, शायद कहीं ओर नहीं होता। आप वहां जाकर जीवन की तमाम आपाधापी, भाग-दौड़ से दूर हो जाते हैं और एक अलग ही सुकून और चैन महसूस करते हैं। गुरू नानक देव जी ने कहा था कि हमें नाम जपना चाहिए, ईमानदारी और मेहनत से अपना कर्म (कीरत) करना चाहिए और जो कुछ भी हमने अपनी मेहनत और ईमानदारी से कमाया है, उसे हमें दूसरों के साथ बांटना और जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। गुरू नानक देव जी ने इसे 'वंड छकना' कहा था। आज भी धर्म के नाम पर समाज में अनेक अंधविश्वास और कर्मकांड फैले हुए हैं। मनुष्य सद्गुणों की ओर कम



उल्टे-सीधे कर्मों की ओर अग्रसर हो रहा है। गुरू नानक देव जी ने कहा था कि , 'अवल अल्लाह नूर उपाइया कुदरत के सब बंदे/ एक नूर से सब जग उपजया को भले को मंदे।' अर्थात इसका मतलब यह है कि सब बंदे ईश्वर के पैदा किए हुए हैं, न तो हिंदू कहलाने वाला रब की निगाह में कबूल है, न मुसलमान कहलाने वाला। रब की निगाह में वही बंदा ऊंचा है जिसका अमल नेक हो, जिसका आचरण सच्चा हो। आज मनुष्यों के मन मैले-कुचैले हैं। हर तरफ ईर्ष्या, द्वेष, क्रोध, अहंकार, काम-वासना और धन की अपार लालसा है। मनुष्य पदार्थ की ओर आकर्षित है। पदार्थ ही उसके लिए सबकुछ है। पदार्थ से ऊपर कुछ भी नहीं है।

गुरू नानक देव जी कहा करते थे कि सिर्फ शरीर को धोने से कभी मन साफ नहीं हो सकता है। न ही हिंदू बड़ा है और न ही मुसलमान। सभी ईश्वर के बंदे ही हैं। हमें समाज में पाखंडियों और पाखंड से दूर रहने की जरूरत है। आज भी हमारे समाज में असामाजिक कुरूतियां और अनेक बुराईयां सिर उठाती नजर आतीं हैं। समाज में असमानता, छुआछूत व अराजकता का वातावरण आज भी है। समाज में नशाखोरी, हिंसा की प्रवृत्ति लगातार बढ़ रही है। आपसी सौहार्द,मेल-मिलाप, प्रेम-प्यार, सद्भावना जैसे कल की बातें हो चलीं हैं। हम अपनी संस्कृति, अपने संस्कारों से लगातार दूर भागते चले जा रहे हैं। मानवीय मूल्यों का आज निरंतर पतन हो रहा है। बुजुर्ग आधुनिकता की दौड़ में पीछे छूट गए हैं। आज बुजुर्गों का सम्मान, आदर-सत्कार पहले जैसा नहीं रहा है। इंटरनेट, सोशल नेटवर्किंग साइट्स के इस दौर में हमारे संस्कार,हमारी सनातन संस्कृति को जैसे जंग सा लग गया है और हम पाश्चात्य संस्कृति की ओर अग्रसर हो रहे हैं। एक-दूसरे की टांग खींचने का जमाना आ गया है।

हमें यह याद रखना चाहिए कि निर्दयता, नफरत, निंदा, क्रोध और ईर्ष्या आदमी को कहीं का भी नहीं छोड़ते हैं। ऐसे मैले-कुचैले हृदयों में कभी भी ईश्वर का वास नहीं हो सकता है। माता- पिता, बुजुर्गों की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। आज मनुष्य को धर्मांधता से दूर रहकर नेक व सत्य की राह पर चलने की जरूरत है। व्यक्ति को ईमानदारी से हमारी सनातन व महान् संस्कृति, धार्मिक एवं आध्यात्मिक सामंजस्य के माध्यम से मानवतावादी संसार को तवज्जो देनी चाहिए। वास्तव में, मानवतावादी दृष्टिकोण ही सच्चा दृष्टिकोण है। आज सामाजिक सद्भाव बहुत जरूरी है। कहा भी गया है -'नानक नाम चढ़दी कला-तेरे भाणे सरबत का भला।' तात्पर्य यह है कि प्रभु भक्ति द्वारा मानवता को ऊंचा उठाकर सबका भला करना ही सिख धर्म का पवित्र उद्देश्य है।

# ट्रम्प की जीत पर भारत में खुशी क्यों ?

राजेश कुमार पासी

अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत पर भारत का एक बड़ा वर्ग बहुत खुश दिखाई दे रहा है। इसके विरोध में कुछ लोग सवाल उठा रहे हैं कि डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति बने हैं भारत के नहीं तो ये लोग क्यों खुशी मना रहे हैं । देखा जाए तो उनकी बात सही है क्योंकि अमेरिका का राष्ट्रपति कौन बनता है इससे हमें क्या फर्क पड़ता है। वास्तव में बात इतनी सीधी नहीं है, डोनाल्ड ट्रंप को भारत हितेषी माना जाता है इसलिए उनकी जीत पर खुशी मनाई जा रही है। यह बात भी सही है कि हर नेता के लिए उसका देश सबसे पहले होता है और वो अपने देश के हितों के लिए ही काम करता है। डोनाल्ड ट्रंप की नीति भी अमेरिका फर्स्ट की है जिसकी घोषणा वो कई बार कर चुके हैं । ट्रम्प एक व्यापारी हैं और आर्थिक मामलों में वो अपने देश के हितों से कोई समझौता नहीं करते हैं। अमेरिका-भारत व्यापार में भारत फायदे में है तो उनकी नजरें भारत पर टेढ़ी हो सकती हैं। उनके पिछले कार्यकाल का अनुभव बताता है कि उनके कार्यकाल में अमेरिका अंतरराष्ट्रीय मामलों में अपनी जिम्मेदारियों से पीछे हट रहा था । अपने इस नए कार्यकाल में वो अपना पुराना रवैया दोहरा सकते हैं।

अमेरिका विश्व का एकलौता सुपरपावर है, वहां पर सत्ता परिवर्तन का असर पूरी दुनिया पर पड़ता है । दुनिया के हर देश पर इसका असर पड़ता है क्योंकि अमेरिका विश्व की सबसे बड़ी आर्थिक, राजनीतिक और सैन्य शक्ति है । भारत पर इसका बड़ा असर इसलिए पड़ेगा क्योंकि भारत तेजी से बढ़ती आर्थिक शक्ति है और अमेरिका का महत्वपूर्ण सहयोगी है । भारत अमेरिका का महत्वपूर्ण रणनीतिक भागीदार है लेकिन जो बाइडेन के राज में दोनों देशों के रिश्तों में थोड़ी खटास आ गयी है । प्रधानमंत्री मोदी के डोनाल्ड ट्रंप से अच्छे रिश्ते हैं इसलिये उम्मीद की जा सकती है कि उनके आने के बाद दोनों देशों के बीच आई तल्खी कुछ कम होगी।

डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने पर दुनिया को उनसे सबसे ज्यादा उम्मीद युद्ध के मोर्चे पर है। चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने घोषणा की है कि वो सत्ता में आने के बाद रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास युद्ध को तत्काल रुकवा सकते हैं और दुनिया में कोई नया युद्ध शुरू नहीं होने देंगे। देखा जाए तो ये इतना आसान नहीं लगता जितना वो कह रहे हैं लेकिन एक उम्मीद जरूर दिखाई दे रही है। वास्तव में रुस-यूक्रेन युद्ध में अमेरिका खुलकर यूक्रेन की मदद कर रहा है और उसने इस मुद्दे पर रूस से कोई बातचीत नहीं की है। देखा जाए तो दुनिया की दो सबसे बड़ी सैन्य शक्तियों के बीच संवादहीनता होना विश्वशांति के लिए बहुत खतरनाक है। डोनाल्ड ट्रंप के आने से यह उम्मीद पैदा हो गई है कि वो रूस से बात करके युद्ध को खत्म कर सकते हैं और दूसरी तरफ यूक्रेन को सैन्य मदद रोक कर उसे शांति समझौते के लिए मजबूर कर सकते हैं। ट्रम्प ईरान के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करके इजराइल-हमास युद्ध को बंद करवा सकते हैं क्योंकि बिना ईरान की मदद के हमास युद्ध नहीं कर सकता।

भारत की तीव्र आर्थिक प्रगति के लिए जरूरी है कि दुनिया में शांति बनी रहे और इसलिए ट्रम्प का आना भारत के लिए एक खुशखबरी है। बाइडेन प्रशासन ने भारत को रूस से तेल खरीदने से रोकने की बड़ी कोशिश की लेकिन भारत ने अमेरिका की बात नहीं मानी और रूस से लगातार तेल खरीदता रहा। इसके कारण अमेरिका और यूरोपीय देश भारत से नाराज रहे। भारत के लिए जरूरी है कि रूस यूक्रेन युद्ध जल्दी से जल्दी खत्म हो जाए । ऐसे ही इजराइल और ईरान के बीच कभी भी सीधे संघर्ष का डर लगातार बना हुआ है। भारत के लिए मुसीबत यह है कि जहां इजराइल भारत का एक अच्छा मित्र है तो दूसरी तरफ ईरान से भी अच्छे रिश्ते हैं। उम्मीद की जा रही है कि डोनाल्ड ट्रंप सत्ता में आने के बाद ईरान के प्रॉक्सी हमास, हिज़्बुल्लाह और हुतियो के खिलाफ बड़ी कार्यवाही कर सकते हैं जिससे कि ईरान-इजराइल के बीच सीधे युद्ध की संभावना खत्म हो जाये। ट्रम्प ईरान के खिलाफ भी बड़ी कार्यवाही कर सकते हैं जिससे कि युद्ध की संभावना ही खत्म हो जाये । इसके लिए ट्रम्प रूसी राष्ट्रपति पुतिन से भी बात कर सकते हैं क्योंकि ईरान को रूस का समर्थन मिल रहा है । यही कारण है कि भारत में एक बड़ा वर्ग डोनाल्ड ट्रंप की जीत से खुश दिखाई दे रहा है ।

ट्रम्प रूस के खिलाफ इतने सख्त नहीं हैं जितना जो बाइडेन थे। जो बाइडेन रूस को अमेरिका का सबसे बड़ा शत्रु मानते हैं इसलिए वो रूस को यूक्रेन के साथ युद्ध में फंसाकर कमजोर कर रहे थे। वैश्विक राजनीति में रूस भारत का सबसे विश्वसनीय दोस्त है और अमेरिका सबसे बड़ा रणनीतिक सहयोगी है। भारत दोनों देशों में से किसी से भी रिश्ते नहीं बिगाड़ सकता इसलिये दोनों के साथ एक संतुलन बनाकर चल रहा था।

# कोचिंग या घर में बैठकर बाल 'नोचिंग'



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

अक्सर कई लोग घर में बैठकर पढ़ने के कई फायदे गिनवाते हैं। पहले लोग किताबों को पढ़ने के लिए लाइब्रेरी जाते थे, अब उन्हें अपने घर की चार दीवारों में कैद होकर पढ़ाई करने की चूल मची है। यह तो जैसे 'वाट्सप पर कचरा ज्ञान' की तरह हो गया, जहाँ सब कुछ ऑनलाइन है, लेकिन असली ज्ञान तो अब सिमटकर चार दीवारों के भीतर ही रह गया है। जरा सोचिए, घर में पढ़ाई करने के फायदे हैं कि नहीं। यहाँ कोई पेरेंट्स की ढीली नज़र से बचकर खुद को एक चतुर विद्यार्थी समझता है। लेकिन घर की खामोशी के साथ-साथ उसमें छुपी आवाज़ें भी होती हैं। जैसे, रसोई में मम्मी की चम्मचों की खनक, छोटे भाई-बहन की लड़ाई, पत्नी की शॉपिंग डिमांड या फिर पापा का टीवी देखते हुए चिढ़ाने वाला कमेंट। ये सभी घर में पढ़ाई की मानसिकता को इतनी गंदगी में लपेट देते हैं कि ज्ञान की किरणें भी धुंधला जाती हैं। पढ़ाई का असली मजा तो कोचिंग में होता है। वहाँ चालाक, धूर्त, कमीने, अच्छे, बुरे, मतलबी, लोगों को बातों में उलझाकर खुद छिपकर पढ़ने वाले, गप्प हाँकने वाले तो शातिर दिमाग वाले मिल जाते हैं। इससे ज्ञान का मिक्स्ड अनुभव परीक्षा की असली तैयारी करवाता है। घर पर बैठकर ध्यान कहीं और लगाए किताबों के पन्ने पलटते हुए कभी पड़ोस, तो कभी रसोई तो कभी टीवी की आवाज़ में डूबने के भरपूर अवसर होते हैं। अब घर में एक ही जगह पर बैठकर किताबों से आंखें चुराने की चुनौती रहती है। जैसे ही आप किताब खोलते हैं, आपके चारों ओर से आपकी मां की पुकार सुनाई देने लगती है—"बेटा, ये ला दो, वो बर्तन धो दो।" ऐसे में घर में पढ़ाई करना एक कठिन चुनौती बन जाती है। आप जितना ध्यान किताब पर लगाना चाहें, मम्मी का म्यूजिक चार्ट आपके ध्यान को बिखेर देता है। इसके अलावा, घर में पढ़ाई करने के नुकसान और भी हैं। कोचिंग की तरह कोई कांपिटिटर मित्र नहीं होता, जिससे आप चर्चा कर सकें। चुपचाप पढ़ाई करने से ज्ञान का प्रवाह ठहर जाता है। ऐसे में विचारों की अदला-बदली नहीं हो पाती। कोचिंग में जिन दोस्तों से छोटे-छोटे सवालों के ऑप्शन के लिए झगड़ा हो सकता था, आज उसी की कमी महसूस होती है। वहाँ जो बौद्धिक युद्ध हो सकता था, वह घर में बैठकर नहीं होता। ज्ञान के इस महासंग्राम में कांपिटिटर दोस्तों की बातें, बहसें और हंसी-मजाक जरूरी हैं। फिर बात आती है इंटरनेट की, जो इस 'घर में पढ़ाई' के खेल में एक नासमझ खिलाड़ी बनकर आता है। सर्च करते-करते आप ऐसे कई पन्नों पर पहुँच जाते हैं, जिनका पढ़ाई से कोई संबंध नहीं होता।

# कार्तिक पूर्णिमा पर राशि अनुसार करें शुभ काम



शुक्रवार, 15 नवंबर को कार्तिक मास खत्म हो रहा है। इस दिन कार्तिक पूर्णिमा (त्रिपुरारी पूर्णिमा), देव दीपावली और गुरु नानक जयंती मनाई जाएगी। इस पर्व पर देवी-देवताओं की पूजा-पाठ के साथ ही दान-पुण्य, नदी स्नान, तीर्थ दर्शन करने की परंपरा है।

कार्तिक पूर्णिमा पर भगवान सत्यनारायण की कथा भी पढ़ी-सुनी जाती है। माना जाता है कि इस दिन किए गए धर्म-कर्म से अक्षय पुण्य मिलता है, जिसका शुभ असर जीवनभर बना रहता है। देव दीपावली पर राशि अनुसार शुभ काम करेंगे तो कुंडली के कई ग्रह दोषों का असर कम हो सकता है, ऐसी मान्यता है। जानिए मेष से मीन तक, सभी 12 राशियों के लिए शुभ काम...

**मेष-** इस राशि के लोग भगवान विष्णु और महालक्ष्मी को खीर का भोग लगाएं और पूजा के बाद खीर का दान करें।

**वृष-** वृष राशि के लोग दूध और दही शिवलिंग पर चढ़ाएं। पूजा के बाद दही और दूध से बनी मिठाई का दान करें।

**मिथुन-** ये लोग किसी मंदिर में छायादार पेड़ का पौधा लगाएं और इस पौधे की देखभाल करने का संकल्प लें।

**कर्क-** कर्क राशि के लोग गन्ने का रस शिवलिंग पर चढ़ाएं। पूजा के बाद अलग-अलग फलों के रस का दान करें। पानी वाले नारियल का दान भी कर सकते हैं।

**सिंह-** सिंह राशि के लोग दिन की शुरुआत सूर्य को जल चढ़ाकर करें। सूर्य पूजा के बाद तिल-गुड़ का दान करें।

**कन्या-** इस राशि के लोग देव सरस्वती की पूजा करें। पूजा के बाद छोटी-छोटी कन्याओं को पढ़ाई की चीजें जैसे कॉपी, पेन का दान करें।

**तुला-** ये लोग जल, दूध और घी से शिवलिंग का अभिषेक करें। पूजा के बाद दूध और घी का दान करें।

**वृश्चिक-** वृश्चिक राशि के लोग शिवलिंग पर लाल गुलाल, लाल फूल और लाल मसूर की दाल चढ़ाएं। पूजा के बाद मसूर की दाल का दान करें।

**धनु-** इन लोगों को शिव पूजा में बेसन के लड्डू का भोग लगाना चाहिए। पूजा के बाद चने की दाल और पीले कपड़ा का दान करें।

**मकर और कुंभ-** इन दोनों राशियों के लोग हनुमान जी के सामने दीपक जलाकर हनुमान चालीसा का पाठ करें। पूजा के बाद काले तिल, सरसों तेल और नीले कपड़ों का दान करना चाहिए।

**मीन-** ये लोग शिव जी की विधिवत पूजा करें और पूजा में भगवान को मौसमी फल चढ़ाएं। पूजा के बाद रोगियों को फल और दवाओं का दान करें।

# कार्तिक पूर्णिमा पर बन रहे हैं 2 अद्भुत संयोग



कार्तिक पूर्णिमा 15 नवंबर शुक्रवार को मनाई जाएगी। कार्तिक पूर्णिमा पर अबकी बार कई ऐसे दुर्लभ संयोग बन रहे हैं कि जिनमें पूजा करने और स्नान दान करने से आपको व्रत का संपूर्ण फल प्राप्त होगा और आपकी सुख समृद्धि में कई गुना वृद्धि होगी। कार्तिक पूर्णिमा का व्रत बहुत शास्त्रों में बहुत ही महत्वपूर्ण बताया गया है। आइए आपको बताते हैं कार्तिक पूर्णिमा पर इस बार कौन से संयोग बन रहे हैं और पूजा का शुभ मुहूर्त क्या है।

हिंदू धर्म में कार्तिक पूर्णिमा का विशेष महत्व माना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु के साथ ही भगवान शिव की पूजा भी की जाती है। पौराणिक कथाओं में बताया गया है कि इस दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर नामक राक्षस का अंत करके उसके आतंक से देवताओं को मुक्ति दिलाई थी, इसलिए इस दिन का महत्व शास्त्रों में बहुत खास माना जाता है। इस दिन पूजापाठ के साथ दानपुण्य करने और गंगास्नान करने से आपके सभी कष्ट दूर होते हैं और कई जन्मों के पापों का अंत होता है। कार्तिक पूर्णिमा पर अबकी बार दो बहुत ही शुभ संयोग बने हैं। इस शुभ योग में पूजा करने से आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी और साथ ही विशेष पुण्य की प्राप्ति होगी।

### बने हैं ये शुभ योग

कार्तिक पूर्णिमा पर चंद्रमा और मंगल एक-दूसरे की राशि में रहेंगे और राशि परिवर्तन योग बनाएंगे। इस दिन गजकेसरी योग और बुधादित्य राजयोग भी बन रहा है। साथ ही इस बार कार्तिक पूर्णिमा पर शश राजयोग का शुभ संयोग भी बना हुआ है। इसी दिन शनि अपनी राशि कुंभ में मार्गी होने जा रहे हैं। इन सभी शुभ योग में किया जाने वाला दान सौ गुना फल देगा और आपके सभी आर्थिक कष्ट दूर होंगे।

### पूजा का शुभ मुहूर्त

पंचांग के अनुसार, कार्तिक पूर्णिमा की शुरुआत 15 नवंबर को सुबह 06 बजकर 19 मिनट पर होगी और समापन 16 नवंबर को सुबह 02 बजकर 58 मिनट पर होगा। इस दिन स्नान और दान का शुभ मुहूर्त सुबह 04 बजकर 58 मिनट से सुबह 5 बजकर 51 मिनट तक रहेगा। भगवान सत्यनारायण की पूजा का समय सुबह 06 बजकर 44 मिनट से सुबह 10 बजकर 45 मिनट तक रहेगा।

कार्तिक पूर्णिमा पर सत्यनारायण कथा के लाभ कार्तिक पूर्णिमा पर सत्यनारायण भगवान की पूजा करने का खास महत्व पद्म पुराण में बताया गया है। इस दिन घर में सत्यनारायण भगवान की कथा करवाने आपके घर की शुद्धि होती है और हर प्रकार की नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होती है। इस दिन सत्यनारायण भगवान की पूजा करने से ग्रहदशा अनुकूल होती है और आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। साथ ही मां लक्ष्मी आपसे प्रसन्न होकर परिवार के सभी लोगों को तरक्की प्रदान करती हैं।

# देव दीपावली : काशी में 'देवत्व' के 'दीप'

**सुरेश गांधी**

ऋतुओं में श्रेष्ठ शरद ऋतु, मासों में श्रेष्ठ 'कार्तिक मास' तथा तिथियों में श्रेष्ठ पूर्णमासी यानी प्रकृति का अनोखा माह तो है ही, त्योहारों, उत्सवों के माह कार्तिक की अंतिम तिथि देव-दीपावली है। इसे देवताओं का दिन भी कहा जाता है। तभी तो 'देव दीपावली' का उत्साह चारों ओर दिखाई देता है। कार्तिक माह के प्रारंभ से ही दीपदान एवं आकाश दीप प्रज्जवलित करने की व्यवस्था के पीछे धरती को प्रकाश से आलोकित करने का भाव रहा है, क्योंकि शरद ऋतु से भगवान भास्कर की गति दिन में तेज हो जाती है और रात में धीमी। इसका नतीजा यह होता है कि दिन छोटा होने लगता है और रात बड़ी, यानी अंधेरे का प्रभाव बढ़ने लगता है। इसलिए इससे लड़ने का उद्यम है दीप जलाना। दीप को ईश्वर का नेत्र भी माना जाता है। इस दृष्टिकोण से भी दीप प्रज्जवलित किए जाते हैं। इस माह की पवित्रता इस बात से भी है कि इसी माह में ब्रह्मा, विष्णु, शिव, अंगिरा और आदित्य आदि ने महापुनीत पर्वों को प्रमाणित किया है।

इस माह किये हुए स्नान, दान, होम, यज्ञ और उपासना आदि का अनन्त फल है। इसी पूर्णिमा के दिन सायंकाल भगवान विष्णु का मत्स्यावतार हुआ था, तो इसी तिथि को अपने अत्याचार से तीनों लोकों को दहला देने वाले त्रिपुरासुर का भगवान भोलेनाथ ने वध किया। उसके भार से नभ, जल, थल के प्राणियों समेत देवताओं को मुक्ति दिलाई और अपने हाथों बसाई। काशी के अहंकारी राजा दिवोदास के अहंकार को भी नष्ट कर दिया। इसीलिए काशीपुराधिपति बाबा विश्वनाथ का एक नाम त्रिपुरारी भी है। त्रिपुर नामक राक्षस के मारे जाने के बाद देवताओं ने स्वर्ग से लेकर काशी में दीप जलाकर खुशियां मनाई। तभी से तीनों लोकों में न्यारी काशी में कार्तिक पूर्णिमा के दिन देवताओं के दीवाली मनाने की मान्यता है। देवताओं ने ही इसे देव दीपावली नाम दिया। कहते है उस दौरान काशी में भी रह रहे देवताओं ने दीप जलाकर देव दीपावली मनाई। तभी से इस पर्व को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर काशी के घाटों पर दीप जलाकर मनाया जाने लगा।

इस दिन घाटों की दीए देखने के बाद अद्भुत, अकल्पनीय, अविस्मरणीय, आनंदकारी, अद्वितीय, अलौकिक, अविश्वसनीय जैसे सारे शब्द कम पड़ जाते है। इस दिन कार्तिक पूर्णिमा के चंद्र की धवल किरणें गंगा की लहरों पर अठखेलियां कर रही होती है तो दूसरी ओर घाट की सीढ़ियों पर रोशन लाखों दीपक सितारों की फौज के धरती पर उतर आने का आभास करा रहे होते है। गंगा की लहरों पर हिचकोले खाती, सजी-धजी नौकाओं पर यह नजारा देखते ही बनता है। अस्सी से राजघाट के बीच घाट पर बने मठों, मंदिरों, महलों, शिवालों हर लम्हा रंग बदलती रोशनी और घाटों पर जगमग दीपकों के प्रतिबिंब गंगा की लहरों पर पड़ कर अलग ही चित्र संरचना कर रहे होते है। गंगा की लहरों पर पड़ती सतरंगी रोशनी, जलधारा पर तैरती चंद्रकिरणों के साथ मिल कर कभी जल में तैरते इंद्रधनुष सी नजर आती तो कभी गंगा की लहरों पर प्रवाहित हो रहे दीप गंगा में आकाश गंगा जैसी अनुभूति करा रहे होते है। ऐसा प्रतीत होता मानो सुनहरी और रूपहली किरणधाराएं सैकड़ों टिमटिमाते सितारों के बीच से होकर गुजर रही है।

### देवताओं ने तोड़ा दिवोदास का अहंकार

कहते है त्रिपुर नामक राक्षस द्वारा काशी में उस दौरान देवताओं के प्रवेश पर प्रतिबंद्ध लगा दी गई थी। उसके अहंकार से देवलोक में हड़कंप मच गया। कोई देवी-देवता काशी आने को तैयार नहीं होता। कार्तिक मास में पंच गंगा घाट पर गंगा स्नान के महात्म्य का लाभ का लेने के लिए चुपके से साधुवेश में देवतागण आते थे और गंगा स्नान कर चले जाते। उसी दौरान त्रिपुर नामक दैत्य को भगवान भोलेनाथ ने वध किया और अहंकारी राजा दिवोदास के अहंकार को नष्ट कर दिया। राक्षस के मारे जाने के बाद देवताओं की विजय स्वर्ग में दीप जलाकर देवताओं ने खुशी मनाई। इस दिन को देवताओं ने विजय दिवस माना और खुशी मनाने के लिए कार्तिक पूर्णिमा पर काशी आने लगे। काशी आने का मकसद भगवान भोलेनाथ की महाआरती करने का भी था। वैसे भी कार्तिक पूर्णिमा को चन्द्रमा का सम्पूर्ण प्रकाश पृथ्वी को प्रकाशित करता है तथा दीयों के प्रकाश के साथ मिल कर एक विशेष प्रकार की आभा उत्पन्न करता है, जिससे देवताओं की प्रसन्नता की अनुभूति होती है। ऐसा लगता है मानो पृथ्वी पर पूरा दिव्यलोक उतर आया हो। देव दीपावली दीयों से



संबंधित उत्सव है। काशी के गंगाघाट पर इस दिन सूर्यास्त के पश्चात चन्द्रोदय के समय गंगा की विधिवत पूजा एवं अर्चना के साथ दीये जलाएं जाते हैं। परम्परा और आधुनिकता का अदभुत संगम देव दीपावली धर्म परायण महारानी अहिल्याबाई से भी जुड़ा है। अहिल्याबाई होल्कर ने प्रसिद्ध पंचगंगा घाट पर पत्थरों से बना खूबसूरत हजारा दीप स्तंभ स्थापित किया था जो इस परम्परा का साक्षी है। आधुनिक देव दीपावली की शुरुआत दो दशक पूर्व यहीं से हुई थी।

### पंचगंगा घाट

बनारस में पंचगंगा घाट का संबंध कबीर से है। इसी घाट की सीढ़ियों पर लेटे कबीर को स्वामी रामानंद ने राम नाम की दीक्षा दी थी। कार्तिक पूर्णिमा के दिन इसी घाट पर देव दीपावली मनाई जाती है। इस घाट पर अहिल्याबाई होल्कर द्वारा बनवाया गया खूबसूरत हजारा दीप स्तंभ भी है। सीढ़ियों पर जगमगाते हजारों दीप और सामने कलकल बहती गंगा की लहरों पर थिरकते छोटे-छोटे दीप मन को बांध लेते थे। लेकिन 1980 के दशक से देव दीपावली का विस्तार होता गया और अब यह आयोजन सभी चौरासी घाटों तक फैलकर महोत्सव का रूप ले चुका है। अब इसकी ख्याति सात समुद्र पार तक पहुंच गई है। काशी में केवल घाटों पर ही नहीं, बल्कि नगर के तालाबों, कुंओं एवं सरोवरों पर भी देव दीपावली मनाई जाने लगी है। गंगा पार रेती पर भी लाखों दीपक जलाए जाते हैं।

### ज्योतिरुप में प्रकट हुए थे महादेव

मान्यता है कि इस दिन देवताओं का पृथ्वी पर आगमन होता है। इस प्रसन्नता के वशीभूत दीये जलाये जाते हैं। वैसे भी इस समय प्रकृति विशेष प्रकार का व्यवहार करती है, जिससे सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है और वातावरण में आह्लाद एवं उत्साह भर जाता है। इससे समस्त पृथ्वी पर प्रसन्नता छा जाती है। पृथ्वी पर इस प्रसन्नता का एक खास कारण यह भी है कि पूरे कार्तिक मास में विभिन्न व्रत-पर्व एवं उत्सवों का आयोजन होता है, जिनसे पूरे वर्ष सकारात्मक कार्य करने का संकल्प मिलता है। इसके अलावा नरकासुर को मारने के लिए अग्नि और वासुदेव के यहयोग से जन्मे कार्तिकेय को देवसेना का अधिपति बनाया गया, लेकिन भाई गणेश का विवाह कर दिये जाने के कारण कार्तिकेय रुष्ट होकर कार्तिक पूर्णिमा को ही क्रौंच पर्वत पर चले गए थे। कार्तिकेय के स्नेह माता पार्वती एवं पिता महादेव वहां ज्योति रुप में प्रकट हुए थे। छह कृतिकाओं से पालित कार्तिकेय के क्रौंच पर्वत पर जाने और ज्योति रुप में पार्वती-महादेव के प्रकट होने को यदि योगशास्त्र के कसौटी पर कसा जाएं, तो षटचक्रो, यथा-मूलाधार, स्वाधिष्ठान,, मणिपुर, अनाहत, विशुद्ध और आज्ञा चक्र को जाग्रत कर सहस्त्रार में ज्योति रुप में शिवा-शिव का प्रकट होना परिलक्षित होता है। कार्तिक पूर्णिमा को भगवान शंकर द्वारा त्रिपुरासुर के बध से साफ लगता है कि योग की उच्चतम स्थिति समाधि के देवता भगवान शंकर दैहिक, दैविक और भौतिक तपों या सत-रज-तमों गुणों से उपर उठकर देवत्व तक पहुंचने का संदेश दे रहे हैं। ऐसी स्थिति में यह परमानंद से जुड़ने का काल है। आकाश में कृतिका नक्षत्र, चंद्र-सूर्य राशियों में परिवर्तन की स्थिति में इस अवधि में साधना कर पूरे वर्ष तक आनंद, परमानंद का दीप प्रज्जवलित किया जा सकता है। महाभारत के शांति पर्व के अनुसार, कार्तिक महीने की शुक्ल पक्ष की एकादशी से पूर्णिमा तक शर-शैया पर लेटे भीष्म ने योगेश्वर कृष्ण की उपस्थिति में पांडवों को राष्ट्रधर्म, दानधर्म और मोक्षधर्म का उपदेश दिया था। श्रीकृष्ण ने इस अवधि को भीष्म पंचक कहा। स्कंदपुराण में ज्ञान का यह काल इतना शुभ है कि इस अवधि में व्रत, उपवास, सदाचार, दान का विशेष महत्व है। विभिन्न पुराणों में कार्तिक पूर्णिमा के दिन देव मंदिरों, नदी के तटों पर दीप जलाने का प्रावधान है। ज्ञान, सदाचार, सद्भाव आदि भी व्यक्ति के जीवन में आत्मबल के दीपक बनकर रोशनी करते हैं।

### 15 को है देव दीपावली

इस बार देव दीपावली 15 नवंबर को है। अयोध्या के दीपोत्सव के बाद अब देवों के देव महादेव की नगरी काशी की विश्वप्रसिद्ध देव दीपावली के जरिये सनातन धर्म की आभा विश्व को प्रभावित करेगी। देव दीपावली पर संस्कृति, विरासत और परंपरा के संरक्षण के साथ ही अब आधुनिकता का समावेश भी दिखेगा। काशी के ऐतिहासिक घाट की दीवार पर सनातन धर्म के अभिन्न अध्यायों का थ्रीडी प्रोजेक्शन के जरिये चित्रण करेगी। चेतसिंह घाट पर थ्रीडी प्रोजेक्शन मैपिंग लेजर शो के माध्यम से आधे घंटे का शिव महिमा और मां गंगा के अवतरण पर आधारित शो होगा। प्रक्रिया के अंतर्गत आधे घंटे का शो होना निर्धारित है, जो तीन बार प्रसारित किया जाएगा। खास यह है कि इस बार उत्तरवाहिनी जाह्नवी के दोनों तट पर देव दीपावली और भी विहंगम होगा। एक तरफ अंर्ध चंद्राकार घाटों पर 15 लाख दीएं जलेंगे तो दुसरी तरफ शहर के स्वयंसेवी संगठनों, व्यापारिक संगठनों के अलावा विभिन्न मंदिरों की तरफ से पांच लाख दीये जलाये जायेंगे। इसके अलावा कुंडों, तालाबों और सरोवरों के किनारे भी दीपों की रोशनी से जगमग होंगे। श्री काशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार के सामने उस पार रेत पर शिव के भजनों और धुनों पर ग्रीन क्रैकर्स के जरिये ईको-फ्रेंडली की अद्भुत रोशनी में छटा बिखरेगी। आकाश को जीवंत करती रंगों और पैटर्न से रोशन करने वाले क्रैकर शो, लेज़र शो और संगीत के संगम अद्भूत नजारा होगा।

# इंग्लैंड के राजा को दहेज में मिला 'बॉम्बे'

## दलित आरक्षण के लिए भिड़े गांधी-अंबेडकर; महाराष्ट्र में कैसे शामिल हुआ मुंबई

**मराठों का इतिहास**



अंग्रेजों ने उनमें भी फूट डालनी शुरू कर दी। 1811 में माउंटस्टुअर्ट एलफिंस्टन पुणे में ब्रिटिश रेजिडेंट बनकर आया। उसने मराठा साम्राज्य के ताबूत में आखिरी कील ठोकी। रघुनाथराव के बेटे बाजीराव द्वितीय के हाथों में पेशवाई थी। अंग्रेजों ने दूसरे मराठा सरदारों के साथ उनके मतभेदों का फायदा उठाया। बड़ौदा के गायकवाड़ के साथ पेशवा के बकाया पैसे का विवाद था। एलफिंस्टन ने इसमें मध्यस्थता की।बातचीत करने पुणे आए गायकवाड़ के प्रतिनिधि गंगाधर शास्त्री को बाजीराव द्वितीय ने मरवा दिया। एलफिंस्टन को मौका मिल गया और उसने 8 मई 1816 को पुणे की घेराबंदी करके बाजीराव द्वितीय को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर किया। 31 दिसंबर 1802 को अंग्रेज और नाजीरावा द्वितीय के बीच बेसिन की संधि हुई थी, इसके तहत 6000 हथियार बंद अंग्रेज सैनिक पुणे में तैनात कर दिए गए थे। 31 दिसंबर 1802 को अंग्रेज और नाजीरावा द्वितीय के बीच बेसिन की संधि हुई थी, इसके तहत 6000 हथियार बंद अंग्रेज सैनिक पुणे में तैनात कर दिए गए थे। 1817 में अंग्रेजों ने पहले से बड़ा हमला किया और आखिरकार 1818 में बाजीराव द्वितीय को गिरफ्तार करके कानपुर के पास बिठूर भेज दिया। इसे तीसरा एंग्लो-मराठा युद्ध कहते हैं, जिसके बाद ब्रिटिश सरकार ने पेशवा का पद खत्म करके शनिवारवाड़ा पर यूनियन जैक फहरा दिया था। महाराष्ट्र अब पूरी तरह अंग्रेजों के अधीन हो चुका था।

तारीखः 1 जनवरी 1818

जगहः पुणे के करीब भीमा कोरेगांव

पेशवा बाजीराव द्वितीय की अगुआई में 28 हजार मराठा अंग्रेजी कब्जे वाले पुणे पर हमला करने की योजना बना रहे थे। रास्ते में उन्हें 800 सैनिकों वाली ईस्ट इंडिया कंपनी की एक सैन्य टुकड़ी मिली। इसकी कमान कैप्टन फ्रांसिस स्टॉन्टन के हाथ में थी, लेकिन ज्यादातर सैनिक भारतीय मूल के महार दलित थे।

ब्रिटिश इतिहासकार जेम्स ग्रांट डफ अपनी किताब 'ए हिस्ट्रीज ऑफ मराठाज' में लिखते हैं कि पेशवा ने इस टुकड़ी पर हमला करने के लिए अपनी सेना भेज दी। महार सैनिकों से सजी कंपनी फोर्स ने अपने से कई गुना बड़ी पेशवा की सेना को कामयाब नहीं होने दिया।

एक अनुमान के मुताबिक इस लड़ाई में पेशवा के 500 से ज्यादा सैनिक हताहत हुए, जबकि कंपनी के मारे गए और घायल हुए सैनिकों की संख्या करीब 275 थी। आखिरकार मराठों ने कदम खींच लिए। महाराष्ट्र के दलित नेता आज भी मराठों पर ब्रिटिश फौज की इस जीत का जश्न मनाते हैं। इस घटना की 200वीं सालगिरह पर 2018 में भीमा कोरेगांव में हिंसा भी हुई थी।

'महाराष्ट्र की कहानी' सीरीज के तीसरे और आखिरी एपिसोड में जानेंगे देश में महाराष्ट्र क्यों इतना अहम है, यहां छुआछूत के खिलाफ और आजादी से जुड़ी क्या घटनाएं हुईं, आजादी के 13 साल बाद कैसे बना अलग महाराष्ट्र...

इतिहासकारों ने कई जगह लिखा है कि पेशवाओं के शासन के दौरान नगर में प्रवेश करते समय महारों को अपनी कमर में एक झाड़ू बांध कर चलना होता था, जिससे उनके पैरों के निशान मिटते चले जाएं। उन्हें अपने गले में एक बर्तन भी लटकाना होता था।**(जारी)**

# मीडिया के सामने

## अभिषेक बच्चन ने ऐश्वर्या राय को किया शर्मिंदा?


ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन

ऐसा कई बार कहा जाता है कि अगर आपकी पत्नी का कद आपसे बड़ा होता है तो आप इनसेक्योर हो जाते हैं। कुछ समय से लगातार ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन के बिगड़ते रिश्ते को लेकर यही बात की जा रही है। कुछ का कहना है कि दोनों का तलाक इसलिए होने वाला क्योंकि ऐश की अपनी सास और ननद से नहीं पट रही है। लेकिन किसी का कहना है कि अभिषेक का अफेयर निम्रत कौर के साथ शुरु हो चुका है। हालांकि इसके पीछे का सही कारण किसी को नहीं पता है। लेकिन इस बीच एक वीडियो सामने आया है और ये वीडियो यकीनन ऐश्वर्या राय के फैंस को पसंद नहीं आने वाला है। वीडियो में आप देखेंगे कि ऐश्वर्या राय मीडिया के सामने पोज दे रही हैं और इसके लिए वो अपने साथ अभिषेक को भी ले जाती हैं। फिर पता नहीं क्या होता है कि अभिषेक मीडिया को ऐश्वर्या की तरफ इशारा करते हैं और बीच से ही उनको अकेला छोड़कर चल देते हैं। ऐश्वर्या को थोड़ा अजीब लगता है और फिर वो भी साथ में चल देती हैं। जैसे ही वीडियो सामने आया लोग अभिषेक बच्चन की क्लास लगा रहे हैं।

**क्या बोले लोग?**

लोग इस वीडियो पर भड़के हुए हैं और अभिषेक बच्चन पर रिएक्शन दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है, "आसान नही होता एक गलत लडकी के साथ रिश्ता निभाना।" एक ने लिखा, "अभिषेक शुरू से ही तेरी कामयाबी से ईर्ष्या करता है।" एक ने लिखा, "ऐसे लोग भी लड़कियों के पल्ले पड़ जाते हैं।" एक ने लिखा, "भगवान ने खूबसूरती तो बहुत दी लेकिन प्यार नहीं।"" एक ने लिखा, "बेटा मां पर गया है।" एक ने लिखा, "इसीलिए रिश्ता नहीं चला।" एक ने लिखा, "सच्चा मम्मा बॉय है।"


ठग सुकेश चंद्रशेखर


अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज

# जैकलीन का बड़ा दावा

## बोलीं- ठग सुकेश से मिले गिफ्ट्स के सोर्स के बारे में नहीं था पता

बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री कथित तौर पर ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले का हिस्सा हैं। सुकेश भी जेल से अभिनेत्री को पत्र लिखकर अपना संदेश भेजता था। अब हाल ही में मनी लॉन्ड्रिंग मामले को लेकर हाई कोर्ट में सुनवाई हुई, जिसमें अभिनेत्री के वकील ने दावा किया कि उन्हें ठग सुकेश चंद्रशेखर से मिले गिफ्ट्स के अवैध सोर्स के बारे में पता नहीं था।

**अभिनेत्री के वकील ने कही यह बात**

हाई कोर्ट में यह दलील दी गई कि वह मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध में शामिल नहीं थीं। अभिनेत्री को इस बात की जानकारी नहीं थी कि उन्हें मिले उपहार कथित अपराध का हिस्सा थे। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति अनीश दयाल ने सवाल उठाया, क्या किसी व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि वह मिले गिफ्ट के सोर्स को जाने। मामले को आगे की बहस के लिए 26 नवंबर को सूचीबद्ध किया गया है।

**ईडी ने लगाया था यह आरोप**

अभिनेत्री के वकील ने कहा, ईडी का यह भी मामला नहीं है कि उन्हें पता था कि उसे मिले उपहार अपराध की आय का हिस्सा थे। उन्होंने कहा कि उनकी ओर से चूक हुई थी, लेकिन यह कोई अवैध चूक नहीं थी। इसलिए कानून में कार्रवाई योग्य नहीं है। बता दें कि ईडी ने आरोप लगाया है कि जैकलीन ने सुकेश के बारे में अखबार में छपे लेख की पुष्टि नहीं की। उन्हें सुकेश से उपहार मिले थे।

**यह है अभिनेत्री के विवाद से जुड़ा पूरा मामला**

मालूम हो कि अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज पर भी जबरन वसूली रैकेट की आय का उपयोग करके खरीदे गए उपहारों का उपयोग करने का आरोप लगा है। हालांकि, अभिनेत्री ने घोटाले में किसी भी तरह से खुद के शामिल होने से इनकार किया है।

## फुटबॉल प्लेयर को डेट करना चाहती हैं उर्वशी रौतेला



उर्वशी रौतेला अक्सर डेटिंग लाइफ की वजह से सुर्खियों में रहती है, जब एक इंटरव्यू के दौरान उर्वशी से पूछा गया कि वह आखिर किसे डेट करना चाहेंगी। तो उनके जवाब ने फिर से इंटरनेट पर हलचल मचा दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उर्वशी ने कहा कि वह फुटबॉल के दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेस्सी के साथ लव ट्रायंगल में रहना चाहती हैं। रोनाल्डो और मेस्सी दोनों ही फुटबॉल की दुनिया के दो सबसे बड़े नाम हैं। अपने मजाकिया अंदाज में उर्वशी ने कहा कि वह फुटबॉल खिलाड़ियों के साथ प्रेम त्रिकोण में रहना पसंद करेंगी।

**उर्वशी का मजेदार जवाब**

एक इंटरव्यू के दौरान जब उर्वशी से पूछा गया कि वह बॉलीवुड में किसके साथ प्रेम त्रिकोण में रहना चाहेंगी। लेकिन उर्वशी ने किसी बॉलीवुड अभिनेता का नहीं बल्कि फुटबॉल खिलाड़ियों का नाम लिया। उर्वशी ने कहा, मैं क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेस्सी के साथ प्रेम लव ट्रायंगल में रहना पसंद करूंगी।

# कौन है लॉलीवुड की आलिया भट्ट?



### क्यूटनेस के मामले में देती है टक्कर, गालों पर पड़ते हैं बिल्कुल वैसे ही डिंपल



आलिया भट्ट की पॉपुलैरिटी सिर्फ इंडिया तक ही सीमित नहीं है। विदेशों में भी लोग उन्हें बहुत पसंद करते हैं। आलिया भट्ट का क्रेज इस कदर है कि उनके दम पर अब दूसरे देश की एक्ट्रेसेज को भी काम मिल रहा है। ये बात हम नहीं कह रहे। ये बात कही है खुद उस एक्ट्रेस ने जो आलिया भट्ट की वजह से काम हासिल करने में कामयाब हुई है। ये एक पाकिस्तानी एक्ट्रेस है जो काफी कुछ आलिया भट्ट से मिलती जुलती है। हाल ही में इस एक्ट्रेस ने आलिया भट्ट को शुक्रिया कहा है। जिसके बाद से वो काफी सुर्खियों में हैं। चलिए आपको बताते हैं कौन है ये एक्ट्रेस और क्यों कहा आलिया को थैंक्यू।

**आलिया भट्ट से मिलती है शक्ल**

ये एक्ट्रेस हैं हानिया आमिर जो पाकिस्तान की रहने वाली हैं। हानिया आमिर अपने काम से ज्यादा इस बात के लिए फेमस हैं कि उनकी शक्ल आलिया भट्ट से मिलती है। इसकी वजह से लोग उन्हें पाकिस्तान की आलिया भट्ट भी कहने लगे हैं। आपको बता दें बॉलीवुड की तर्ज पर पाकिस्तानी फिल्म इंड्स्ट्री को लॉलीवुड कहा जाता है। हानिया आमिर भी खुद को आलिया भट्ट कहे जाने से काफी खुश हैं। वो खुद इस बात का खुलासा कर चुकी हैं कि उन्हें आलिया भट्ट क्यों कहा जाता है। इसकी वजह हानिया आमिर अपने गालों पर पड़ने वाले डिंपल को मानती हैं। हानिया आमिर खुद भी ये बात कई इंटरव्यूज में कह चुकी हैं कि उनके गोल फेस और डिंपल की वजह से लोग उन्हें पाकिस्तान की आलिया भट्ट कहते हैं।



# सुष्मिता ने खुद को बताया सिंगल

## तो वायरल हुआ रोहमन शॉल का बयान, बोले- हम छह साल से साथ

बॉलीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। अभिनेत्री ने अपनी फिल्मों और वेब शोज से दर्शकों के दिलों में अच्छी खासी जगह बना ली है। यही नहीं, सुष्मिता अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी काफी चर्चा में रहती हैं। अब हाल ही में, सुष्मिता ने रिया चक्रवर्ती के साथ एक पॉडकास्ट में इस बात का खुलासा किया है कि वह तीन साल से सिंगल हैं। अभिनेत्री के इस बयान के बाद उनके कथित बॉयफ्रेंड रोहमन का स्टेटमेंट तेजी से वायरल हो रहा है।

**सुष्मिता ने अफवाहों पर लगाया विराम**

सुष्मिता सेन और रोहमन शॉल ने करीब चार साल तक एक दूसरे को डेट किया और इसके बाद दोनों ने साल 2021 में अलग होने की घोषणा कर दी। इसके बाद भी रोहमन कई पार्टी और इवेंट्स में सुष्मिता के साथ स्पॉट होते हैं। ऐसे में फैंस को लगा कि दोनों अभी भी दोस्त हैं और दोनों ने अपना रिश्ता खत्म नहीं किया है। हालांकि, अब सुष्मिता ने इन सभी अफवाहों का पूरी तरह से खंडन किया है।

**तीन साल से सिंगल हैं सुष्मिता सेन**

सुष्मिता ने रिया चक्रवर्ती के हालिया पॉडकास्ट में कहा कि वह पिछले तीन साल से सिंगल हैं। अभिनेत्री का यह बयान सुनकर उनके फैंस को जरूर झटका लगा है। फैंस का कहना है कि अगर वह सिंगल हैं तो फिर रोहमन उनके साथ हर इवेंट्स और पार्टीज में नजर क्यों आते हैं?

**वायरल हुआ रोहमन का बयान**

सुष्मिता के इस खुलासे के बाद अब रोहमन का बयान भी तेजी से वायरल हो रहा है। सुष्मिता के साथ अपनी बॉन्डिंग के बारे में बात करते हुए रोहमन ने कहा, हम तो छह साल से साथ में हैं, उसमें क्या नया है? हम हमेशा से एक अच्छे दोस्त रहे हैं और आगे भी यह जारी रहेगा। हम एक-दूसरे के साथ कुछ खास चीजें साझा करते हैं, जो ,सबको नजर भी आता है।

**इस फिल्म में नजर आए रोहमन**

वर्कफ्रंट की बात करें तो रोहमन पेशे से एक मॉडल हैं। हाल ही में वह शिवकार्तिकेयन और साई पल्लवी के साथ अमरण में नजर आए थे। रोहमन ने फिल्म में आतंकवादी की भूमिका निभाई थी।

# जान्हवी कपूर, सारा अली खान या अनन्या पांडे

## तीनों दोस्तों में सबसे ज्यादा दौलत किसके पास?

हिंदी सिनेमा की नई जेनरेशन की एक्ट्रेसेस में इस वक्त जान्हवी कपूर, सारा अली खान और अनन्या पांडे का नाम सबसे आगे है। तीनों ही अभिनेत्रियों ने लगभग एक ही वक्त पर हिंदी सिनेमा में कदम रखा। पर बेहद कम वक्त में ही तीनों ने खूब फेम हासिल कर लिया है। सोशल मीडिया फैन फोलोइंग के मामले में भी तीनों का सिक्का चलता है। सोशल मीडिया से लेकर पैपराज़ी लाइफ तक, हर जगह जान्हवी कपूर, सारा अली खान और अनन्या पांडे छाई रहती हैं। तीनों के बीच अच्छी दोस्ती भी है। पर एक बात हर कोई जानना चाहता है कि दौलत के मामले में इन तीनों में कौन आगे है? आपको नहीं पता है? चलिए बताते हैं।

**जान्हवी कपूर नेटवर्थ**



बोनी कपूर और दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी की बड़ी बेटी जान्हवी कपूर ने साल 2018 में फिल्म धड़क से बॉलीवुड में कदम रखा था। इस फिल्म को खूब पसंद किया गया और जान्हवी रातों रात स्टार बन गईं। अब जान्हवी बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस में से हैं। वो हर फिल्म के लिए 5 से 10 करोड़ चार्ज करती हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो जान्हवी कपूर की नेटवर्थ इस वक्त करीब 82 करोड़ रुपये है। जान्हवी फिल्मों के अलावा विज्ञापन, सोशल मीडिया एड और मॉडलिंग से भी पैसा कमाती हैं।

**सारा अली खान नेटवर्थ**



सारा अली खान ने फिल्म केदारनाथ से साल 2018 में अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी सारा को पहली ही फिल्म से खूब फेम मिला। उन्होंने अपने करियर में सिंबा, लव आज कल और जरा हटके जरा बचके जैसी फिल्में की हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस वक्त सारा अली खान की नेटवर्थ करीब 55 करोड़ रुपये है। सारा भी फिल्मों के अलावा मॉडलिंग और विज्ञापनों के ज़रिए मोटी कमाई करती हैं।

**अनन्या पांडेनेटवर्थ**



अनन्या पांडे ने सारा और जान्हवी के एक साल बाद बॉलीवुड में डेब्यू किया। उनकी पहली फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ दी ईयर 2'। कुछ ही सालों में अनन्या ने इंडस्ट्री में अपनी एक अलग जगह बनाई है। उन्होंने पति पत्नी और वो, लाइगर और ड्रीम गर्ल 2 जैसी फिल्मों में काम कर खूब तारीफें बटोरीं। बताया जाता है कि अनन्या पांडे की नेटवर्थ इस वक्त करीब 74 करोड़ रुपये है। रिपोर्ट की मानें तो अन्या एक फिल्म के लिए करीब 3 करोड़ रुपये चार्ज करती हैं। इसके अलावा उनकी कमाई ब्रांड एंडोर्समेंट, मॉडलिंग और सोशल मीडिया से भी होती है।

## करण जौहर की वजह से आमिर के सामने फूट-फूटकर रोई थीं रानी मुखर्जी खुद किया था खुलासा

फिल्म इंडस्ट्री की सफल अभिनेत्री रानी मुखर्जी का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें 'कुछ कुछ होता है'एक्ट्रेस ने बताया कि आमिर खान के सामने वह करण जौहर की वजह से खूब रोई थीं. करण जौहर के लोकप्रिय चैट शो 'कॉफी विद करण' का एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें होस्ट करण जौहर गेस्ट रानी मुखर्जी और करीना कपूर खान के साथ बात करते दिखाई दे रहे हैं. इस बीच 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' अभिनेत्री रानी ने बताया कि करण जौहर से वह 'कल हो ना हो' को लेकर काफी नाराज थीं. रानी मुखर्जी ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो जब मुझे पहली बार फिल्म 'कल हो ना हो' के बारे में दूसरों से पता चला तो मैं बहुत दुखी हुई. मैं आपके बहुत करीब हूं. आप कोई भी फिल्म बनाते हैं तो मुझसे उसकी कहानी और अन्य बातों को शेयर करते हैं. उन्होंने आगे कहा, आप कोई भी फिल्म बनाएं, मुझे उस फिल्म में लें या न लें मगर आप हमेशा मेरे साथ अपनी फिल्मों को लेकर चर्चा करते आए हैं. मैं आपके साथ दोस्ती के उस स्तर पर हूं, जहां आप सहज रह सकते हैं मगर आपने अनदेखा किया, जिस वजह से मैं दुखी हुई थी.

# सलमान खान की एक्स सोमी अली पर जानलेवा हमला

## फ्रैक्टर में बोलीं- दर्द में बिस्तर पर पड़ी हूं



बॉलीवुड एक्ट्रेस और सलमान खान की एक्स गर्लफ्रेंड सोमी अली को लेकर हैरान करने वाली खबर सामने आई है। बॉलीवुड से दूर सोमी अली पर हमला किया गया है। दरअसल, एक्ट्रेस सोशल वर्क से जुड़ी हुई हैं। इसी दौरान मानव तस्करी की पीड़िता को बचाने की कोशिश करते समय सोमी अली घायल हो गई हैं। सोमी अली ने कहा,मैं पीड़ितों को बचाने में पुलिस के साथ मिलकर काम करती हूं मुझे अपनी कार से बाहर निकलने की अनुमति नहीं है जब तक कि वे पीड़ित को घर से बाहर न निकाल दें और उसे अब बंधक न बना लें क्योंकि दुर्व्यवहार करने वाले हथियार रखते हैं। 17 सालों में यह मेरे ऊपर हुआ नौवां हमला था। हम एक ही समय में पीड़ित और तस्करों का इंतजार कर रहे थे। पीड़ित को इस बात का बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि वह एक ऐसे घर में जाने वाली है, जिसके बारे में उसने सोचा था कि उसे साफ-सफाई के लिए रखा गया है जबकि यह वह जगह है जहां तस्कर पीड़ितों को छिपाते हैं।

**दर्द में बिस्तर पर हूं**

सोमी ने आगे कहा, दुर्भाग्य से, जब पीड़िता घर की ओर जा रही थी, तो मैंने अपनी कार से बाहर निकलकर सोचा कि उसे अंदर नहीं जाना चाहिए, क्योंकि क्या होगा अगर तस्कर पहले से ही घर में घुसे हुए हों, जबकि पुलिस ने मुझे बताया था कि वे आ रहे हैं और घर खाली है। जब मैं अपनी कार से बाहर निकली, तो तस्करों ने एक साथ घर और हमारे पास आकर हमला किया। उनमें से एक ने मेरा बायां हाथ पकड़ लिया और उसे बुरी तरह मोड़ दिया। भगवान का शुक्र है कि यह सिर्फ एक हेयरलाइन फ्रैक्चर था, लेकिन मैं बहुत दर्द में हूं और बिस्तर पर पड़ी हूं।'

**ठीक होने में लगेगा समय**

उन्होंने आगे बताया कि डॉक्टर के अनुसार उन्हें ठीक होने में 6-8 हफ्ते लगेंगे। अली ने यह भी बताया कि उसकी बाईं कलाई और हाथ बहुत सूज गए थे और वह उन्हें हिला नहीं सकती थी। मैं कुछ समय के लिए आराम कर रही हूं।





# 'कुछ ईगो प्रॉब्लम हो गया मेरा', जूही चावला ने ठुकरा दी थी शाहरुख खान की हिट फिल्म




90 के दशक की बेहतरीन एक्ट्रेस में से एक जूही चावला ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में 'सल्तनत' मूवी में काम कर डेब्यू किया था, लेकिन उन्हें पहचान साल 1988 में आई फिल्म 'कयामत से कयामत तक' में काम करने के बाद मिली। इस मूवी में वह अभिनेता आमिर खान के साथ दिखाई दी थी, जहां उनके अभिनय को लोगों ने काफी पसंद किया था। इस फिल्म की सफलता के बाद एक्ट्रेस ने कई हिट मूवी में काम किया।

आमिर के अलावा लोगों ने जूही की जोड़ी को शाहरुख खान के साथ भी काफी पसंद किया। हालांकि, एक्ट्रेस ने किंग खान की हिट मूवी 'दिल तो पागल है' में अपने ईगो की वजह से काम करने से मना कर दिया था और इसकी दूसरी वजह सुपरहिट एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित भी थीं। इस बात का खुलासा खुद जूही ने एक इंटरव्यू में किया था। 'इश्क' फेम एक्ट्रेस आज 13 नवंबर को अपना 57वां जन्मदिन सेलिब्रेट कर रही हैं। ऐसे में उनके बर्थडे पर चलिए आपको बताते हैं, उनसे जुड़ा ये दिलचस्प किस्सा।

जूही चावला ने अपनी फिल्म 'मैं कृष्णा हूं' के प्रमोशन के दौरान जूम से बात करते हुए इस किस्से का जिक्र किया था। एक्ट्रेस से जब पूछा गया कि आप और माधुरी अपने समय की बेहतरीन स्टार्स रही हैं और आप दोनों को लंबे समय से एक साथ काम करते हुए नहीं देखा। इस पर एक्ट्रेस ने शेयर किया कि मैंने और माधुरी ने एक साथ ही इंडस्ट्री में कदम रखा था, हमारे करियर की शुरुआत एक ही साल में हुई। उसकी तेजाब मूवी आई और मेरी 'कयामत से कयामत तक' आ गई।

इसके बाद हमारी तुलना होने लगी कि माधुरी ये कर रही है तो जूही वो कर रही है, वो नंबर 1 हो गई है, तो वो नंबर 2 हो गई है और काफी समय तक ऐसा ही चलता रहा। इसके आगे एक्ट्रेस ने शेयर किया कि 'डर' में यश चोपड़ा के साथ काम करने के बाद यश जी मेरे पास आए और उस समय वह 'दिल तो पागल है' बना रहे थे, जिसमें वह माधुरी दीक्षित के साथ काम कर रहे थे। उन्होंने मुझसे कहा कि तुम दूसरा वाला रोल करो। फिर एक्ट्रेस ने कहा कि मैं दूसरा वाला रोल करूं, उस समय कुछ इनसिक्योरिटी और कुछ ईगो प्रॉब्लम हो गया मेरा, तो मैंने नहीं की।

# आठ साल बाद अक्षय कुमार के साथ स्क्रीन साझा करेंगी निम्रत कौर, 'स्काई फोर्स' से जुड़ा नाम!



बॉलीवुड अभिनेत्री निम्रत कौर ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा और दमदार अभिनय कौशल से फिल्म इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई है। एक दशक से अधिक के अपने करियर में उन्होंने अलग-अलग भूमिकाएं निभाने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है। अब, ऐसा प्रतीत होता है कि अभिनेत्री आगामी पीरियड एरियल ड्रामा 'स्काई फोर्स' का हिस्सा बन गई हैं। फिल्म में अक्षय कुमार और सारा अली खान भी मुख्य भूमिका में हैं।

**'स्काई फोर्स' का हिस्सा बनीं निम्रत कौर!**

कथित तौर पर निम्रत कौर एक और महत्वपूर्ण भूमिका की तैयारी कर रही हैं। रिपोर्ट की मानें तो वह अगले साल रिलीज होने वाली बहुप्रतीक्षित फिल्म 'स्काई फोर्स' में अक्षय कुमार के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी। अगर रिपोर्ट सही साबित होती है तो अक्षय और निम्रत 8 साल बाद बड़े पर्दे पर साथ नजर आएंगे। इससे पहले दोनों को साल 2016 की फिल्म 'एयरलिफ्ट' में साथ देखा गया था।

**निम्रत ने दमदार किरदारों से जीते दिल**

निम्रत कौर को फिल्मों में अपनी दमदार भूमिकाओं के लिए जाना जाता है। 'द लंचबॉक्स' में उनके मार्मिक प्रदर्शन से लेकर 'एयरलिफ्ट' में उनकी कमांडिंग भूमिका और 'सजिनी शिंदे का वायरल वीडियो' में उनकी हालिया उपस्थिति तक, निम्रत ने आलोचकों की प्रशंसा और दर्शकों की सराहना दोनों हासिल की है।

**'स्काई फोर्स' की रिलीज डेट**

'स्काई फोर्स' में निम्रत अहम भूमिका में होंगी। साथ ही कहानी में साजिश की एक अतिरिक्त परत जोड़ेंगी। रिपोर्ट की मानें तो अक्षय कुमार, सारा अली खान, वीर पहाड़िया और निम्रत कौर अभिनीत दिनेश विजन की 'स्काई फोर्स' गणतंत्र दिवस 2025 के सप्ताहांत पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

**कब आएगा 'स्काई फोर्स' का ट्रेलर?**

'स्काई फोर्स' के ट्रेलर को लेकर जानकारी भी सामने आई है। खबर है कि फिल्म का ट्रेलर क्रिसमस 2024 पर रिलीज होने वाला है, जिसके बाद एक महीने तक चलने वाला प्रचार अभियान होगा। दिनेश विजन ने बैक-टू-बैक कई हिट फिल्में दी हैं, जिनमें हालिया रिलीज फिल्में 'मुंजा' और 'स्त्री 2' शामिल हैं। 'स्काई फोर्स' का निर्देशन संदीप केवलानी और अभिषेक अनिल कपूर ने किया है। फिल्म की रिलीज डेट और ट्रेलर को लेकर निर्माताओं की ओर से आधिकारिक अपडेट का इंतजार है।

# श्रीलीला की आइटम सॉन्ग की फीस जानेंगे तो चौंक जाएंगे!




सुकुमार द्वारा निर्देशित अल्लू अर्जुन स्टारर पुष्पा-2 दिसंबर 5 को स्क्रीन पर रिलीज होने जा रही है। अखिल भारतीय स्तर पर भारी उम्मीदों के साथ बनी इस फिल्म से अल्लू अर्जुन एक बार फिर दर्शकों का मन जीतने की कोशिश कर रहे हैं। फिल्म में श्रीलीला के साथ एक आइटम सॉन्ग भी होगा। पुष्पा 2 फिल्म को बताया जा रहा है कि यह लगभग 500 करोड़ रुपये के बजट के साथ बनाई गई है।

इस भारी भरकम बजट के आइटम सॉन्ग के लिए एक खास सेट भी तैयार किया गया. अफवाह यह है कि आइटम सॉन्ग के लिए श्रीलीला को 2 करोड़ का भुगतान किया गया । कुछ मीडिया सूत्रों का कहना है कि सेट की कुल लागत, उनके 2 करोड और अन्य खर्च मिलाकर 5 करोड़ है। निर्माताओं को उम्मीद है कि पुष्पा 2 के लिए आइटम सॉन्ग निश्चित रूप से इस फिल्म का क्रेज बढ़ाएगा। कुछ लोगों का कहना है कि अगर फिल्म का बजट 500 करोड़ है तो आइटम सॉन्ग के लिए इतनी रकम जरूरी है. मेकर्स ने घोषणा की है कि फिल्म का ट्रेलर 17 नवंबर को रिलीज किया जाएगा. साथ ही ये गाना भी दर्शकों के सामने आ जायेगा. जैसे पुष्पा 1 में सामंथा का ऊ अंटवा गाना सफल रहा था, उम्मीद है कि पुष्पा 2 में श्रीलीला का यह गाना भी उसी पैमाने पर लोगों को प्रभावित करेगा।

अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर इस फिल्म का संगीत देवी श्री प्रसाद ने दिया है, इस बार सुकुमार बैकग्राउंड स्कोर के लिए अन्य संगीत निर्देशकों के साथ काम कर रहे हैं। इस फिल्म का संगीत भी एक खास अनुभव है. पुष्पा 2 दुनिया भर में 5 दिसंबर को रिलीज होगी।

फैंस को भरोसा है कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 2000 करोड़ रुपये का कलेक्शन करेगी. 1500 करोड़ रुपये के प्री-रिलीज़ बिजनेस के साथ, कयास लगाए जा रहे हैं कि यह फिल्म सभी रिकॉर्ड तोड़ सकती है और रिकॉर्ड कलेक्शन हासिल कर सकती है।

# जब ऐश्वर्या राय को लेकर पूछे गए सवाल पर सलमान खान ने दिया था ये रिएक्शन, 'मैं इसका जवाब बिल्कुल भी नहीं दूंगा'



बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान और ऐश्वर्या राय का रिश्ता एक वक्त पर बॉलीवुड का हॉट टॉपिक हुआ करता था। दोनों का अफेयर हो या ब्रेकअप, सबकुछ मीडिया में छाया रहा था। सलमान के साथ ब्रेकअप के बाद अभिषेक बच्चन से शादी कर ली थी और इसके बाद जब 2015 में ऐश्वर्या ने इरफान खान के साथ 'जज्बा' फिल्म से कमबैक किया तो सलमान का रिएक्शन कुछ ऐसा था।

ऐश्वर्या राय और इरफान की ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर नहीं चली, हालांकि उनकी एक्टिंग को काफी पसंद किया गया था। जब एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सलमान से पूछा गया, "ऐश्वर्या राय बच्चन की फिल्म जज़्बा आ रही है तो क्या आप इसका प्रमोशन अपने शो बिग बॉस में करेंगे।" सलमान इस सवाल से बचते नजर आए थे।

सलमान ने कहा था, "आपको पता था कि ये प्रेस कॉन्फ्रेंस का आखिरी सवाल है। इसलिए आपने मुझसे ऐसा पूछा। सच में आपका सवाल जज्बा नहीं बल्कि जज्बाती है। मैं इसका जवाब बिल्कुल भी नहीं दूंगा।"

बता दें कि सलमान खान पर ऐश्वर्या राय की तरफ से कई गंभीर आरोप लगाए गए थे, लेकिन सलमान ने कभी पलटकर न अपनी सफाई में कुछ कहा और न ही ऐश्वर्या पर किसी तरह का कोई आरोप लगाया। ऐश्वर्या और अभिषेक की शादी के वक्त इस बात की चर्चा थी कि सलमान का दिल टूट गया। मगर भाईजान का कहना कुछ और ही था।

उनका एक वीडियो इंटरनेट पर खूब वायरल हुआ था, जिसमें उनसे ऐश्वर्या की शादी को लेकर सवाल किया गया था। इंडिया टीवी के शो आप की अदालत में सलमान से पूछा गया कि क्या वो अपनी एक्स की शादी से नाखुश हैं? इस पर सलमान ने कहा था कि इतने साल बीत गए और अब वो किसी की पत्नी हैं।

सलमान ने कहा था कि उन्हें इस बात की खुशी है कि ऐश्वर्या ने अभिषेक से शादी की है। उनका मानना है कि अभिषेक उनके लिए एक ग्रेट लड़के हैं। कोई भी एक्स बॉयफ्रेंड यही चाहता है कि उसकी गर्लफ्रेंड खुश रहे।

बता दें कि सलमान खान से अक्सर उनके और ऐश्वर्या के रिश्ते और उनके ऊपर लगे आरोपों को लेकर सवाल किए जाते हैं, लेकिन वह हमेशा ही बहुत समझदारी से इन सबके जवाब देते हैं। एक बार उनसे सवाल किया गया था कि क्या उन्होंने अपनी एक्स के साथ मारपीट की थी।

# सूर्या अभिनीत 'कंगुवा' के प्रशंसकों को तमिलनाडु सरकार का बड़ा तोहफा




सिरुथाई शिवा के निर्देशन में बनी फिल्म 'कंगुवा' कल यानी 14 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। सूर्या, बॉबी देओल और दिशा पाटनी जैसे सितारों से सजी इस फिल्म को लेकर प्रशंसकों का उत्साह चरम पर है। अब स्टूडियो ग्रीन और यूवी क्रिएशन्स द्वारा निर्मित इस फिल्म का इंतजार कर रहे लोगों के लिए खुशखबरी है। तमिलनाडु में, सरकार ने 'कंगुवा' को पांच स्क्रीनिंग की अनुमति दी है, जो किसी फिल्म के लिए एक दुर्लभ विशेषाधिकार है।

**तमिलनाडु सरकार ने दी पांच स्क्रीनिंग की अनुमति**

इसमें राज्य के इतिहास में पहली बार सुबह 9 बजे का एक विशेष शो, साथ ही 2 बजे रात तक चलने वाली एक अतिरिक्त स्क्रीनिंग भी शामिल है। ये बदलाव फिल्म को भव्य शुरुआत देने और यह सुनिश्चित करने के लिए राज्य के प्रयास का हिस्सा है कि प्रशंसक इसे दिन के अलग-अलग समय पर देख सकें। रिलीज से पहले फिल्म तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और केरल में अपनी विशेष स्क्रीनिंग के कारण पहले ही सुर्खियां बटोर चुकी है।

**शोज के दौरान सुरक्षा उपायों का रखना होगा खास ध्यान**

हालांकि, सरकार ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि सिनेमाघरों को इन शोज के दौरान दर्शकों की सहूलियत के लिए आवश्यक सुरक्षा उपायों का पालन करना होगा। आंध्र प्रदेश और केरल जैसे पड़ोसी राज्यों में भी 'कंगुवा' को लेकर उत्साह अधिक है।

**आंध्र प्रदेश और केरल के प्रशंसकों को तोहफा**

आंध्र प्रदेश और केरल में प्रशंसकों की भारी मांग को पूरा करने के लिए, थिएटर सुबह 4 बजे के विशेष शो आयोजित करेंगे। यह सुबह-सुबह का शोटाइम है जो आम तौर पर बहुप्रतीक्षित फिल्मों के लिए आरक्षित होता है, और यह दर्शाता है कि दर्शक फिल्म की रिलीज के लिए कितने उत्साहित हैं।

**350 करोड़ रुपये के बजट में बनी है 'कंगुवा'**

सूर्या अभिनीत फिल्म 'कंगुवा' को अब तक की सबसे महंगी तमिल फिल्मों में से एक माना जा रहा है, जिसका अनुमानित बजट 350 करोड़ रुपये से अधिक है। फिल्म को कई महाद्वीपों में फैले सात अलग-अलग देशों में शूट किया गया है, जो इसकी वैश्विक अपील और सीन के मामले में बेहतरीन प्रदर्शन को दर्शाता है। इस एक्शन फैंटेसी फिल्म में नटराजन सुब्रमण्यम, जगपति बाबू, योगी बाबू, रेडिन किंग्सले, कोवई सरला, आनंदराज, मारीमुथु, दीपा वेंकट, रवि राघवेंद्र और केएस रविकुमार भी सहायक भूमिकाओं में हैं।

# अमिताभ बच्चन ने रेखा को गिफ्ट की थी दो अंगूठियां, खुद एक्ट्रेस ने किया था खुलासा



अमिताभ बच्चन और रेखा के रिश्ते को लेकर आज भी चर्चा होती है, लेकिन एक वक्त ऐसा आया जब बिग बी ने रेखा के साथ काम करने से इनकार कर दिया। रेखा जो अक्सर अपने प्यार का इजहार किया करती थीं, वहीं अमिताभ इस मालमे में चुप्पी साधे रहते थे। रेखा ने इंटरव्यू में ये तक बताया था कि अमिताभ ने उन्हें एक नहीं बल्कि दो अंगूठियां गिफ्ट की थी, जिन्हें वो हमेशा पहने रखती थीं।

फिल्म 'सिलसिला' की तरह ही रेखा रियल लाइफ में भी अमिताभ और जया की लाइफ में दूसरी औरत बन गई थीं। हर तरफ उनके और बच्चन के अफेयर की खबरें थीं, लेकिन जया की नाराजगी के कारण अमिताभ ने रेखा के साथ काम करने से इनकार कर दिया। इंटरव्यू में रेखा ने खुद बताया था कि जया ने उन्हें घर बुलाकर हिदायत दी थी।

रेखा ने कहा था, "जया को इस रिश्ते से तब तक कोई आपत्ति नहीं थी जब तक उन्हें लगता था कि उनके पति केवल फ्लिंग कर रहे हैं। जब उन्हें एहसास हुआ कि वह वास्तव में इमोशनली इन्वॉल्व हैं, तभी उन्हें दुख होने लगा। उन्होंने मुझे एक शाम डिनर के लिए बुलाया और मेरे जाने से पहले, उसने मुझसे यह जरूर कहा, "चाहे कुछ भी हो जाए, मैं अमित को कभी नहीं छोड़ूंगी।"

**जब अमिताभ ने किया था रेखा के साथ काम करने से इनकार**

अमिताभ बच्चन ने रेखा के साथ काम करने से इनकार कर दिया था। इसके बारे में बात करते हुए रेखा ने कहा था, "जाहिर सी बात है कि मैं परेशान थी और उसके बाद हमारा रिश्ता टूट गया।

मैं उस समय खूबसूरत में काम कर रही थी और मैंने अपनी भूमिका में अपना दिल और आत्मा लगा दी थी। आप देखेंगे कि फिल्म के आखिरी भाग में मैंने अपनी दोनों अंगूठियां नहीं पहनी हैं। वे मुझे उन्होंने दी थीं और मैं उन्हें कभी नहीं हटाती थी, यहां तक कि सोते समय भी नहीं। लेकिन उन दिनों जब हम अलग हुए थे, मैंने उन्हें वापस कर दी।"

# मोहनलाल के बेटे प्रणव आखिर क्यों कर रहे हैं खेत में काम, फैंस वजह जानकर हो जाएंगे हैरान



मोहनलाल मलयालम फिल्मों में बड़ा नाम हैं, साथ ही वह तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और हिंदी फिल्मों में भी नजर आते हैं। अभिनय के अलावा वह पार्श्व गायन और निर्माता-निर्देशक के तौर पर सक्रिय रहते हैं। हाल ही में इसी नामी एक्टर के बेटे प्रणव को स्पेन में खेतों में काम करते हुए देखा गया। ऐसा करने के पीछे की वजह का खुलासा उनकी मां सुचित्रा ने किया।

**जिंदगी को जीना चाहते हैं**

प्रणव अपने माता-पिता मोहनलाल और सुचित्रा के इकलौते बेटे हैं। मोहनलाल की पत्नी सुचित्रा बताती हैं कि इन दिनों प्रणव स्पेन में खेतों में काम कर रहे हैं। वह कहती हैं, 'उसे मीडिया और खबरों से दूर रहना पसंद है। वह खुद एक अच्छा कलाकार है, लेकिन उसे यात्रा करना पसंद है, किताबें पढ़ने का बहुत शौक है। असल में वह एक खास कार्यक्रम वर्क अवे का हिस्सा है। इसमें रहने और खाने के बदले लोगों को काम करना पड़ता है।' सुचित्रा ने यह भी बताया कि प्रणव जिस कार्यक्रम का हिस्सा हैं, उसमें वह बकरियों और घोड़ों की देखभाल भी कर रहे हैं।

**प्रणव ने जीता अभिनय के लिए अवॉर्ड**

प्रणव अपने पिता मोहनलाल की तरह ही फिल्मों में अभिनय भी करते हैं। उन्होंने बतौर बाल कलाकार अपने करियर की शुरुआत की थी, साल 2002 की फिल्म 'ओन्नामन' में उन्होंने शानदार काम किया, इस फिल्म के लिए प्रणव को बाल कलाकार के तौर पर केरल का राज्य फिल्म पुरस्कार भी मिला। साल 2018 में उन्होंने बतौर मुख्य अभिनेता एक फिल्म की इस फिल्म का नाम 'आधी' था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की। इसके अलावा भी उन्होंने कुछ और फिल्मों में काम किया है।

**मोहनलाल की फिल्मों पर भी पत्नी ने रखी राय**

सुचित्रा ने अपने बेटे के खेतों में काम करने वाली बात का कारण बताया ही दिया है। पिछले दिनों उन्होंने अपने पति मोहनलाल की फिल्मों पर भी अपनी राय रखी। सुचित्रा ने कहा था कि अगर मुझे अपने पति की कोई फिल्म पसंद नहीं आती है, तो मैं उन्हें कह देती हूं। इस तरह से वह अपनी राय मोहनलाल की फिल्मों के बारे में रखती हैं।



# केंद्रीय मंत्री ने दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले की शुरुआत की, 'तेजी से आगे बढ़ेगा बिहार

नई दिल्ली,14 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में 43वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) का उद्घाटन किया। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अनुसार, 14 से 27 नवंबर तक चलने वाला यह आयोजन भारत की विविध संस्कृति, व्यापार और नवाचार के जश्न की तरह है। व्यापार और सहयोग के लिए यह एक वैश्विक मंच प्रदान करता है। उद्घाटन समारोह के दौरान, गोयल ने बताया कि सरकार का लक्ष्य भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) को एक विश्व स्तरीय एजेंसी के रूप में विकसित करना है, जो भारत के उद्योग और मूल्य श्रृंखला को एक इकाई के रूप में प्रदर्शित करे। उन्होंने कहा कि लक्ष्य भारत को एक प्रमुख एमआईसीई (बैठकें, प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनी) गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। बैंगलोर, मुंबई, चेन्नई, लखनऊ, वाराणसी और नोएडा जैसे शहरों में व्यापार सुविधाओं के लिए नियोजित विस्तार पर विचार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के दृष्टिकोण के बारे में बताते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने आईआईटीएफ की



थीम विकसित भारत @2047 की सराहना की। पीएम का दृष्टिकोण 2047 तक भारत को एक समृद्ध, आत्मनिर्भर देश बनाना है। गोयल ने व्यापार आयोजनों में डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने पर जोर दिया और सुचारू लेन-देन की सुविधा के लिए कियोस्क स्थापना की योजनाओं का उल्लेख किया। गोयल ने अंतरराष्ट्रीय भागीदारी की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला, वैश्विक प्रदर्शकों को उपभोक्ता विकल्पों को व्यापक बनाने के लिए भारतीय व्यापार मेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने आईटीपीओ से उन मामलों के लिए आभासी व्यापार मेलों की खोज करने का आग्रह किया जहां भौतिक प्रदर्शन आवश्यक नहीं हैं।

**भारत और विदेश से 3,500 से अधिक प्रतिभागी होंगे मेले में शामिल**

इस वर्ष का आईआईटीएफ 107,000 वर्ग मीटर में फैला हुआ है, जिसमें भारत और विदेश से 3,500 से अधिक प्रतिभागी शामिल हैं। बिहार और उत्तर प्रदेश भागीदार राज्य हैं, जबकि झारखंड फोकस राज्य है, जो मेले के दौरान अपनी संस्कृति, व्यापार क्षमता और उत्पादों का प्रदर्शन करेगा। प्रतिभागियों में 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों, 49 केंद्रीय मंत्रालयों और टाइटन, जिंदल स्टील एंड पावर, जेएसडब्ल्यू स्टील, रिलैक्सो और हॉकिन्स जैसी प्रमुख निजी फर्मों के प्रतिनिधि शामिल हैं। चीन, मिस्र, ईरान, दक्षिण कोरिया और यूएई जैसे देशों के अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शक भी मेले में शामिल हो रहे हैं। मेले में प्रतिदिन लगभग एक लाख आगंतुकों के शामिल होने की उम्मीद है। आगंतुक 14 से 18 नवंबर तक व्यावसायिक दिनों में और 19 से 27 नवंबर तक सामान्य दिनों में मेले में भाग ले सकते हैं।

**तेजी से आगे बढ़ेगा बिहार-निदेशक**

बिहार सरकार के हथकरघा व रेशम उत्पादन विभाग के निदेशक निखिल धनराज निपाणीकर ने अमर उजाला से कहा कि राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देकर राज्य की आर्थिक स्थिति बेहतर करने की कोशिश की जा रही है। राज्य के अलग-अलग जिलों में स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देकर लोगों को रोजगार के साथ-साथ आर्थिक समृद्धि प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। धनराज निपाणीकर ने कहा कि राज्य में निवेश के लिए उपयोगी माहौल बनाने की पहल की जा रही है। अच्छी सड़कें और निवेश के योग्य माहौल देकर व्यापारियों को निवेश के लिए आकर्षित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बिहार देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएगा।

बिहार पवेलियन में सभ्यता द्वार, बोधि वृक्ष, ग्लास ब्रिज, आधुनिक नालंदा विश्वविद्यालय एवं मधुबनी पेंटिंग, मंजूषा पेंटिंग और टिकुली आर्ट को दिखाया गया है।दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने पहले ही दिन दिल्ली पवेलियन का दौरान किया। दिल्ली पवेलियन हॉल नंबर तीन में द्वितीय तल पर लगाया गया है। पवेलियन में दिल्ली सरकार के कार्यों को दिखाने के लिए अलग-अलग स्टाल लगाए गए हैं। दिल्ली सरकार का टूरिज्म, सार्वजनिक परिवहन और समाज कल्याण विभाग के अलग-अलग स्टॉल लोगों को सरकार के कार्यों की जानकारी दे रहे हैं।

## 10, 20 नहीं... पूरे 85 बिलियन डॉलर का अंतर, दुनिया के नंबर वन और टू अमीर के बीच बढ़ रहा फासला, कहां हैं अंबानी और अडानी?




नई दिल्ली,14 नवंबर (एजेंसियां)। दुनिया के नंबर एक और नंबर दो अमीरों के बीच दौलत का फासला लगातार बढ़ रहा है। यह फासला कोई 10 या 20 बिलियन डॉलर का नहीं, बल्कि पूरे 85 बिलियन डॉलर का है। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क 320 बिलियन डॉलर की नेटवर्थ के साथ पहले स्थान पर और जेफ बेजोस 235 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

**ट्रंप की जीत के बाद तेजी से बढ़ी मस्क की दौलत**

5 नवंबर को डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका का राष्ट्रपति चुनाव जीता था। ट्रंप और मस्क के संबंध जगजाहिर हैं। ट्रंप की जीत के बाद मस्क की कंपनी टेस्ला के शेयरों में तूफानी तेजी आई थी। इससे मस्क की दौलत में भी काफी बढ़ोतरी हुई है।

4 नवंबर को टेस्ला के शेयर की कीमत 242.84 डॉलर थी। आज इसकी कीमत अभी 330.24 डॉलर है। ऐसे में देखा जाए तो मात्र 10 दिनों में इसकी कीमत में करीब 36 फीसदी की तेजी आई है। वहीं उम्मीद है कि आने वाले समय में इसमें और तेजी देखी जा सकती है।

**19 दिन में 50 बिलियन डॉलर की कमाई**

एलन मस्क इस समय बहुत तेजी से पैसा कमा रहे हैं। 19 दिनों में इनकी नेटवर्थ में 50 बिलियन डॉलर की तेजी आई है। वहीं इतने समय में जेफ बेजोस की संपत्ति करीब आधी बढ़ी है। इन 19 दिनों में जेफ बेजोस ने 26 बिलियन डॉलर की कमाई की है।

**कोई नहीं है टक्कर में**

दौलत के मामले में फिलहाल एलन मस्क की टक्कर में कोई नहीं है। दुनिया के चार ही ऐसे अमीर हैं जिनकी नेटवर्थ 200 बिलियन डॉलर से ज्यादा है। इसमें एलन मस्क और जेफ बेजोस के मार्क जकरबर्ग (205 बिलियन) और लैरी एलिसन (203 बिलियन) शामिल हैं।

**कहां हैं अंबानी और अडानी?**

इस लिस्ट में अंबानी और अडानी मस्क से कोसों दूर हैं। दुनिया के अमीर लोगों की लिस्ट में मुकेश अंबानी 17वें पर हैं। अंबानी की नेटवर्थ 94.4 बिलियन डॉलर है। वहीं 86.8 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ अडानी इस लिस्ट में 18वें नंबर पर हैं।

## डोनाल्ड ट्रंप की जीत का मिलेगा भारत को फल, जल्द सस्ता हो सकता पेट्रोल-डीजल!

वाशिंगटन,14 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की वापसी से दुनिया में कई बदलाव होने की उम्मीद है। अमेरिका में अगले साल जनवरी में सत्ता परिवर्तन होगा और इसका असर दुनिया की कई पॉलिसीज पर पड़ेगा। लेकिन सबसे बढ़िया फायदा भारत के आम लोगों को हो सकता है, क्योंकि उन्हें सस्ते पेट्रोल और डीजल की सौगात मिल सकता है। भारत के पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी का कहना है कि डोनाल्ड ट्रंप की वापसी से दुनिया में कच्चे तेल की सप्लाई बढ़ेगी। इससे उसकी कीमतें नीचे आने की उम्मीद है और इसका भरपूर फायदा भारत को मिलने जा रहा है।

**बढ़ जाएगी कच्चे तेल की सप्लाई**

हरदीप सिंह पुरी ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की सप्लाई बढ़ेगी। अमेरिका से भी बहुत सारा कच्चा तेल मार्केट में आएगा। अमेरिका अभी 13 लाख बैरल प्रतिदिन के हिसाब से कच्चे तेल का प्रोडक्शन करता है। इसमें 10 लाख बैरल प्रतिदिन का उत्पादन और बढ़ने की उम्मीद है, और यकीन मानिए डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद ये पक्के तौर पर होने जा रहा है।अगर अमेरिका का कच्चा तेल उत्पादन और एक्सपोर्ट बढ़ता है, तो ईटी की एक खबर के मुताबिक कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर दबाव कम होगा। चीन की ओर से डिमांड



में कमी और बढ़ते कच्चे तेल उत्पादन ने पहले ही इसकी कीमतों को थोड़ा नरम किया है।

**इतना नीचे आ सकती हैं कीमतें**

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का कहना है कि कच्चे तेल की कीमतें 70 डॉलर प्रति बैरल तक आ सकती हैं। ये भारत और दुनिया के लिए बहुत बेहतर होगा। हालांकि यूरोप में रूस और यूक्रेन एवं पश्चिम एशिया में इजराइल और ईरान के बीच का तनाव और ऑयल प्रोड्यूसिंग देशों का उत्पादन में कटौती करना कच्चे तेल की कीमतों पर मामूली असर डाल सकता है। वैसे डोनाल्ड ट्रंप की वापसी के साथ ये उम्मीद और मजबूत हो गई है कि वह यूक्रेन और रूस के बीच का तनाव सुलझाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। साथ ही इजराइल की स्थिति को भी संभालने का काम कर सकते हैं। ऐसा होता है, तो दुनियाभर में हालात तेजी से बदलते दिखने लगेंगे।

## शेयर बाजार गिरावट पर बंद, सेंसेक्स 77,580 पर क्लोज तो निफ्टी 23,532 पर बंद

नई दिल्ली,14 नवंबर (एजेंसियां)। शेयर बाजार की गिरावट का सिलसिला थम नहीं रहा है और इसमें आज भी लाल निशान पर क्लोजिंग हुई है. बैंक निफ्टी में हालांकि बाजार बंद होते समय तेजी के हरे निशान में ही क्लोजिंग हुई है. शेयर बाजार की क्लोजिंग आज हल्की गिरावट के साथ हुई है. बीएसई का सेंसेक्स 110.64 अंकों या 0.14 फीसदी की गिरावट के साथ 77,580 पर क्लोज हुआ है और एनएसई का निफ्टी 26.35 अंक या 0.11 फीसदी की गिरावट के साथ 23,532 पर बंद हुआ है. बैंक निफ्टी में हालांकि आज अच्छी चाल देखी गई और ये 91 अंक चढ़कर 50,179 पर क्लोज हुआ है।

**सेंसेक्स के शेयरों का हाल**

बीएसई सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 10 शेयरों में उछाल के साथ कारोबार बंद हुआ है और 20 शेयर




ऐसे हैं जो गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं. चढ़ने वाले शेयरों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा, एमएंडएम, एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआईसी बैंक और टाइटन के शेयरों में तेजी के साथ कारोबार हो रहा है।

**सेंसेक्स के गिरने वाले शेयर**

सेंसेंक्स के गिरने वाले शेयरों में एचयूएल सबसे ज्यादा गिरावट के साथ बंद हुआ है और नेस्ले इंडस्ट्रीज 2.33 फीसदी टूटकर बंद हुआ है. एनटीपीसी, इंडसइंड बैंक, पावरग्रिड, अडानी पोर्ट्स, टाटा मोटर्स, बजाज फिनसर्व, आईटीसी के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट के साथ कारोबार बंद हुआ है.

**सेक्टरवार शेयरों का हाल**

सेक्टरवार अगर हाल देखें तो बैंक, ऑटो, फाइनेंशियल, आईटी, मीडिया, रियल्टी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और हेल्थकेयर सेगमेंट में आज तेजी के साथ कारोबार बंद हुआ है जबकि एफएमसीजी, मेटल, फार्मा, पीएसयू बैंक और ऑयल एंड गैस के शेयरों में गिरावट के साथ क्लोजिंग देखने को मिली है।

**बीएसई का मार्केट कैपिटलाइजेशन**

बीएसई का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज 430.60 लाख करोड़ रुपये पर आ गया है और अपने ऑलटाइम हाई से ये कई लाख करोड़ रुपये गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है. बीएसई पर 4050 शेयरों में कारोबार बंद हुआ और 2145 शेयरों में तेजी के साथ क्लोजिंग देखी गई है।

## सोना 74 हजार रुपए के नीचे

**बीते 15 दिनों में ये 5,737 रुपए सस्ता हुआ, चांदी 87,558 रुपए प्रति किलो बिक रही**

नई दिल्ली,14 नवंबर (एजेंसियां)। सोने-चांदी की कीमतों में आज (14 नवंबर) बड़ी गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का भाव 1,316 रुपए गिरकर 73,944 रुपए पर आ गया। इससे पहले इसके दाम 75,260 रुपए प्रति दस ग्राम था। चांदी की कीमत में भी आज गिरावट रही। ये 2,189 रुपए गिरकर 87,558 रुपए प्रति किलो हो गई। इससे पहले चांदी 89,747 रुपए पर थी। वहीं, 23 अक्टूबर को चांदी ने 99,151 रुपए का और 30 अक्टूबर को सोने ने 79,681 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। बीते 15 दिनों में 24 कैरेट सोना 5,737 रुपए (7%) प्रति 10 ग्राम सस्ता हो चुका है। 30 अक्टूबर को 24 कैरेट सोना 79,681 रुपए प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर था, जो अब 73,944 रुपए पर आ गया है। वहीं चांदी वहीं, 23 अक्टूबर को चांदी ने 99,151 रुपए पर पहुंच गई थी, जो अब 87,558 रुपए प्रति किलो पर है।

**महानगरों सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत



69,500 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 75,800 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 69,350 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 75,650 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 69,350 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 75,650 रुपए है।

**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 69,350 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 75,650 रुपए है।

**भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 69,400 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 75,700 रुपए है।

**हैदराबाद :**(गोल्ड) का रेट 24 कैरेट के लिए 75,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट के लिए 69,350 रुपये है।

## एनएमडीसी को प्राप्त हुए अनेक पुरस्कार




हैदराबाद, 14 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। एनएमडीसी मुख्यालय हैदराबाद को नराकास (उपक्रम), हैदराबाद सिकंदराबाद को मिधानी परिसर में संपन्न 60वीं अर्धवार्षिक बैठक में अनेक पुरस्कार प्राप्त हुए।

राजभाषा गृह पत्रिका "खनिज भारती" को संयुक्त प्रथम पुरस्कार जो एनएमडीसी को पुरस्कार की स्थापना के बाद 8 वर्षों में से 7 वर्ष प्राप्त हुआ है। साथ ही अंतर उपक्रम प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए एनएमडीसी को राजभाषा प्रेरणा पुरस्कार प्राप्त हुआ।

एनएमडीसी प्रत्येक वर्ष नराकास (उपक्रम) के सदस्य कार्यालयों के लिए नराकास के तत्वावधान में एक हिंदी प्रतियोगिता का आयोजन करता है।

इसके अतिरिक्त एनएमडीसी के एस.के.सनोडिया, उप प्रबंधक (सचि.) को भारत सरकार, राजभाषा विभाग की स्मारिका में प्रकाशित आलेख के लिए राजभाषा सौरभ पुरस्कार एवं नराकास की पत्रिका में प्रकाशित आलेख के लिए सम्मान; डॉ रजिंदर कौर, वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) को भारत सरकार, राजभाषा विभाग की स्मारिका में आलेख भेजने के लिए राजभाषा परिमल पुरस्कार एवं नराकास की पत्रिका में प्रकाशित आलेख के लिए सम्मान; देबाशीष घोष, वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) को नराकास की सभी प्रतियोगिताओं में मुख्य पर्यवेक्षक का दायित्व निभाने पर सम्मान प्राप्त हुआ। नराकास द्वारा आयोजित अनुवाद प्रतियोगिता में श्रीमती श्यामला पुष्पलता रेड्डी, सहायक, कार्मिक को पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस बैठक एवं पुरस्कार समारोह में एनएमडीसी का प्रतिनिधित्व प्रदीप कुमार सक्सेना, मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) ने किया मुख्यालय के राजभाषा विभाग के उप महाप्रबंधक (राजभाषा) रुद्रनाथ मिश्र सहित एनएमडीसी के राजभाषा विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## मेट्रो स्टेशन पर मिलेगा ट्रेड फेयर का टिकट

नई दिल्ली,14 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली के भारत मंडपम में 43वां भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ) शुरू हो चुका है। ये 14 से 27 नवंबर तक चलने वाला है। इस मेले में भारत के लगभग सभी राज्यों की संस्कृति और खूबी देखने को मिलती है। वहीं दुनिया के कई देश भी इसमें हिस्सा लेते हैं। अगर आप इस मेले को देखने जाना चाहते हैं, तो दिल्ली मेट्रो ने आपकी मुश्किल को आसान बनाने का काम किया है। आप इन मेट्रो स्टेशन से मेले के टिकट खरीद सकते हैं।दिल्ली मेट्रो ने इस बार मेले के टिकट खरीदना बहुत आसान किया है। अब लोग मेट्रो के 55 बड़े स्टेशनों से मेले का टिकट ले सकते हैं। इसके अलावा दिल्ली मेट्रो की ऐप पर भी ऑनलाइन क्यूआर कोड टिकट की सुविधा मिल रही है। वहीं भारत मंडपम, आईटीपीओ की साइट पर भी मेले के टिकट मौजूद हैं।मेले के टिकट दिल्ली मेट्रो के कई बड़े स्टेशनों पर मिलेंगे। इनमें रेड लाइन पर शहीद स्थल, दिलशाद गार्डन और रिठाला स्टेशन शामिल हैं। येलो लाइन के स्टेशनों की बात करें तो समयपुर बादली, आजादपुर और गुरुग्राम का मिलेनियम सिटी सेंटर इसमें शामिल है।




**हैदराबाद स्थित जोनल आफिस में आयोजित फंक्शन में, एलआईसी गोल्डन जुबली फाउण्डेशन की ओर से, स्वयंकृषि ट्रस्ट के निदेशक डा. मंजुला कल्याण को 33 सीट्स युक्त स्कूल बस को सौंपते हुए, एलआईसी एससीजेड आंचलिक प्रबंधक पुनीत कुमार सहित उपस्थित संबंधित अधिकारीगण । आर. सतीश बाबू, राजेश भारव्दाज, उथुप जोसेफ, श्रीमती सरस्वती गोपकुमार, जीबीवी रामय्या, जी.मधुसूदन एवं वरिष्ठ कर्मचारीगण उपस्थित थे।**

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य -दक्षिणायन- ऋतु -हेमन्त
महावीर निर्वाण संवत -2051, हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
सूर्योदय - 06-24
सूर्यास्त. - 17-36
भोग्य कलि वर्ष-426875
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत-1955885125

| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | तुला | मे | तुला-- 04-20 बजे |
| चंद्र- | मेष | मे | वृश्चिक-06-30 बजे |
| मंगल | कर्क | मे | धनु---- 08-43 बजे |
| बुध- | वृश्चिक | मे | मकर...10-50 बजे |
| गुरु- | वृष | मे | कुंभ- 12-40 बजे |
| शुक्र- | धनु | मे | मीन- 14-18 बजे |
| शनि- | कुंभ | मे | मेष--- 15-54 बजे |
| राहु- | मीन | मे | वृष--- 17-39 बजे |
| केतु- | कन्या | मे | मिथुन 19-39 बजे |
| | | | कर्क-- 21-52 बजे |
| | | | सिंह--- 00-04 बजे |
| | | | कन्या--02-10 बजे |

दिशाशूल -- पश्चिम - दही खाकर घर से निकले
तिथि- पूर्णिमा 02-58 तक उपरान्त प्रतिपदा
मास - कार्तिक शुक्ल , शुक्रवार 15 November
नक्षत्र - भरणी 21-54 तक उपरान्त कृत्तिका
योग - व्यतिपात 07-29 तक उप वरियान
करण- विष्टी 16-37 तक उप बव
विशेष:- कार्तिक पूर्णिमा व्रत
व्रत -त्योहार - श्रीगुरु नानक देव जयन्ती

विशेष:- राशिफल "ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए ।

**राहुकाल 10:36 से 12:01 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो.9247132654,8309517693**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चंचल | 06:24 - 07:47 | शुभ | रोग. | 17:36 - 19:15 | अशुभ |
| लाभ | 07:47 - 09:11 | शुभ | काल. | 19:15 - 20:50 | अशुभ |
| अमृत | 09:11 - 10:36 | शुभ | लाभ. | 20:50 - 22:25 | शुभ |
| काल. | 10:36 - 12:01 | अशुभ | उत्पात | 22:25 - 00:01 | अशुभ |
| शुभ. | 12:01 - 13:25 | शुभ | शुभ. | 00:01 - 01:36 | शुभ |
| रोग | 13:25 - 14:50 | अशुभ | अमृत | 01:36 - 03:12 | शुभ |
| उत्पात | 14:50 - 16:14 | अशुभ | चंचल | 03:12 - 04:47 | शुभ |
| चंचल | 16:14 - 17:36 | शुभ | रोग | 04:47 - 06:24 | अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
अपने बेकार हो गए प्रयासों से निराश न हो , आपको फिर से खड़े होकर प्रयास और कार्य करने की जरुरत है ! बेशक आपके द्वारा दी गयी जानकारियों से अहम मुद्दों का हल न निकला हो , लेकिन आपको इससे कुछ जटिल विवरणों की एक बेहतर जानकारी मिलेगी । आप आज के दिन का आनंद ले क्यों की अतीत के निवेश से आपको आर्थिक रूप से लाभ होगा ।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आपके प्रतियोगी आपको नीचा दिखाने की कोशिश करेंगे , लेकिन आपकी विस्फोटक आत्मविश्वास की भावना आपको अपराजेय रखेगी । इस समय आप अपना विनम्र स्वाभाव बंद करे ताकि कोई आपका अनुचित लाभ न ले । आपको कुछ अप्रत्याशित धन प्राप्त हो सकता है जिसका इंतजार आप लम्बे समय से कर रहे थे ।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
इस बात के काफी मजबूती से संकेत मिल रहे है की आप को अपनी नौकरी की वजह से विदेश जाना पड़ सकता है । जिन विद्यार्थियों ने वीसा के लिए आवेदन किया हुआ है उनका काम आज पूर्ण होने के आसार बन रहे है । आपका कार्य स्थान का परिवर्तन ऐसी जगह हो सकता है जिससे आप अनजान हो ।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
यात्रा और यात्रा के व्यवसायों से जुड़े लोगों के लिए ये अच्छा समय है और आप इस से अच्छा धन लाभ कमा सकते है ! आप उच्च अधिकारियों के साथ संबंध बनाने के लिए प्रयासरत रहे और जिससे आप जल्द ही कुछ लाभ पा सकते हैं । आप संपत्ति या कीमती धातुओं में भी निवेश कर सकते हैं।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
लालच आज आपके रास्ते में दिखाई देगा, लेकिन आवश्यक है की आप सही मार्ग पर चले । गलत और छोटे रास्ते अंत में आपके करियर के लिए हानिकारक हो सकते है । सही रास्ता चुनना इतना आसान नहीं होगा और ये तभी हो सकता है जब लालच आप पर हावी न हो । अगर आप अपने से यह नहीं कर सकते हैं, तो एक सच्चे शुभचिंतक की सहायता ले सकते है जो आपको मजबूत रहने में मदद करेग।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आज का दिन उनके लिए अछा है जो की निर्माण के व्यवसाय से जुड़े है । आज के दिन आपको जाँच परख कर निवेश करना है क्योंकि ये अवसर लघु समय के लिए है । अगर आप अपने लिए घर खरीदने की सोच रहे है तो आपको अच्छे प्रस्ताव मिल सकते है । अपने इस चीज़ के लिए जो वित्तीय रणनीति बनाई थी उनका फल अब आपको मिल सकता है ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आपके कार्यस्थल पर कोई अपने घमंड में अपनी उपलब्धियों को गिना सकता है , परन्तु आप बुरा न माने क्यों की वह आपको बुरा महसूस कराना चाहता है। आपने इस अनुपात में पहले ही इन उपलब्धियों को छुआ है । वित्तीय मोर्चे पर आप को पहले ही आपकी जरुरत या उससे ज्यादा ही मिला है जिसे आप संजोके रख सकते है ।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आप इस समय परिस्थितियों के गहन अर्थ को समझने की कोशिश में रहेंगे ! आप हाल ही में अपने पुरे किये गए कार्यों की समीक्षा करेंगे और अपने काम को और बेहतर बनाने के तरीके पर गौर करेंगे । हालांकि वित्तीय प्रबंधन आपके लिए मुश्किल साबित हो सकता है । आपके लिए धन संचित करना मुश्किल होगा !

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
आज आप अपने सहयोगियों और ग्राहकों के साथ बेहतर संबंध बनायेंगे । आज कुछ ऐसा नया करने के लिए ये दिन अच्छा है , जिसमे आपके प्रभावशाली कौशल की आवश्यकता हो , हालांकि जो लोग बीमार हैं , वो लोग घर से काम शुरू कर सकते है। इससे अप्रत्याशित रूप से आपके काम की गुणवत्ता में सुधार होगा और उस समय की बचत भी होगी जो यात्रा में बर्बाद हो रहा था ।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
अगर आप इसे बारे में सतर्क और जागरूक रहे की दूसरे क्या कर रहे हैं , तो आप अपने व्यक्तिगत काम में बेहतर तरीके से सुधार कर सकते हैं। उनकी चिंताओं को समझने की कोशिश करे और एक तारतम्य स्थापित करे की आप क्या चाहते है और उन्हें क्या चाहिए । अतीत में की गई निवेश की गलतियाँ का भुगतान अब आपको करना पड़ सकता है।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आज आप अपनी नौकरी से संबंधित अच्छी खबर प्राप्त कर सकते है । यह एक पदोन्नति , वेतन वृद्धि , एक नई जिम्मेदारी , एक नया इच्छित स्थान , एक अलग कंपनी से नौकरी या प्रस्ताव का परिवर्तन हो सकता है। आप कम समय में अपने आप को तैयार रखे। । यह टेलीफोन पर या सन्देश के माध्यम से भी किया जा सकता है ।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
जब आप एक नई परियोजना में तल्लीन हो जाओगे तो शायद ही अन्य बातों के लिए आपको समय मिलेगा । आपको सावधान रहने की जरुरत है की रास्ते में आ रही किसी भी महत्वपूर्ण जानकारी आप से छूट न जाये ! यह एक उच्च स्थान प्राप्त करने में सहायता करने के लिए महत्वपूर्ण संदेश भी हो सकता है। वित्तीय स्थिति स्थिर रहेगी जिसके लिए आप लम्बे समय से प्रयासरत थे।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# कश्मीर में एमय राइफल की मौजूदगी से मचा हड़कंप

## आतंकियों तक कैसे पहुंचे अमेरिकी सेना के हथियार



जम्मू, 14 नवंबर (एजेंसियां)। जम्मू और कश्मीर में एम4 राइफल की मौजूदगी ने सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े कर दिए हैं। सूत्रों के मुताबिक, 2021 में अमेरिकी सेना द्वारा अफगानिस्तान से वापसी के बाद छोड़े गए हथियार अब पाकिस्तान से घुसपैठ कर कश्मीर आने वाले आतंकवादियों तक पहुंच रहे हैं। हाल ही में जम्मू और कश्मीर में मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों ने एम4 कार्बन असॉल्ट राइफल बरामद की, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि अतंकवादी अब एके-47 की जगह एम4 राइफल का इस्तेमाल ज्यादा कर रहे हैं। माना जा रहा है कि ये राइफलें मुख्य रूप से अफगानिस्तान से खरीदी जा रही हैं और पाकिस्तान में इनकी कॉपी भी बनाई जा रही है।

**सीसीटीवी फुटेज में एम4 राइफल के साथ नजर आए थे आतंकी**

जम्मू और कश्मीर के गंदेरबल जिले में टनल परियोजना में काम कर रहे मजदूरों और कर्मचारियों पर हुए आतंकवादी हमले में सीसीटीवी फुटेज में आतंकवादियों को एम4 राइफल के साथ देखा गया था। इसी के साथ खुलासा हो गया कि पाकिस्तान की शहर पर कश्मीर में आतंक फैलाने वाले आतंकियों के पास ये खतरनाक हथियार आ गए हैं। इससे पहले भी 2017 में हिज्बुल मुजाहिदीन के टॉप कमांडर समीर टाइगर और 2018 में जैश ए मोहम्मद के पाकिस्तानी कमांडर अबु तल्हा के पास से एम4 राइफलें बरामद हो चुकी हैं। जब अमेरिकी और नाटो की सेना अफगानिस्तान में तैनात थी, तो पाकिस्तान के कराची और अफगानिस्तान की सीमा से लगे खैबर पख्तूनख्वा से इन राइफलों की जमकर सप्लाई होती थी।

**किन खूबियों से लैस होती है एम4 राइफल**

एम4 राइफल एक हल्की, गैस-ऑपरेटेड, एयर-कूल्ड, मैगज़ीन फेड असॉल्ट राइफल है। इसकी खास बात यह है कि ये प्रति मिनट 700 से 900 राउंड फायर कर सकती है। यह 500 से 600 मीटर की दूरी पर बेहद आराम से निशाना साध सकती है, जबकि इसकी अधिकतम रेंज 3600 मीटर तक होती है। इसके अलावा, इसमें नाइट विजन जैसी सुविधाएं भी होती हैं, जो इसे और भी ज्यादा घातक बनाती हैं। इस राइफल का इस्तेमाल विशेष रूप से जैश-ए-मोहम्मद के पाकिस्तानी कमांडर करते रहे हैं, और यह राइफल जम्मू के अखनूर सेक्टर में मारे गए आतंकवादियों के पास से भी बरामद हुई थी।

**डिफेंस एक्सपर्ट्स ने जताई गहरी चिंता**

रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक, सीमा पार से एम4 जैसे अत्याधुनिक असॉल्ट राइफलों का कश्मीर में आतंकवादियों के पास पहुंचना एक गंभीर चिंता का विषय है। खुफिया सूत्रों का कहना है कि 2021 में अमेरिकी सेना अफगानिस्तान में 3 लाख छोटे हथियारों और हजारों एम4 राइफलों सहित लगभग 7 बिलियन डॉलर मूल्य के सैन्य उपकरण छोड़कर चली गई थी। ये हथियार अब पाकिस्तान से होते हुए कश्मीर में आतंकियों तक पहुंच रहे हैं, जो क्षेत्र की सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बन गया है।

# एमएनएस ने जीती शिवाजी पार्क की लड़ाई

## 17 नवंबर को करेगी रैली, बीएमसी ने उद्धव ठाकरे की पार्टी को नहीं दी परमिशन





मुंबई, 14 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले मतदान से पहले प्रचार-प्रसार तेज हो गया है। इसी कड़ी में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना 17 नवंबर को दादर के शिवाजी पार्क मैदान में रैली करने वाली है। मनसे की तरफ से राज ठाकरे की मीटिंग शेड्यूल में 17 नवंबर की सभा का जिक्र किया गया है, जिसमें लोकेशन शिवाजी पार्क लिखा गया है। हालांकि, 17 नवंबर को शिवाजी पार्क में रैली करने के लिए शिवसेना उद्धव गुट और मनसे दोनों ने बीएमसी से परमिशन मांगी थी।

लेकिन, बीएमसी ने मनसे को रैली के लिए परमिशन दी है। बैठक को लेकर एबीपी न्यूज से बातचीत के दौरान मनसे नेता यशवंत किलेदार ने कहा कि आज शाम तक बीएमसी हमें शिवाजी पार्क में रैली की परमिशन दे देगी। इसलिए भविष्य को देखते हुए हमने शेड्यूल में लिख दिया है, नियमों के तहत पहले अर्जी हमने दी थी। दूसरी तरफ मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे बीड दौरा रद्द हो गया है, जिस हेलीकॉप्टर से वे बीड जाने वाले थे, उसमें तकनीकी खराबी आ गई। इसके चलते ठाकरे को अपना दौरा रद्द करना पड़ा।

**मनसे के 100 से ज्यादा उम्मीदवार मैदान में**

इस बार के विधानसभा चुनावों में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना भी चर्चाओं में बनी हुई है। मनसे ने 100 से ज्यादा उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। ऐसे में कितनी सीटों पर उनके उम्मीदवार जीत पाएंगे, इसको लेकर काफी उत्सुकता है। वैसे राज ठाकरे कई जगह पर सीएम एकनाथ शिंदे की शिवसेना को समर्थन देने का ऐलान कर चुके हैं, जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में राज ठाकरे ने बीजेपी विरोधी रुख अपनाया था। वहीं हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान राज ठाकरे ने कहा था कि वो बीजेपी के साथ सहज हैं। उनके बयान के बाद अब संभावना जताई जा रही है कि अगर महायुति सत्ता में आती है तो मनसे उनके साथ सरकार में शामिल हो सकती है।

## साध्वी प्रज्ञा की बढ़ीं मुश्किलें, फिर जारी हुआ वारंट मालेगांव ब्लास्ट केस की सुनवाई में नहीं हुई थीं शामिल



भोपाल, 14 नवंबर (एजेंसियां)। बीजेपी की पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को मालेगांव ब्लास्ट मामले में अदालत में पेश नहीं होने की वजह से नया वारंट जारी किया गया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) मामलों की विशेष अदालत की ओर से साध्वी प्रज्ञा के खिलाफ दो सप्ताह के भीतर जारी किया गया यह दूसरा वारंट है। 16 साल पुराने मालेगांव ब्लास्ट केस की सुनवाई में 13 नवंबर को पूर्व सांसद पेश नहीं हुई थीं। गैरहाजिरी के कारण कोर्ट ने एक और वारंट जारी किय है। कुछ दिन पहले साध्वी प्रज्ञा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट भी किया था, जिसमें उन्होंने लिखा था, कांग्रेस का टॉर्चर सिर्फ एटीएस कस्टडी तक ही नहीं, मेरे जीवन भर के लिए मृत्युदाई कष्ट का कारण हो गए। ब्रेन में सूजन, आंखों से कम दिखना, कानों से कम सुनना। बोलने में असंतुलन स्टेरॉयड और न्यूरो की दवाओं से पूरे शरीर में सूजन एक हॉस्पिटल में उपचार चल रहा है। जिंदा रही तो कोर्ट अवश्य जाऊंगी।

**पहले भी जारी हुआ था वारंट**

2008 के मालेगांव ब्लास्ट मामले की कार्रवाई में शामिल नहीं होने को लेकर तब भी एनआई कोर्ट ने साध्वी प्रज्ञा के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था। कोर्ट के न्यायाधीश एके लाहोटी की तरफ से कहा गया था कि मामले में अंतिम बहस चल रही है, ऐसे में साध्वी प्रज्ञा को कोर्ट में उपस्थित होना जरूरी है। लेकिन, वे कोर्ट में पेश नहीं हुईं, इसलिए उनके खिलाफ 10 हजार रुपये का जमानती वारंट जारी किया है। इस वारंट को 13 नवंबर तक वापस करने का समय दिया गया था। जमानती वारंट को लेकर पूर्व सांसद के वकील जेपी मिश्रा ने कोर्ट में कहा कि साध्वी प्रज्ञा का स्वास्थ्य ठीक नहीं है। इसलिए उन्हें कोर्ट की सुनवाई में छूट दी जाए।

# महाराष्ट्र चुनाव में 'बटेंगे तो कटेंगे' का विरोध कर रहीं पंकजा मुंडे का दर्द समझना जरूरी है



मुंबई, 14 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी की एमएलसी पंकजा मुंडे ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महाराष्ट्र में इस्तेमाल किए गए नारे बटेंगे तो कटेंगे के खिलाफ बयान देकर एक बार फिर पार्टी से पंगा ले लिया है। इसके पहले महायुति गठबंधन के हिस्सा एनसीपी के मुखिया अजित पवार ने भी बंटेंगे तो कटेंगे भाषण से अपना इत्तिफाक नहीं जताया था। इंडियन एक्सप्रेस को दिए एक साक्षात्कार में पंकजा ने कहा, सच कहूं तो मेरी राजनीति अलग है। मैं इसे सिर्फ इसलिए समर्थन नहीं दूंगी कि मैं उसी पार्टी की हूं। मेरा मानना है कि हमें सिर्फ विकास पर काम करना चाहिए। एक नेता का काम है कि वह इस भूमि पर रहने वाले हर व्यक्ति को अपना बनाए। इसलिए हमें महाराष्ट्र में ऐसे किसी मुद्दे को नहीं लाना चाहिए। अपने बयानों के चलते पंकजा को बहुत दिनों तक राजनीतिक वनवास में रहना पड़ा है। महाराष्ट्र के दिवंगत गोपीनाथ मुंडे की दोनों बेटियों पंकजा और प्रीतम के साथ सब कुछ अच्छा नहीं चल रहा है। हालांकि पिछड़ी जातियों विशेषकर वंजारा समुदाय में मुंडे परिवार की पैठ को देखते हुए पंकजा को बीजेपी ने एमएलसी जरूर बनाया हुआ है।

**क्या बीजेपी के लिए यह शर्मनाक है?**

पंकजा मुंडे अपनी बात को माइल्ड करने के लिए कहती हैं कि योगी आदित्यनाथ ने इसे एक अलग संदर्भ में और उत्तर प्रदेश की राजनीतिक स्थिति में कहा था। इसका वही मतलब नहीं है जिसे हम महाराष्ट्र में इस्तेमाल कर रहे हैं। साथ ही पीएम मोदी की तारीफ भी करती हैं। मुंडे कहती हैं कि मोदीजी ने सभी के साथ न्याय किया है। उन्होंने राशन, आवास या सिलेंडर देने में जाति या धर्म को नहीं देखा है। हालांकि वो भूल जाती हैं कि खुद पीएम मोदी ने भी 'एक हैं तो सुरक्षित हैं' का नारा दिया है। जाहिर तौर पर यह बटेंगे तो कटेंगे का ही एक रूप है। विपक्ष भी यही कह रहा है। मुंडे की बात पर पार्टी में बवाल इस लिए भी मचा हुआ है, क्योंकि एनसीपी नेता अजित पवार ने भी अभी हाल ही में कहा था कि बटेंगे तो कटेंगे जैसे नारों की राजनीति महाराष्ट्र में काम नहीं करेगी। वो कहते हैं कि, मैंने कई बार कहा है कि यह महाराष्ट्र में काम नहीं करेगा। यह यूपी, झारखंड या अन्य जगहों पर हो सकता है। सवाल यह है कि जब सहयोगी दल और पार्टी के लोग ही किसी खास नारे का विरोध करने लगे तो मतलब या तो पार्टी में सर्व सहमति से काम नहीं हो रहा है और गठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं है। बीजेपी से जैसी अनुशासित पार्टी के लिए वाकई यह शर्मनाक है।

## 'विधानसभा चुनाव में नहीं होने देंगे वोट जिहाद' आखिर विधायक नितेश राणे ने क्यों कही ये बात



मुंबई, 14 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में भाजपा विधायक नितेश राणे ने कहा है कि वे यह सुनिश्चित करेंगे कि विधानसभा चुनाव में वोट जिहाद न होने पाए। नफरती भाषण के मामलों में अपने खिलाफ दर्ज मामलों को लेकर नितेश राणे ने कहा कि उन्हें इसका कोई डर नहीं है। एक इंटरव्यू में भाजपा विधायक ने कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और सिर्फ अपने धर्म और समुदाय का पक्ष लिया है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों नफरती भाषण देने के मामलों में पुलिस ने नितेश राणे के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। नितेश राणे ने कहा कि 'मेरे जन्म प्रमाण पत्र और मरने के बाद मेरे मृत्यु प्रमाण पत्र पर मुझे हिंदू लिखा जाएगा। अगर अपने धर्म और समुदाय का पक्ष लेने के लिए मुझ पर घृणा अपराध के आरोप लगाए जा रहे हैं तो मुझे नहीं लगता कि इसमें कुछ भी गलत है। मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है।' भाजपा विधायक और सिंधुदुर्ग जिले की कांकावली सीट से पार्टी के उम्मीदवार नितेश राणे ने कहा कि लोकसभा चुनाव में वोट जिहाद हुआ था। उन्होंने कहा कि हम ये सुनिश्चित करेंगे कि विधानसभा चुनाव में ऐसा न होने पाए। राणे ने कहा कि 'एक तरफ जिहादी मानसिकता वाले लोग, रोहिंग्या और बांग्लादेशी संविधान का पालन करने का दावा करते हैं, लेकिन दूसरी तरफ वे शरिया कानून के हिसाब से सारे काम करते हैं। अगर आप हिंदू-मुस्लिम के बीच शांति को बढ़ावा देना चाहते हैं। अगर आपको लगता है कि हिंदुओं और मुसलमानों के लिए कानून समान होना चाहिए तो फिर आप लव जिहाद, वोट जिहाद और लैंड जिहाद क्यों कर रहे हैं? आप एक भारतीय की तरह क्यों नहीं लड़ सकते या वोट कर सकते? क्यों आपको अपने समुदाय को यह बोलने की जरूरत है कि वे मोदी सरकार के खिलाफ वोट करें?'

## बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का आप ने किया स्वागत

### संजय सिंह बोले- 'संविधान, लोकतंत्र और कानून को 'बुलडोजर राज' से नहीं चलाया जा सकता'



नई दिल्ली, 14 नवंबर (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी ने देशभर में बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि देश की कानून-व्यवस्था, संविधान, लोकतंत्र को 'बुलडोजर राज' से नहीं चलाया जा सकता। एक गरीब आदमी मेहनत करके घर बनाता है, छोटी सी दुकान लगाता है और बीजेपी उनपर बुलडोजर चला देती है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से देश के संविधान में लोगों की आस्था और मजबूत होगी। आप नेता ने आगे कहा कि हम यह बात पहले दिन से कह रहे हैं कि बुलडोजर राज से देश की कानून व्यवस्था, संविधान और लोकतंत्र नहीं चल सकता। बड़ी मुश्किल से कोई आदमी मेहनत करके अपना आशियाना बनाता है उसके ऊपर आप बुलडोजर चला देते हैं। छोटी सी दुकान लगाता है उसपर आप बुलडोजर चला देते हैं। ऐसे देश नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि मैं समझता हूं कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से देश के संविधान, लोकतंत्र और कानून व्यवस्था में लोगों का विश्वास जगेगा और बढ़ेगा।

**बुलडोजर एक्शन पर क्या बोला कोर्ट?**

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान बुलडोजर एक्शन को कानून का उल्लंघन करार दिया है। कोर्ट ने कहा कि किसी भी मामले में आरोपी या दोषी ठहराए जाने पर घर तोड़ना सही नहीं है। हमारे संविधान में इस निरंकुश और मनमानी कार्रवाई का कोई स्थान नहीं है। किसी भी आरोपित की संपत्ति घर या दुकान और ऑफिस कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बगैर ध्वस्त नहीं किया जा सकता है ऐसा करना असंवैधानिक है। कार्यपालिका न्यायाधीश बनकर किसी को दंडित नहीं कर सकती। सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर एक्शन को लेकर देशभर के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जिसमें संपत्ति ढहाने से 15 दिन पहले नोटिस और सुनवाई का मौका देने का बात कही गई है। हालांकि कोर्ट की तरफ से यह भी स्पष्ट किया गया है कि यह आदेश किसी सार्वजनिक संपत्ति या अतिक्रमण और अवैध कब्जे के लिए लागू नहीं होगा।

## दो शादी के बाद प्रेमिका के चक्कर में पड़ गया सरपंच, पत्नी ने होटल में पकड़ा और जमकर पीटा

नीमच, 14 नवंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में नीमच जिले के सावन गांव में रहने वाले सरपंच अपने प्रेमिका के साथ उज्जैन पहुंचे, जहां पत्नी ने होटल में उन्हें रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके बाद जमकर मारपीट और हंगामे की स्थिति बन गई। जब मामला उज्जैन के नानाखेड़ा थाने पहुंचा तो दोनों पक्षों ने कार्रवाई नहीं करने की बात लिखकर पुलिस को दे दी। हालांकि, इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेंद्र यादव ने बताया कि थाना क्षेत्र में स्थित एक होटल के बाहर दो महिलाओं के बीच मारपीट और हंगामे की स्थिति निर्मित हो रही थी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों को थाने लाकर जानकारी हासिल की। इस पर पता चला कि नीमच जिले के सावन गांव के रहने वाले सरपंच जितेंद्र माली ने दो शादी की हैं।

# महाराष्ट्र चुनावः स्कूटर पर 1.5 करोड़ रुपये लिए जा रहा था शख्स, हैरान हो गए अधिकारी





मुंबई, 14 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग की तारीख धीरे-धीरे पास आ रही है। चुनावी आचार संहिता के बीच पुलिस द्वारा बड़ी मात्रा में कैश रकम भी जब्त की जा रही है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है राज्य के नागपुर जिले से। यहां पुलिस ने एक शख्स को हिरासत में लिया जो कि स्कूटर पर सवार हो कर 1.5 करोड़ रुपये लिए जा रहा था। स्कूटर पर इतनी बड़ी रकम देखकर अधिकारी भी हैरान रह गए हैं। पुलिस ने इस बड़ी रकम को भी जब्त कर लिया है।

**चुनाव प्रभावित किए जाने की आशंका**

पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को इस घटना के बारे में जानकारी दी है। इस मामले के बारे में चुनाव आयोग को भी सूचना दे दी गई है। पुलिस को जब्त किए गए कैश से चुनाव प्रभावित किए जाने की आशंका है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि ये 1.5 करोड़ रुपये चुनाव में किसी अवैध गतिविधि या मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े तो नहीं है। नागपुर शहर के तहसील पुलिस थाने के एक अधिकारी ने इस घटना के बारे में जानकारी दी है। अधिकारी ने बताया कि यशोधरा नगर के रहने वाले एक शख्स को रात रेगुलर चेकिंग के दौरान सेंट्रल एवेन्यू इलाके में रोका गया था। जांच के दौरान सुरक्षाकर्मियों को शख्स स्कूटर की डिक्की में छिपा कर रखे गए 1.35 करोड़ रुपये मिले। इसके साथ ही शख्स के पास मौजूद बैग में 15 लाख रुपये बरामद हुए। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ के दौरान शख्स के जवाब अस्पष्ट थे जिस कारण से संदेह और बढ़ गया। महाराष्ट्र में आगामी 20 नवंबर की तारीख को राज्य सभी 288 विधानसभा सीटों के लिए एक ही चरण में एक साथ वोटिंग होगी। वहीं, वोटिंग के 3 दिनों बाद 23 नवंबर की तारीख को चुनाव के परिणाम सामने आएंगे।

# सुखबीर सिंह बादल के पैर का अंगूठा टूटा, कुर्सी से गिरे, अकाल तख्त साहिब से की ये अपील



चंडीगढ, 14 नवंबर (एजेंसियां)। शिरोमणि अकाली दल के मुखिया सुखबीर बादल को चोट लग गई है। सचिवालय में सुखबीर बादल जिस कुर्सी पर बैठे थे, उससे गिर गए जिसकी वजह से हेयरलाइन फ्रैक्चर भी हुआ है। वह माथा टेकने के बाद अकाल तख्त सचिवालय गए थे। जहां वह एक कुर्सी पर बैठे। यह कुर्सी टूटी हुई बताई जा रही है। जिससे गिरने पर उनके पैर का अंगूठा टूट गया।

उन्हें अमृतसर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां उन्हें प्लास्टर लगाया गया। बादल ने अकाल तख्त साहिब के सामने एक दरखास्त दी है कि उनकी सजा की घोषणा जल्द की जाए। सुखबीर बादल ने कहा कि उन्हें तनखैया घोषित किए गए ढाई महीने हो गए हैं लेकिन अभी तक सजा नहीं दी गई है। सुखबीर बादल ने मांग की है कि उन्हें जल्दी से जल्दी सजा सुनाई जाए ताकि वह सजा पूरी कर सकें। सुखबीर बादल ने कहा है कि तनकैया करार दिए हुए ढाई महीने से ज्यादा हो गए हैं और वो कोई भी सामाजिक और राजनीतिक काम नहीं कर पा रहें जिसकी वजह से शिरोमणि अकाली दल का काम भी प्रभावित हो रहा है इसलिए उन्हें जल्द सजा सुनाई जाए।

**पांच सिंह साहिबान की बैठक का इंतजार**

धार्मिक सजा का फैसला पांच सिंह साहिबान की मीटिंग में लिया जा सकता है जिसकी बैठक दीवाली के बाद होने की संभावना थी लेकिन अभी यह बैठक आयोजित नहीं की गई है। सुखबीर सिंह बादल आज सचिवालय अकाल तख्त साहिब के सचिवालय पहुंचे। वहां उन्होंने धार्मिक मानदंडों के अनुसार आगे की कार्रवाई करने का अनुरोध किया। सुखबीर सिंह बादल ने जुलाई में अकाल तख्त साहिब से माफी मांग ली थी। उन्होंने कहा था कि अकाल तख्त उन्हें जो भी सजा देगा वह एक विनम्र सेवक के रूप में स्वीकार करने के लिए तैयार हैं।

## जलगांव में हाईवे पर एंबुलेंस में फटा ऑक्सीजन सिलेंडर, कैसे बची गर्भवती महिला की जान?

जलगांव, 14 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र से एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। जलगांव शहर के पास हाईवे पर रात करीब 10 बजे एक एंबुलेंस में आग लई। साथ ही उसमें लगा ऑक्सीजन सिलेंडर भी ब्लास्ट हो गया। विस्फोट से कुछ मिनट पहले ही ड्राइवर ने अपनी सूझबूझ से इसमें सवार गर्भवती महिला और उनके परिवार के सदस्यों को बाहर निकाल दिया था, जिस वजह से उनकी जान बच गई। जानकारी के अनुसार, एंबुलेंस से एक गर्भवती महिला को एरंडोल के सरकारी अस्पताल से जलगांव जिला अस्पताल लाया जा रहा था। इस दौरान एंबुलेंस के ड्राइवर ने देखा कि इंजन से धुआं निकल रहा है, तो वह तुरंत एंबुलेंस से बाहर आ गया और इसके बाद गर्भवती महिला और उनके परिजनों को भी एंबुलेंस से बाहर निकाल लिया और कुछ दूर पर सुरक्षित जगह पर ले गया। इसके कुछ देर बाद एंबुलेंस के इंजन में आग लग गई। पूरे वाहन में आग लगने के कुछ ही मिनटों बाद आग एंबुलेंस के ऑक्सीजन टैंक तक फैल गई।

# दिल्ली पुलिस के हत्थे चढ़े कई जुआरी अलग-अलग जगहों पर बिछाया था जाल

नई दिल्ली, 14 नवंबर (एजेंसियां)। 1 जनवरी 2024 से अब तक सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट ने जुआ अधिनियम के तहत कुल 388 आरोपियों पर मामला दर्ज किया है, जिसमें 74,32,394/- रुपये नकद, 136 मोबाइल फोन और जुआ खेलने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले कई अन्य उपकरण बरामद किए गए हैं। दिल्ली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, 4 अक्टूबर को पीएस हौज काजी (सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट) को फाटक करोज, अजमेरी गेट में जुआ खेलने के बारे में गुप्त सूचना मिली, जिसके बाद एसएचओ हौज काजी की निगरानी में एक टीम गठित की गयी ताकि जुआरियों को पकड़ा जा सके। इसके अलावा, 02.11.2024 और 05.11.2024 को स्पेशल स्टाफ/सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट को दिल्ली के ट्रांजिट कैंप, आनंद पर्वत, स्टील मार्केट, नबी करीम और दिल्ली में ई-रिक्शा पर जुआ खेलने, दरियागंज, सब्जी मंडी के पीछे की तरफ जुआ खेलने और माता रामेश्वरी नेहरू नगर, टैंक रोड, दिल्ली के पास अवैध शराब बेचने के बारे में गुप्त सूचना मिली।

**पुलिस ने बनाई स्पेशल टीम**

जुआरियों को पकड़ने के लिए तत्काल ही स्पेशल स्टाफ की एक टीम का गठन किया गया, जिसका नेतृत्व इंस्पेक्टर रोहित कुमार प्रभारी स्पेशल स्टाफ, सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट ने किया। इस टीम की देखरेख एसीपी/ऑपरेशन सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट सुरेश खुंगा ने की। मुखबिरों से मिली सूचना के आधार पर थाना हौज काजी की टीम ने मुखबिर के साथ मिलकर फाटक करोद, अजमेरी गेट दिल्ली के पास जाल बिछाया। टीम ने फाटक करोद, अजमेरी गेट दिल्ली में कुछ गतिविधियां देखीं। टीम ने इस पर कड़ी नजर रखी और कुछ देर बाद मुखबिर के कहने पर छापेमारी की गई और टीम ने फाटक करोद, अजमेरी गेट दिल्ली से 15 लोगों को पकड़ लिया। इसके अलावा मुखबिरों से प्राप्त सूचना के आधार पर, स्पेशल स्टाफ सेंट्रल की टीम ने मुखबिर के साथ ट्रांजिट कैंप, आनंद पर्वत, दिल्ली के पास जाल बिछाया, स्टील मार्केट, नबी करीम, दिल्ली में एक ई-रिक्शा पर जुआ, दूसरा सब्जी मंडी, दरियागंज, दिल्ली के पीछे और माता रामेश्वरी नेहरू नगर, टैंक रोड, दिल्ली के पास जुआ और अवैध शराब बेचने की सूचना दी।

**आरोपियों के पास से बरामद किए गए रुपये**

टीम ने प्राप्त सूचनाओं के अनुसार क्षेत्रों में कड़ी नजर रखी और पुष्टि के बाद छापेमारी की गई और स्पेशल स्टाफ की टीम ने कुल 26 जुआरियों और 01 व्यक्ति को आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया। 27 अक्टूबर को जब एचसी ललित पीएस आईपी एस्टेट के क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। रात में जैसे ही वे अन्ना नगर आईटीओ दिल्ली पहुंचे, चार व्यक्ति ताश खेलते हुए पाए गए। सभी आरोपियों को मौके पर पकड़ लिया गया और तलाशी लेने पर मौके से 3,50,000/- रुपये नकद और 52 ताश के पत्ते बरामद किए गए।

# भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर

## आज पीएम मोदी वर्चुअली संबोधित करेंगे



शहडोल, 14 नवंबर (एजेंसियां)। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर शुक्रवार 15 नवंबर को आयोजित कार्यक्रम शहडोल के बाणगंगा मेला मैदान में होना है। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ। मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ला प्रमुख रूप से शिरकत करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करेंगे। इसमें 50 हजार लोगों के पहुंचने की उम्मीद है, जिसके लिए कार्यक्रम स्थल पर टेंट और कुर्सियों की व्यापक व्यवस्था की गई है। बाणगंगा मेला मैदान में कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा कलेक्टर डॉ। केदार सिंह ने लिया। उन्होंने अलग-अलग विभागों के अधिकारियों को बुलाकर स्थल का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं पर चर्चा की।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक भी मौजूद थे और उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आयोजित इस कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ। मोहन यादव की सुरक्षा व्यवस्था के लिए 700 से अधिक सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी। जिले में मौजूद 250 बलों के अलावा अन्य जिलों से 336 पुलिसकर्मी बुलाए गए हैं। इसके साथ ही दो कंपनियों और अनूपपुर एवं उमरिया जिलों से 40-40 बलों की व्यवस्था की गई है।

बाहरी जिलों से एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और चार डीएसपी स्तर के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। सुरक्षा बल हैलीपैड से लेकर पूरे मार्ग और मंच तक हर जगह तैनात रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान यातायात को डायवर्ट कर दिया गया है। डीएसपी यातायात मुकेश दीक्षित ने बताया कि कटनी और अनूपपुर की ओर आने-जाने वाले वाहनों को बाहरी रास्ते से जाना पड़ेगा। वीआईपी कार्यक्रम के चलते शहर के वाहनों को भी बाहरी मार्ग से निकालने की व्यवस्था की गई है। वीआईपी आगमन के लिए चार स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

## दिल्ली की हवा बिगड़ने पर बीजेपी ने आप सरकार को घेरा, शहजाद पूनावाला ने यूं जताया विरोध

नई दिल्ली, 14 नवंबर (एजेंसियां)। देश की राजधानी दिल्ली में सर्दियों के दस्तक देने के साथ ही प्रदूषण से बुरा हाल है। इसे लेकर बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला ने दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार पर निशाना साधा है। गैस मास्क पहनकर शहजाद पूनावाला ने कहा कि दिल्ली एक गैस चैंबर बन गई है। आम आदमी पार्टी इसके लिए पंजाब में पराली जलाने को जिम्मेदार ठहराती थी। अब पंजाब में पराली जलाने के 6,000 से अधिक मामले हो गए हैं, लेकिन उन्होंने उस पर चुप रहना बेहतर समझा। वे वायु प्रदूषण के लिए दिवाली, यूपी और हरियाणा को जिम्मेदार ठहराते हैं, लेकिन वे इस स्थिति के लिए दिल्ली के आंतरिक कारणों पर चुप रहते हैं। चाहे वह यमुना नदी में प्रदूषण हो या दिल्ली में वायु प्रदूषण, इन सबके लिए आप जिम्मेदार है।

# बाबा सिद्दीकी की मौत कंफर्म करने अस्पताल भी गया था शूटर, किए बड़े खुलासे



मुंबई, 14 नवंबर (एजेंसियां)। एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की कुछ ही दिनों पहले मुंबई में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्या का आरोप लॉरेंस बिश्नोई गैंग पर लगा है। पुलिस इस केस में लगातार कार्रवाई कर रही है और कई आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इन सब के बीच बाबा सिद्दीकी की हत्या में शामिल शूटर शिव ने पुलिस के सामने बड़े खुलासे किए हैं। उसने खुलासा किया है कि बाबा सिद्दीकी हत्याकांड को अंजाम देने के बाद वह उनकी मौत पर अपडेट लेने के लिए अस्पताल भी गया था।

### आरोपी ने किया बड़ा खुलासा

बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले में शूटर शिवकुमार गौतम फिलहाल मुंबई पुलिस की हिरासत में है। उससे पूछताछ के दौरान पुलिस को कई बातें साफ होती नजर आ रही हैं। पूछताछ के बीच शिवकुमार गौतम ने मुंबई पुलिस को बताया की हत्या के बाद वह वहां से चला गया और अपना शर्ट बदलकर दोबारा घटनास्थल पर पहुंचा था। यहां उसे कोई जानकारी नहीं मिल पा रही थी। इसके बाद उसने ऑटो लिया और सीधा लीलावती अस्पताल भी पहुंचा था। आरोपी को वारदात की जगह पर कोई खबर नहीं मिल पा रही थी। इसलिए वह अपडेट पता करने अस्पताल पहुंचा था।

### ट्रेन से गांव निकल गया था आरोपी

शूटर शिवकुमार गौतम ने पुलिस को यह भी बताया कि किस प्रकार से घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर एक खाली कार के अंदर उसने अपना हथियार वाला बैग रखा था। अस्पताल से मौत की खबर मिलने के बाद आरोपी कुर्ला गया और कुर्ला से ठाणे। वहां से वह पुणे गया और फिर उत्तर प्रदेश की ट्रेन पड़कर गांव निकल गया। बीच रास्ते में उसने अपना फोन भी तोड़ दिया और साथ ही नया फोन भी खरीद लिया।

## जेल से बाहर आएंगे अमानतुल्लाह खान

# आप नेता को कोर्ट से राहत, वक्फ बोर्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हुई सुनवाई

नई दिल्ली, 14 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को बड़ी राहत दी है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने गुरुवार को 36 करोड़ रुपये की संपत्ति की खरीद में कथित मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में आप विधायक अमानत उल्लाह खान के खिलाफ संज्ञान लेने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने उन्हें एक लाख रुपये के मुचलके पर रिहा करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं लेकिन उन पर मुकदमा चलाने की मंजूरी नहीं है और संज्ञान लेने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने यह भी कहा कि मरियम



सिद्दीकी के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। उन्हें भी बरी किया जाता है।

# केजरीवाल ने पत्नी संग किए तिरुपति बालाजी के दर्शन

## दिल्लीवालों के लिए मांगी खास मन्नत

नई दिल्ली, 14 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों के बीच एक बार फिर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भगवान के दरबार में पहुंचे हैं। तिरुपति बालाजी के दर्शन करने के बाद अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि आज अपनी



धर्मपत्नी के साथ तिरुपति बालाजी के पावन दर्शन किए। भगवान श्री वेंकटेश्वर स्वामी से दिल्ली और देश की समृद्धि और खुशहाली की कामना की। सबका भला हो, सबका मंगल हो।

केजरीवाल ने साथ ही एक वीडियो भी साझा किया है। अरविंद केजरीवाल पत्नी सुनीता के साथ तिरुपति बालाजी मंदिर पहुंचे और परिवार संग दर्शन किए हैं। इसकी जानकारी आम आदमी पार्टी ने अपने एक्स हैंडल पर साझा की है। इससे पहले केजरीवाल माता वैष्णों देवी के दरबार में पहुंचे थे। जानकारी के लिए बता दें कि सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल से बाहर आने के बाद दिल्ली के प्राचीन हनुमान मंदिर गए थे और आशीर्वाद भी लिया था।

## तेज रफ्तार कार ने युवती को कुचला, मौके पर मौत

मैहर, 14 नवंबर (एजेंसियां)। मैहर में नाली निर्माण कार्य में मजदूरी कर रही 22 वर्षीय युवती को बेलगाम कार ने रौंद दिया। हादसे में युवती की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि, घटना के बाद मजदूरों ने युवती को सिविल अस्पताल मैहर पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। प्राथमिकी जांच में पुलिस को शासकीय कर्मचारी द्वारा कार चलाए जाने की जानकारी मिली है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मैहर के सिलौटी गांव में नाली निर्माण का काम चल रहा था, जिसमें दर्जनों मजदूर काम कर रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार से आ रही बेलगाम कार ने 22 वर्षीय युवती को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल से शव को तत्काल सिविल अस्पताल मैहर लाया गया। डॉक्टर द्वारा मौत की पुष्टि होने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मरचुरी भेज दिया गया।

## गाजियाबाद चलती स्कूल बस बनी आग का गोला 16 स्कूली बच्चे थे सवार, ऐसे निकाला बाहर

गाजियाबाद, 14 नवंबर (एजेंसियां)। कौशांबी थाना क्षेत्र में गुरुवार को करीब समय 7.30 बजे एक स्कूली बस में अचानक आग लग गई। आग ने देखते ही देखते पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया और बस आग में धू धूं जलने लगी। हादसे के समय आग की चपेट में आई इस स्कूली बस करीब 16 स्कूली बच्चे सवार थे, जिन्हें सुरक्षित बस से बाहर निकाल लिया गया। घटना में किसी प्रकार जनहानि नहीं हुई है। आग की सूचना पर दमकल विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और दमकल की 2 गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया है। बस में लगी आग की तस्वीरे आपके सामने है , भीषण आग स्कूल बस में लगी हुई है। इस पूरे मामले में सीएफओ गाजियाबाद राहुल पाल ने बताया कि वैशाली फायर स्टेशन पर आज सुबह सूचना प्राप्त हुई कि श्री रेजिडेंसी सोसायटी के पास कौशांबी थाने के पीछे, एक स्कूल बस में आग लगी हुई है। मौके से मौजूद आस-पास के लोगों ने बताया कि समय रहते बच्चों को बस से बाहर निकाल लिया गया। बस के सभी शीशे और दरवाजे बंद थे। अगर सही समय पर बच्चों को बाहर न निकाला जाता तो एक बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना प्राप्त होते ही मुख्य अग्निशमन अधिकारी गाजियाबाद और फायर स्टेशन वैशाली से दमकल विभाग की टीम आग बुझाने के लिए रवाना हुई। मौके पर 2 फायर टैंकर को बुलाया गया और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए गए। घटनास्थल पर पहुंच पता चला कि आग़ मदर्स ग्लोबल स्कूल प्रीत विहार,दिल्ली की वातानुकूलित बस संख्या यूपी16सीटी9688 में लगी हुई है ।2 फायर टेंडर्स की सहायता से आग बुझाने शुरू किया गया ।

## पानीपत में बेकाबू ट्रक ने 6 लोगों को कुचला, 5 की मौके पर मौत

पानीपत, 14 नवंबर (एजेंसियां)। प्रदेश में कोहरे के साथ-साथ सड़क हादसों में भी वृद्धि देखने को मिली, जहां पानीपत शहर में गुरुवार को एक ट्रक ने एलिवेटिड हाईवे पर 3 अलग-अलग जगहों पर 6 लोगों को कुचल दिया। इसमें 5 लोगों की मौत हो गई है। जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने ट्रक के ड्राइवर को कुछ दूर जाकर पकड़ लिया है। आरोपी से पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है। पांच मृतकों में 2 मृतकों की पहचान हो गई है। 2 मृतकों की पहचान पावटी गांव के सूरज और अंकित के रुप में हुई है। सूरज सिविल अस्पताल में काम करता था, जबकि अंकित समालखा बिजली बोर्ड में अप्रेंटिस करता था। जानकारी के मुताबिक, आरोपी ट्रक चालक ने सिवाह पुल के सामने बाइक सवार 2 लोगों को कुचला। इसके बाद मलिक पेट्रोल पंप के सामने बाइक सवार 2 लोगों को कुचल डाला। तीसरा हादसा गुरुद्वारे के सामने हुआ। यहां ट्रक ने 2 लोगों को टक्कर मारी है। इस हादसे में 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

## बुधनी-विजयपुर में मतदान पूरे होते ही राजनीति शुरू, दिग्विजय सिंह का आरोप- 'कइयों को वोट नहीं करने दिया गया'

भोपाल, 14 नवंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में दोनों विधानसभा सीटों पर उपचुनाव खत्म होते ही राजनीति तेज हो गई है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाया है कि विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में कई लोगों को मतदान नहीं करने दिया गया है। आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने चुनाव को लेकर पत्रकार वार्ता बुलाई है। मध्य प्रदेश की बुधनी और विजयपुर सीटों पर हुए उपचुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह वीडियो वायरल करते हुए विजयपुर विधानसभा सीट पर बूथ क्रमांक 195 के अनुसूचित जाति के मतदाताओं को मतदान करने से रोकने का आरोप लगाया है। दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाया है कि कई दबंगों ने विजयपुर और बुधनी में मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करने से रोका। उन्होंने सवाल किया कि क्या ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस विभाग द्वारा एफआईआर दर्ज की जाएगी? पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने बुधनी



विधानसभा सीट पर भी मतदान प्रक्रिया को आशा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रभावित किए जाने का आरोप लगाया है। दिग्विजय सिंह ने कहा कि बूथ क्रमांक 136 और 137 पर सरकार की योजनाओं का हवाला देते हुए महिलाओं पर आशा कार्यकर्ताओं ने बीजेपी के पक्ष में मतदान करने के लिए दबाव बनाया। चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रेस कांफ्रेंस बुलाई है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि कांग्रेस नेता हार के डर से गलत बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां भी चुनाव होता है, वहां पर निर्वाचन आयोग का हस्तक्षेप होता है। ऐसी स्थिति में अगर कोई असंतुष्टि है तो निर्वाचन आयोग से उन्हें शिकायत करनी चाहिए।

## ट्रेन में महिला से मनचलों ने की छेड़छाड़, पति ने किया विरोध तो कर दी पिटाई

नई दिल्ली, 14 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली से अलीगढ़ आ रही है एक महिला के साथ मजनूओं के द्वारा ट्रेन मे छेड़छाड़ शुरू कर दी। जब महिला के द्वारा इसका विरोध किया तो आरोपियों के द्वारा अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर उतरते ही पति के साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता के द्वारा मौजूद लोगों से मदद के लिए फोन मांगा तो किसी के हाथ आगे नहीं आए। पति के द्वारा जब मजनूओं का विरोध किया गया तो आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस के द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, बाकी अन्य लोग अब फरार बताए जा रहे हैं। पूरे मामले की खबर जैसे ही समाजवादी पार्टी के नेता अज्जू इशहाक को हुई तो उनके द्वारा दलबल के साथ पहुंचकर जीआरपी थाने में हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान जीआरपी इंचार्ज के द्वारा पूरे मामले में आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने की बात कही साथ ही पीड़िता की तहरीर के आधार पर जीआरपी थाने में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## 'देवेंद्र फडणवीस की पत्नी बस इंस्टाग्राम पर रील बनाएंगी'

# कन्हैया कुमार बोले- धर्म बचाने की जिम्मेदारी हम सबकी

मुंबई, 14 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। 20 नवंबर को मतदान होगा और 23 नवंबर को मतों की गणना की जाएगी। इस दिन तय हो जाएगा कि आखिर महाराष्ट्र में किसकी सरकार आएगी। इसी कड़ी में महाराष्ट्र में सभी राजनीतिक दल वोटरों को लुभाने में लगे हुए हैं। इस बीच कांग्रेस पार्टी के नेता कन्हैया कुमार नागपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा, धर्म को बचाने की जिम्मेदारी हम सब की जिम्मेदारी है। ऐसा न हो कि हम धर्म बचाएं और उपमुख्यमंत्री की बीवी इंस्टाग्राम पर रील बनाएगी।

### जय शाह पर बरसे कन्हैया कुमार

कन्हैया कुमार ने देवेंद्र फडणवीस की पत्नी का नाम लिए बगैर उनपर निशाना साधा। वहीं अमित शाह के बेटे जय शाह का नाम लेते हुए कन्हैया कुमार ने कहा, वह बीसीसीआई में आईपीएल की टीम बना रहे हैं और हमें ड्रीम 11 पर टीम बनाने के लिए बोल रहे हैं। क्रिकेटर बनाने का सपना दिखाकर जुआरी बनाया जा रहा है। बता दें कि महाराष्ट्र में एक चरण में 20 नवंबर को मतदान किया जाना है। वहीं 23 नवंबर को चुनाव के परिणाम घोषित किए जाएंगे। इस बीच महायुति और महाविकास अघाड़ी के बीच चुनावी मुकाबला कड़ा है।

**कन्हैया कुमार ने अमृता फडणवीस पर साधा निशाना**



कन्हैया कुमार ने कहा, 'जय शाह बीसीसीआई में आईपीएल की टीम बना रहे हैं और हमें ड्रीम 11 पर टीम बनाकर जुआरी बनाया जा रहा है।' दरअसल कन्हैया कुमार नागपुर दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के कांग्रेस उम्मीदवार प्रफुल्ल गुडघे के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने अमित शाह के बेटे जय शाह और देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृत फडणवीस पर निशाना साधा। प्रफुल्ल गुडघे के प्रचार में संबोधित करते हुए कन्हैया कुमार ने कहा, धर्म को बचाने की जिम्मेदारी हम सब की होगी। ऐसा तो नहीं होगा कि धर्म बचाने की जिम्मेदारी होगी और उपमुख्यमंत्री की पत्नी इंस्टाग्राम पर रील बनाएंगी।

# सिद्धारमैया सरकार का बड़ा ऐलान, वैष्णो देवी तीर्थयात्रियों को पांच हजार देंगे





बेंगलूरू, 14 नवंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक की सत्ताधारी कांग्रेस सरकार को विपक्षी पार्टियों की ओर से मुस्लिम तुष्टिकरण को लेकर कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। खासकर वक्फ भूमि और कोटा विवादों के बाद सिद्धारमैया सरकार पर आरोप लगाए जा रहे हैं कि वह मुस्लिमों के प्रति अपनी नीतियों में पक्षपाती है। इसी बीच, सिद्धारमैया सरकार के इस कदम को राजनीतिक रूप से 'डैमेज कंट्रोल' की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

सिद्धारमैया सरकार ने राज्य के हर तीर्थयात्री जो वैष्णो देवी के दर्शन के लिए जम्मू-कश्मीर जाएंगे, उन्हें 5,000 रुपये की वित्तीय सहायता देने का फैसला किया है।

### राज्य के हिंदू मंदिरों के संरक्षण का फैसला

इतना ही नहीं, कर्नाटक सरकार ने राज्य संचालित हिंदू मंदिरों की संपत्तियों की सुरक्षा करने, किसी भी अतिक्रमण को हटाने और उसके रख-रखाव के लिए वत्तीय सहायता प्रदान करने का भी फैसला लिया है। सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि राज्य-प्रबंधित मंदिरों में विभिन्न मुझराई योजनाओं (धार्मिक या सामाजिक उद्देश्यों के लिए दिए जाने वाले अनुदान) के बारे में साइनबोर्ड लगाए जाएंगे। इसके अलावा मंदिरों में किए जाने वाले नकद दान को केवल उन्हीं मंदिरों के लिए इस्तेमाल करने का स्पष्ट घोषणा बोर्ड भी स्थापित किया जाएगा।

### पहले से जारी हैं अन्य तीर्थ यात्रा योजनाएं

ये निर्णय कर्नाटका के मुझराई मंत्री रामलिंगा रेड्डी की अध्यक्षता में हुई राज्या धर्मिका परिषद की एक बैठक में लिए गए। कर्नाटका सरकार पहले ही काशी, गया और दक्षिण भारत के तीर्थ स्थलों की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को वित्तीय सहायता प्रदान करती आ रही है।

### मुसलमानों के लिए आरक्षण का प्रस्ताव?

इसके अलावा सूत्रों के हवाले से खबर है कि राज्य सरकार ने सार्वजनिक निर्माण कार्यों में मुसलमानों को आरक्षण देने का प्रस्ताव भी रखा है। यह आरक्षण अनुसूचित जाति और जनजाति समुदायों को दिए गए आरक्षण के समान होगा। सूत्रों का कहना है कि यह प्रस्ताव एक करोड़ रुपये तक के निर्माण कार्यों के लिए है। इससे पहले राज्य सरकार ने सरकार के ठेकों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और कुछ पिछड़ी जातियों को 24 प्रतिशत कोटा दिया था। कर्नाटका सरकार के इन कदमों से राज्य में धार्मिक तटस्थता की दिशा में एक राजनीतिक संदेश भेजने का प्रयास किया जा रहा है,

## खाद की कालाबाजारी करने के मामले में चार पर एफआईआर, यूपी से मंगाई थी 150 बोरी यूरिया

टीकमगढ़, 14 नवंबर (एजेंसियां)। एक ओर टीकमगढ़ के किसान खाद के लिए परेशान हो रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर खरगापुर नगर के निजी खाद विक्रेताओं द्वारा उत्तर प्रदेश से खाद मंगाकर कालाबाजारी की जा रही है। हालांकि, अधिकारी भी खाद की कालाबाजारी करने वाले निजी दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश के महरौनी से खरगापुर नगर में लाया जा रहा यूरिया खाद का वाहन खरगापुर तहसीलदार और थाना प्रभारी मनोज द्विवेदी की टीम ने संयुक्त रूप से जब्त कर लिया। साथ ही खाद की कालाबाजारी करने वाले दुकानदार पर केस भी दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, वाहन क्रमांक यूपी 94 टी 5728 आईसर पिकअप वाहन से अवैध तरीके से 150 यूरिया खाद की बोरियां खरगापुर नगर के निजी खाद विक्रेता दुर्गा खाद भंडार के मालिक विश्वनाथ लोधी के पास लाई जा रही थी। यह वाहन दुकान पर पहुंचने वाला था, इस दौरान तहसीलदार और थाना प्रभारी की टीम ने उसे रोक लिया और ड्राइवर से खाद संबंधित दस्तावेज मांगे।

# नौसेना के इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा

## भाई-बहन ने एक ही समय में संभाली युद्धपोतों की कमान



नई दिल्ली, 14 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय नौसेना के इतिहास में ऐसा पहली बार देखने को मिल रहा है, जब किसी भाई-बहन द्वारा एक ही समय पर भारतीय नौसेना के युद्धपोतों की कमान संभाली जा रही है। दरअसल कमांडर प्रेरणा देवस्थली और कमांडर ईशान देवस्थली दोनों भाई बहन हैं। दोनों एक ही समय पर अलग-अलग युद्धपोतों की कमाल संभाल रहे हैं। कमांडर प्रेरणा देवस्थली पिछले साल भारतीय नौसेना में युद्धपोत की कमान संभालने वाली पहली महिला अधिकारी बनी थीं। वर्तमान में प्रेरणा आईएनएस त्रिकंट की कमान संभाल रही है जो तेज गति से हमला करने वाला जहाज है।

### भाई-बहनों ने संभाली युद्धपोतों की कमान

वहीं प्रेरणा के भाई कमांडर ईशान देवस्थली को अब आईएनएस विभूति की कमान सौंपी गई है। बता दें कि आईएनएस विभूति भारतीय नौसेना का वीर श्रेणी का मिसाइल पोत है। बता दें कि विभूति जहाज, अरब सागर में गोवा तट के पास राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को दी गई भाप-पोत का हिस्सा था। दोनों भाई-बहन वर्तमान में पश्चिमी कमान के अंतर्गत अपने-अपने युद्धपोतों की कमान संभाल रहे हैं। बता दें कि 7 नवंबर 2024 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी के साथ विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत का दौरा किया। इसके साथ ही उन्होंने भारतीय नौसेना द्वारा परिचालन प्रदर्शन देखा।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने की नेवी की तारीफ



इस दौरान जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संबोधन में भारतीय नौसेना की खूब तारीफें भी की। द्रौपदी मुर्मू ने कहा, 'भारतीय नौसेना की इकाइयां अपनी क्षमताओं और रणनीतिक प्रभाव को प्रदर्शित करते हुए विशाल क्षेत्रों में विस्तारित अवधि के लिए तैनात है। आपके सकारात्मक, सक्रिय और त्वरित कार्यों ने समुद्र में अनगिनत लोगों की जान बचाई है। यह मेरे लिए यह एक विशेष क्षण था जब बुल्गारिया के राष्ट्रपति ने इस साल की शुरुआत में एक अपहृत जहाज से बुल्गारिया चालक दल को बचाने के लिए आभार व्यक्त करने के लिए फोन किया था।



# समरावता हंगामे पर सीएम ने डीजीपी और एसीएस होम को तलब किया

## इंटेलिजेंस फेलियर पर जताई नाराजगी



जयपुर, 14 नवंबर (एजेंसियां)। कल देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र के गांव समरावता में हुए हंगामे के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ग्रामीणों और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ के बारे में एसीएस होम और डीजीपी को तलब कर रिपोर्ट मांगी है। मुख्यमंत्री इंटेलिजेंस फेलियर को लेकर खासे नाराज हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा देवली-उनियारा में देर रात तक हुई मुठभेड़ को लेकर हुए इंटेलिजेंस फेलियर को लेकर खासे नाराज हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल रात आंसू गैस के गोले, हवाई फायर और आगजनी के पीछे के कारणों को लेकर अपनी संजीदगी की दर्ज की।

आज सुबह मीडिया के सामने नरेश मीणा द्वारा पुलिस पर तोड़फोड़ करने के आरोप को लेकर भी मुख्यमंत्री ने दोनों अधिकारियों को तलब कर रिपोर्ट मांगी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री इस विवाद को लेकर जांच कमेटी का गठन कर सकते हैं।

# रविंद्र सिंह भाटी की गिरफ्तारी के मामले में कोर्ट ने राहत दी



जोधपुर, 14 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान हाईकोर्ट ने शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी के खिलाफ उदयपुर की कोर्ट की ओर से जारी गिरफ्तारी वारंट मामले में राहत दी है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता 15 दिसंबर तक निचली अदालत में पेश होकर जमानत आवेदन दाखिल कर सकते हैं।

न्यायाधीश फरजंद अली की एकल पीठ में याचिकाकर्ता भाटी की ओर से अधिवक्ता नमन मोहनोत ने पैरवी की। महामारी एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत दर्ज मामले में पेशियों पर गैर-हाजिरी के चलते शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी के खिलाफ उदयपुर कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। मामला 16 अगस्त 2021 का है, जब विधायक भाटी, अरविंद सिंह पावटा और देवेंद्र सिंह ने लगभग 200 से 250 छात्रों के साथ जिला कलक्ट्रेट पर धरना देकर धारा 144 का उल्लंघन किया था।

न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम 2, शहर दक्षिण, उदयपुर के पीठासीन अधिकारी ने उनकी जमानत मुचलके जब्त कर सीआरपीसी की धारा 446 के तहत कार्यवाही शुरू की थी, जिसमें 14 नवंबर तक गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश करने के आदेश दिए गए थे। याची के अधिवक्ता ने पीठ में तर्क दिया कि विधायक भाटी की गैर-हाजिरी जानबूझकर नहीं थी, बल्कि वे अपनी विधानसभा क्षेत्र में जनता की सेवा में व्यस्त थे।

# थप्पड़ से बवाल, ग्रामीणों और पुलिस के बीच झड़प, पथराव, गाड़ियां फूंकी

## निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा अरेस्ट



टोंक, 14 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान की देवली-उनियारा विधानसभा सीट पर बुधवार को उपचुनाव के दौरान थप्पड़ से बवाल मच गया। विधानसभा क्षेत्र के समरावता गांव में निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा ने पोलिंग बूथ पर एसडीएम अमित चौधरी को थप्पड़ मार दिया था। इस बूथ पर रात 8 बजे तक मतदान हुआ। इस बीच निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा मांगों को लेकर धरने पर बैठे रहे। ग्रामीणों ने वोटिंग का टाइम खत्म होने के बाद पोलिंग पार्टियों को भी रोकने की कोशिश की।

पुलिस ने रात करीब 9:30 बजे नरेश मीणा को हिरासत में ले लिया। मीणा के समर्थकों को जैसे ही इसकी जानकारी मिली, वे और भड़क गए।

सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने पुलिस जवानों को घेर लिया और मीणा को छुड़ाकर ले गए। पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प शुरू हो गई। जमकर पथराव हुआ। गाड़ियों में आग लगाई गई। पुलिस ने लाठीचार्ज किया। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे गए। इधर, राजस्थान में RAS अधिकारियों ने पेन डाउन हड़ताल कर दी।

गुरुवार सुबह 9:22 बजे नरेश मीणा अचानक समरावता गांव पहुंचे और पुलिस पर मारपीट आरोप लगाए। आज दोपहर 12 बजे नरेश मीणा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हालांकि उनकी गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थकों ने फिर आगजनी और चक्का जाम कर दिया।

# थप्पड़ कांड के खिलाफ 40 हजार आरएएस अधिकारियों-कर्मचारियों ने किया पेन डाउन

जयपुर, 14 नवंबर (एजेंसियां)। कल देवरी-उनियारा विधानसभा सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा द्वारा मतदान के दौरान एसडीएम को थप्पड़ मारने की घटना के बाद प्रदेश के लगभग 927 आरएएस अधिकारी, 10,000 पटवारी, 13,000 राजस्व कर्मचारी, 600 तहसीलदार और 15,000 ग्राम सेवकों समेत कई अन्य कर्मचारी पेन डाउन हड़ताल पर चले गए हैं। हड़ताल के कारण सरकारी कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

हड़ताल पर गए इन अधिकारियों की मांगों में नरेश मीणा की गिरफ्तारी के साथ ही चुनावी ड्यूटी में कार्यरत अधिकारियों के साथ हिंसा पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़े कदम उठाए जाने की मांग शामिल है। इसी के साथ खबर है कि नरेश मीणा को पुलिस ने समरावता में गिरफ्तार कर लिया है।

नरेश मीणा की गिरफ्तारी बाद आरएएस एसोसिएशन अध्यक्ष महावीर खराड़ी व महासचिव नीतू राजेश्वर ने आपराधिक कृत्य के लिए वांछित धाराओं में शीघ्र चालान की समय सीमा तय करने तथा निर्वाचन आयोग स्तर पर मीणा की अयोग्यता के लिए कार्रवाई की मांग की।

**इसके साथ ही उन्होंने कहा कि**

अति. जिला कलेक्टर/ उपखंड अधिकारी/ नगरीय निकाय व फील्ड अधिकारियों के लिए PSO दिलाया जाए। पुलिस अधिकारियों को मजिस्ट्रेट ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों के साथ समन्वय के लिए SOP जारी हो। उपखण्ड अधिकारी कार्यालय के लिए स्टॉफ / संसाधन/ कार्यालय/ वाहन/ आवास की प्राथमिकता से शीघ्र व्यवस्था हो। पदोन्नति हेतु राजस्थान प्रशासनिक सेवा के सभी स्केल में रिक्त पदों को भरने के लिए अनुभव और सेवा अवधि में छूट दिलवाई जाए।

**जोधपुर में विरोध प्रदर्शन**

जोधपुर में सुबह जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाहर एकत्रित हुए अधिकारियों ने RAS एसोसिएशन, जोधपुर अध्यक्ष अजीत सिंह के नेतृत्व में संभागीय आयुक्त प्रतिभा सिंह को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कई अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

कोटा में जनसुनवाई में विरोध

कोटा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रशासनिक अधिकारी पर हाथ उठाने और सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में नरेश मीणा के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई।

**मीडिया से बातचीत में कहा**

प्रशासनिक अधिकारियों ने मीडिया से बातचीत में कहा कि ऐसी घटनाओं से सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों का मनोबल गिरता है। यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

थप्पड़ मारने की इस घटना के कारण राजस्थान में सरकारी कामकाज ठप हो गया है। अधिकारियों का कहना है कि उनकी मांगें पूरी होने तक हड़ताल जारी रहेगी, और यदि दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो बड़े स्तर पर आंदोलन की योजना बनाई जाएगी।

# किसकी सह पर लड़ा चुनाव? गहलोत का सरकार पर बड़ा हमला; बोले- हिम्मत ही क्यों हुई?



जयपुर, 14 नवंबर (एजेंसियां)। टोंक जिले के समरावता गांव में पथराव और आगजनी की घटना को लेकर पुलिस ने नरेश मीना को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले मीना ने देवली-उनियारा सीट पर वोटिंग के दौरान एसडीएम को थप्पड़ मारा दिया था। पुलिस ने अभी तक 60 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भजनलाल सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है।

अशोक गहलोत ने कहा कि 'नरेश मीना किसकी सह पर चुनाव में खड़े हुआ है। इस बात पर भी सोचना होगा, बीजेपी ने खड़ा किया, चुनाव जीतने के लिए, इसकी जानकारी प्रदेश कांग्रेस कमेटी ले रही है। कल की घटना जो घटित हुई है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। इस घटना के बाद सरकार का इकबाल बचा है क्या?

**सरकार का इकबाल बचा है क्या?- गहलोत**

उन्होंने आगे कहा कि सरकार का इकबाल होता है, गवर्नेंस के लिए। शासन जब अच्छा होता है तब गवर्नेंस में इकबाल बना रहे, इकबाल ही खत्म हो गया। कल की घटना मामूली घटना नहीं है, एसडीएम लेवल के अधिकारी कोई थप्पड़ लगाए, ये स्थिति बनी ही क्यों? उनकी हिम्मत ही क्यों हुई? कहां सरकार का इकबाल है। हम हमेशा कहते है गुड़ गवर्नेंस दो, जनता का भला हो।

देवली- उनियारा विधानसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीना ने एसडीएम मालपुरा अमित चौधरी को थप्पड़ मार दिया था। जिसके बाद देर रात धरना स्थल पर हंगामा व पथराव हो गया। नरेश मीना समरावता गांव में फर्जी वोटिंग को लेकर धरने पर बैठे थे। रात्रि करीब 9 बजे पुलिस प्रशासन निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीना को गिरफ्तार करने गांव पहुंचे। जहां पर प्रदर्शन कर रहे नरेश मीना व समर्थकों ने पुलिस पर पथराव किया। अभी भी गिरफ्तारी के बाद समर्थक लगातार आगजनी कर रहे है।

# जल जीवन घोटाले में हाईकोर्ट ने ईडी को पार्टी बनाया, 4 सप्ताह में मांगी स्टेटस रिपोर्ट



जयपुर, 14 नवंबर (एजेंसियां)। जल जीवन मिशन घोटाले से जुड़े मामले में जिस याचिका पर हाईकोर्ट सुनवाई कर रहा है, उसमें ईडी को भी पार्टी बनाने की मांग की गई थी, जिस पर राजस्थान हाईकोर्ट ने आज अहम फैसला देते हुए सुनवाई के दौरान ईडी को पार्टी बनाया है।

याचिकाकर्ता पब्लिक अगेंस्ट करप्शन के सदस्य डॉ. टी.एन. शर्मा ने बताया कि हमने इस मामले में कोर्ट से अपील की थी कि मामले में ईडी को पार्टी बनाया जाए। इस पर आज हाईकोर्ट ने ईडी को पार्टी बनाने के आदेश जारी कर दिए हैं, इसके अलावा मामले में घोटालों के आरोपों से घिरी जीआई इंफ्रा को भी पार्टी बनाया गया है।

हाईकोर्ट ने ईडी को निर्देश दिए हैं कि अगली सुनवाई तक मामले से जुड़ी स्टेटस रिपोर्ट कोर्ट में पेश करे। गौरतलब है कि इससे पहले 2 बार हाईकोर्ट में यह मामला सुना जा चुका है। दूसरी सुनवाई के बाद बीते दिनों में मामले में एसीबी की एंट्री भी हुई थी। एसीबी ने इस प्रकरण में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के पीएचईडी मंत्री महेश जोशी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर की थी।


979 करोड़ के इस घोटाले में राजस्थान में ईडी से लेकर सीबीआई तक छापे मार चुकी है। जलदाय विभाग की जांच रिपोर्ट में भी ये पुख्ता साक्ष्य जुटाए जा चुके हैं कि करोड़ों के इस घोटाले में इरकॉन के नाम पर फर्जी प्रमाण पत्र बनाए गए थे।

हालांकि विधानसभा चुनावों के दौरान जोर-शोर से इस मुद्दे को उठाने वाली भाजपा ने सत्ता में आने के बाद अब तक कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की है और एक साल बाद भी जलदाय विभाग ने सिर्फ एक एक्सईएन विशाल सक्सेना को मामले में सस्पेंड किया है।

याचिकाकर्ता का कहना है कि पूरी एफआईआर फर्जी दस्तावेजों द्वारा दो फर्म के टेंडर लेने तक सीमित है, जबकि योजना की जांच में सब स्टैंडर्ड काम का जिक्र भी है, जिस पर लगभग कोई कार्रवाई अब तक नहीं की गई है।

# जगतपुरा के आशियाना ग्रीनवुड में दिखा बघेरा

## मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम, नहीं मिला कोई सुराग



जयपुर, 14 नवंबर (एजेंसियां)। जयपुर के जगतपुरा क्षेत्र में स्थित आशियाना ग्रीनवुड अपार्टमेंट में बघेरे के घुसने की घटना से स्थानीय निवासियों में भय और चिंता का माहौल है। यह घटना आज तड़के की है, जब कुछ निवासियों ने अपार्टमेंट परिसर में बघेरा देखा। इसे देखकर कॉलोनी के लोगों में खलबली मच गई और सभी तुरंत घरों के भीतर चले गए। इस अप्रत्याशित दृश्य को देखने के बाद लोगों ने तुरंत वन विभाग की टीम को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर बघेरे की खोजबीन शुरू की और बघेरे के संभावित छिपने के स्थानों पर जांच की, साथ ही कॉलोनी के आसपास बघेरे की मौजूदगी की पुष्टि करने की कोशिश की। हालांकि वन विभाग की टीम को काफी खोज के बावजूद बघेरा कहीं दिखाई नहीं दिया। वन विभाग के डीसीएफ जगदीश गुप्ता ने कहा कि बघेरे की तलाश की गई, लेकिन अभी तक कॉलोनी के आसपास उसके होने का कोई ठोस सबूत नहीं मिला है। संभावना जताई जा रही है कि शायद बघेरा पास के जंगलों से भटककर कॉलोनी क्षेत्र में आ गया हो, लेकिन बाद में वापस जंगल की ओर लौट गया हो।

फिलहाल वन विभाग की टीम ने निवासियों से सतर्क रहने की अपील की है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि बघेरे पर नजर रखी जा रही है और जरूरत पड़ने पर कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस प्रशासन की चेतावनी

# पानी की टंकी पर चढ़े तो खैर नहीं



जयपुर, 14 नवंबर (एजेंसियां)। जयपुर शहर में पानी की टंकी या फिर मोबाइल टावर पर चढ़ने की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे न केवल सुरक्षा की दृष्टि से खतरे उत्पन्न हो रहे हैं, बल्कि सार्वजनिक संपत्ति को भी नुकसान हो रहा है। बढ़ते मामले को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। अब, टंकी पर चढ़ने वालों से घटनास्थल पर तैनात पुलिस बल का खर्चा वसूला जाएगा।

**दोषी व्यक्ति से लागत वसूली जाएगी**

पुलिस के अनुसार, जब कोई व्यक्ति पानी की टंकी पर चढ़ता है, तो उसे उतारने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल लगाया जाता है, जिसके कारण पुलिस प्रशासन का समय और संसाधन खर्च होता है। अब, पुलिस प्रशासन ने यह निर्णय लिया है कि ऐसे मामलों में दोषी व्यक्ति से लागत वसूली जाएगी। पुलिस प्रशासन ने उन घटनाओं का आकलन करना शुरू कर दिया है, जिनमें पुलिसकर्मियों की तैनाती होती है। इसके बाद, संबंधित व्यक्तियों को नोटिस भेजा जाएगा।

**पीएचईडी की ओर से दर्ज कराया मामला**

इधर, एसआइ भर्ती रद्द करने की मांग को लेकर हाल ही हिम्मत नगर इलाके में पानी की टंकी पर चढ़े युवकों के खिलाफ पीएचईडी की एईएन सपना ने सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज कराया है।

**जयपुर पुलिस कमिश्नर की चेतावनी**

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने कहा कि पानी की टंकी या टावर पर चढ़ने से पहले लोग सोचें, ऐसे कार्य न केवल जान-माल के खतरे को बढ़ाते हैं, बल्कि संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाते हैं। कार्रवाई के दौरान जितना पुलिस जाप्ता लगता है, उसके खर्च की कैलकुलेशन करके नोटिस भेजकर वसूल किया जाएगा।

# 23 साल की युवती की हार्ट अटैक से मौत

## देर रात ऑफिस का काम निपटा कर सोई थी, सुबह सीने में दर्द उठा




अजमेर14 नवंबर (एजेंसियां)। अजमेर में देर रात 3 बजे ऑफिस का काम खत्म कर सोई 23 साल की युवती की हार्ट अटैक से मौत हो गई। गुरुवार सुबह 5 बजे के आसपास अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई थी। उसने परिजनों से सीने में दर्द होने की शिकायत की थी। घरवाले तुरंत अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

चाचा अंकुश राठी ने बताया कि भतीजी कशिश टूर एंड ट्रेवल्स कंपनी में ऑनलाइन काम करती थी। रात में काम करने के बाद जब वह 3 बजे सो गई। सुबह 5:30 के करीब अचानक उसके सीने में दर्द होने लगा। उसे जेएलएन अस्पताल लेकर गए थे। उसे हार्ट अटैक आया था। उसके पिता अनूप राठी अजमेर में ही किराने की दुकान चलाते हैं। कशिश का एक छोटा भाई भी है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, हर साल करीब 6 करोड़ लोगों की मौत होती है। इनमें से लगभग 32% मौतों की वजह कार्डियोवस्कुलर डिजीज है। यह बीमारी दुनिया में सबसे अधिक मौतों की वजह बनती है। हर साल लगभग पौने दो करोड़ लोग किसी-न-किसी हार्ट डिजीज के कारण जान गंवा रहे हैं।

# नीमच मंडी से लौट रहे व्यवसायी की कार रोककर बदमाशों ने की फायरिंग



चित्तौड़गढ़, 14 नवंबर (एजेंसियां)। जिले के विजयपुर थाना क्षेत्र में बीती रात को नीमच मंडी से लौट रहे व्यवसायी के पिकअप वाहन को रुकवाकर बदमाशों ने फायरिंग की, इसमें व्यवसायी के साथी के कूल्हे में गोली लगी। इस पर उसे तत्काल उदयपुर और वहां से अहमदाबाद रैफर किया है। फायरिंग लूट के उद्देश्य से की गई या रंजिश थी यह पुलिस के लिए जांच का विषय है। वहीं जिस युवक के गोली लगी, उसके पिता ने एक व्यक्ति पर तीन-चार दिन पूर्व धमकी देने का भी आरोप लगाया है।

जानकारी में सामने आया कि विजयपुर निवासी काव्यांश पुत्र संजय जैन ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें बताया गया है कि वह पिकअप में माल लेकर बिक्री करने के लिए नीमच मंडी गया था और वहां से अपने साथी चित्तौड़गढ़ निवासी पिनाक उर्फ कानू पुत्र संजय अग्रवाल तथा दिनेश चौधरी के साथ वापस लौट रहा था। रास्ते में विजयपुर से आगे अमरपुरा व पालछा के बीच एक गाड़ी तेज गति से आई और वाहन को रुकवाकर चार नकाबपोशों ने फायरिंग की और वाहन का गेट खुलवाने का प्रयास किया लेकिन वे लोग अपनी गाड़ी को मौके से भगाकर विजयपुर पहुंच गए और यहां स्थानीय लोगों को सूचना दी गई।

घटना की जानकारी मिलने के बाद विजयपुर में बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए और थाना पुलिस को भी मौके पर बुलाया गया। घायल पिनाक अग्रवाल को उपचार के लिए चित्तौड़गढ़ जिला चिकित्सालय ले जाया गया।

# खाटू श्याम मंदिर में चोरी

## चांदी के सामान समेत दानपात्र की नकदी चुरा ले गए चोर

सवाई माधोपुर, 14 नवंबर (एजेंसियां)। बीती रात चोरों ने आलनपुर स्थित अग्रसेन नगर में खाटू श्याम मंदिर को निशाना बनाया और चांदी के दो छत्र, दो चेन, दो बांसुरी, चांदी के धनुष-बाण समेत दानपात्र से नकदी चुरा ले गए। मंदिर के पुजारी के मुताबिक चोर मंदिर से नकदी समेत करीब 5 से 7 लाख रुपये का सामान चोरी करके ले गए। चोरों की यह करतूत मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।सुबह मंदिर में चोरी की घटना का पता चलते ही कोतवाली थाना पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। सूचना मिलने पर कोतवाल राजवीर सिंह पुलिस जाब्ते के साथ खाटू श्याम मन्दिर पहुंचे और घटना स्थल का जायजा लेकर पुजारी और अन्य ट्रस्टियों से समूची जानकारी ली। इसके साथ ही एसएफएल टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए।

# गो-तस्कर की जमानत रद्द कराने सुप्रीम कोर्ट पहुंची सरकार

जयपुर14 नवंबर (एजेंसियां)। ाज्य सरकार ने हार्डकोर गो तस्कर की जमानत के मामले में गुरुवार को पुनर्विचार याचिका दायर की है। याचिका दायर करते हुए सुप्रीम कोर्ट में अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल शर्मा ने पिछली सुनवाई पर सरकारी वकील के पेश नहीं होने पर खेद भी जताया। याचिका में कहा- आरोपी आदतन गो तस्कर है। अगर आरोपी बाहर रहता है तो फिर से वह इसी तरह के अपराध को अंजाम दे सकता है।

गो तस्कर नाजिम खान को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने 21 अक्टूबर को जमानत दी थी। फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि इस मामले में राज्य सरकार की ओर से न तो किसी वकील का वकालतनामा पेश हुआ, न ही कोई वकील सुनवाई के दौरान उपस्थित हुआ। अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल शर्मा ने याचिका दायर करते हुए कहा- प्रक्रियात्मक चूक के कारण सुनवाई के दौरान राज्य का कोई भी प्रतिनिधि कोर्ट में उपस्थित नहीं हो सका। लेकिन, अब राज्य सरकार अपना पक्ष रखना चाहती है। ऐसे में पुनर्विचार याचिका को सुना जाए। याचिका में बताया कि सुप्रीम कोर्ट के सामने आरोपी के आपराधिक इतिहास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी नहीं आई है। याचिका में बताया कि आरोपी के खिलाफ राजस्थान के अलावा उत्तर प्रदेश में गो तस्करी समेत कुल 8 मामले दर्ज है। इनमें से 4 समान प्रकृति (गो तस्करी) के हैं। यदि ये जानकारी प्रस्तुत की गई होती, तो यह अदालत के निर्णय को प्रभावित कर सकती थी। याचिका में बताया- आरोपी के जमानत का दुरुपयोग करने का रिकॉर्ड है।

# 4 महीनों में 4000 मेगावाट सौर ऊर्जा की योजना

## सूर्य तक पहुंचने का लक्ष्य बनाया



हैदराबाद, 14 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार अपनी सौर ऊर्जा क्षमता को बढ़ाने का लक्ष्य लेकर चल रही है और अगले वर्ष मार्च तक 4000 मेगावाट बिजली उत्पादन के लिए कृषि क्षेत्रों में सौर ऊर्जा पैनल लगाने की योजना बना रही है। किसानों को उनकी बिजली आवश्यकताओं के मामले में अधिक आत्मनिर्भर बनाने के लिए उठाए गए इस कदम के तहत ऊर्जा विभाग ने एक आदेश जारी किया है, जिसके तहत किसानों को स्वयं या किसी सहकारी, स्वयं सहायता समिति या कंपनी के साथ साझेदारी में अपने खेतों में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की अनुमति दी गई है।

राज्य सरकार अगले साल मार्च तक कृषि भूमि पर 4,000 मेगावाट की स्थापित क्षमता वाले सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रही है। केंद्र की प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) योजना के तहत कृषि भूमि पर ये सौर संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। इस योजना के कार्यान्वयन के लिए तेलंगाना राज्य अक्षय ऊर्जा विकास निगम (टीजीआरईडीसीओ) को नोडल एजेंसी नियुक्त किया गया है।

तेलंगाना राज्य विद्युत विनियामक आयोग (टीजीईआरसी) खेतों में स्थापित सौर संयंत्रों के माध्यम से उत्पादित बिजली खरीदने के लिए निर्धारित मूल्य तय करेगा। लाभार्थियों का चयन केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाएगा। राज्य सरकार ने टीजीआरईडीसीओ को डिस्कॉम के साथ समन्वय करके इच्छुक किसानों के चयन के लिए आवेदन आमंत्रित करने का निर्देश दिया है। सरकार ने उत्तरी तेलंगाना विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (टीजीएनपीडीसीएल) और दक्षिणी तेलंगाना विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (टीजीएसपीडीसीएल) को सबस्टेशनवार सूची जारी करने को कहा है ताकि यह तय किया जा सके कि किन क्षेत्रों में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जाएं।

सरकार ने खेतों से सबस्टेशन, बिजली लाइन और अन्य बुनियादी ढांचे तक बिजली पहुंचाने की जिम्मेदारी डिस्कॉम को दी है। अगर किसी किसान के पास 10 एकड़ जमीन है, तो वह 2 मेगावाट क्षमता का सोलर पावर प्लांट लगा सकता है। अनुमान है कि एक मेगावाट बिजली प्लांट लगाने में 5 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। सोलर प्लांट लगाने के लिए बैंकों से पैसे उधार लिए जा सकते हैं। ग्राम पंचायत, प्राथमिक कृषि सहकारी समिति (पीएसीएस), किसान उत्पादक संघ, जल उपयोगकर्ता संघ, स्वयं सहायता समूह या गांव में मौजूद कोई भी अन्य संघ। किसान इन संघों के साथ साझेदारी करके अपने खेतों में सोलर प्लांट लगा सकते हैं।

किसान खेत को निवेश साझेदारी कंपनी या संगठन को पट्टे पर दे सकते हैं और परियोजना के संबंध में एक समझौते पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। समझौते को डिस्कॉम को प्रस्तुत करना होगा ताकि पट्टे की राशि सालाना भूमि मालिक के बैंक खाते में स्थानांतरित की जा सके। टीजीआरईडीसीओ किसानों के साथ साझेदारी करने के लिए सौर ऊर्जा कंपनियों का चयन करेगा। अधिकारियों के अनुसार, इन सौर संयंत्रों से उत्पादित बिजली को सरकार या निजी बिजली कंपनियों को बेचने से किसानों की आय बढ़ेगी।

## बचुपल्ली में इंटरमीडिएट की छात्रा ने की आत्महत्या

हैदराबाद, 14 नवम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। बुधवार देर रात बाचुपल्ली के एक कॉलेज हॉस्टल में एक इंटरमीडिएट छात्र ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान जयशवंत गौड़ (17) के रूप में हुई है, जो कामारेड्डी जिले का रहने वाला था। वह निज़ामपेट के एक निजी कॉलेज में बीआईपीसी की पढ़ाई कर रहा था और कॉलेज के हॉस्टल में रह रहा था। बुधवार रात को छात्र ने हॉस्टल के कमरे में जाकर पंखे से लटककर फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। मामला दर्ज कर लिया गया है।

# वानकीडी आश्रम स्कूल के एचएम निलंबित

कुमराम भीम आसिफाबाद, 14 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आश्रम स्कूल-वानकीडी के प्रधानाध्यापक को 64 छात्रों के अस्पताल में भर्ती होने के बाद निलंबित कर दिया गया। इस आशय का आदेश गुरुवार को एकीकृत आदिवासी विकास अधिकारी (आईटीडीए)-उटनूर परियोजना अधिकारी खुशबू गुप्ता ने जारी किया। प्रधानाध्यापक श्रीनिवास को अपने कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के कारण निलंबित कर दिया गया था, जिसके कारण 30 और 31 अक्टूबर को छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। भोजन की

## फूड पॉइजनिंग घटना

स्थिति की जांच के लिए गठित समिति के निष्कर्षों के आधार पर प्रधानाध्यापक के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई थी, जिसके कारण 64 छात्रों को उल्टी और दस्त की समस्या हुई थी।

मंगलवार को स्कूल के प्रधानाध्यापक श्रीनिवास समेत पांच कर्मचारियों का तबादला कर दिया गया। श्रीनिवास को कागजनगर के स्कूल में स्थानांतरित किया गया, जबकि सहायक नर्स मिडवाइफरी (एएनएम) सेवंता, रसोइया हरिकिशन, कर्मचारी कमला और पेंटैया को जिले के अलग-अलग स्कूलों में स्थानांतरित किया गया। 30 अक्टूबर को छात्रावास में रात्रि भोजन करने के बाद लगभग 50 छात्र बीमार पड़ गए। अगले दिन 15 और छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। कुल 63 छात्रों को छुट्टी दे दी गई, लेकिन कक्षा 9 की छात्रा शैलजा की हालत अभी भी गंभीर बताई जा रही है। उसका निम्स-हैदराबाद में इलाज चल रहा है।

# अनाज खरीद पर मंत्री ने कलेक्टरों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की

हैदराबाद, 14 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मंत्री कोंडा सुरेखा ने कहा कि कांग्रेस पीपुल्स सरकार किसान-पक्षपाती सरकार है और वह अपने वादे पर कायम है कि किसानों को बाजरा के लिए एमएसपी के अलावा प्रति क्विंटल रुपये की कर्ज माफी दी जाएगी। वन, पर्यावरण एवं देवदया मंत्री कोंडा सुरेखा ने कहा कि 500 रुपये का बोनस देकर उन्होंने खुद को एक सक्षम सरकार साबित किया है। आज संयुक्त मेदक जिला मंत्री की हैसियत से अनाज खरीद पर हैदराबाद सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में मेदक, संगारेड्डी और सिद्दीपेट जिलों के कलेक्टर राहुल राज, वल्लूर क्रांति और मिक्कीलिनेनी मनु चौधरी के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस कर अनाज खरीद के तरीके पर चर्चा की। मंत्री सुरेखा ने कलेक्टरों से सवाल किया कि क्या अनाज की खरीदारी सीएम रेवंत रेड्डी के दिशानिर्देशों के अनुसार की जा रही है।

मंत्री ने अनाज खरीद के पैटर्न की जानकारी ली। उन्होंने कलेक्टरों से पूछा कि अनाज खरीदी के साथ किसानों के खातों में कितने दिनों में पैसा जमा किया जाता है। मंत्री सुरेखा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे किसानों से सीधे बात करें और मैदानी स्तर पर स्थितियों की जानकारी लें कि किसानों को सरकार की गाइडलाइन के अनुसार समर्थन मूल्य और बोनस भुगतान नहीं मिल रहा है। मंत्री सुरेखा ने कलेक्टरों को निर्देश दिया कि वे मिलर्स से बात करें और एकत्रित अनाज को जल्द से जल्द मिलों तक पहुंचाएं। कलेक्टरों को अनाज भण्डारण से संबंधित समस्याओं को उनके ध्यान में लाने की सलाह दी। कलेक्टरों ने मंत्री सुरेखा को बताया कि वे सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार खरीद के लिए विशेष खरीद केंद्र और विशेष काउंटर बनाने के लिए कदम उठा रहे हैं।

# एबीवीपी-एचसीयू ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के समक्ष उठाया भूमि अतिक्रमण का मुद्दा



हैदराबाद, 14 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय (एचसीयू) ने केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार के समक्ष विश्वविद्यालय की भूमि अतिक्रमण का मुद्दा उठाया, जिन्होंने बुधवार को यहां परिसर का दौरा किया। एबीवीपी-एचसीयू के अध्यक्ष बालकृष्ण कनुकाती और सचिव साक्षी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा विश्वविद्यालय की चारदीवारी गिराने और परिसर के अंदर सड़क बनाने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि परिसर में कई जगहों पर चारदीवारी नहीं है, जिससे विश्वविद्यालय की जमीन पर और अधिक अतिक्रमण की आशंका है।

प्रतिनिधिमंडल ने आवारा कुत्तों के हमलों और अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हत्याओं के कारण परिसर में हिरणों की घटती जनसंख्या पर भी चिंता व्यक्त की तथा हिरणों की जनसंख्या और अन्य वनस्पतियों और जीवों के संरक्षण के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में आयशा, महेश, अनिल, यशस्वी, शिवा, गोकुल, दिनेश, सुमंत, देवेंद्र और रीतांजलि शामिल थे, जिन्होंने नए भवनों के दोषपूर्ण निर्माण, नियमित परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति, चिकित्सा आधार पर पांच प्रतिशत उपस्थिति में छूट और परिसर में सीवेज प्लांट की स्थापना के मुद्दे उठाए।

## सुल्तान बजार में ड्रेनेज भरने से लोगों में आक्रोश



हैदराबाद, 14 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। ट्रेडर्स जाईन्ट कमेटी के चेयरमेन गोविन्द राठी ने सुल्तान बजार जैन मंदिर के समिप ड्रेनेज लाईन का ओवरफ्लो से दुकानदारों तथा रास्ते में चलने वालों को दिक्कत का सामना हो रहा है। भाजपा नेता गोविन्द राठी ने वाटरवार्स के मेनेजर दिलिप को तथा उनकी पुरी टिम को बुलाया गया और तुरंत ड्रेनेज साफ करने का अनुरोध किया गया। अनिल तथा मारुती एवं राजु यादव ने भी शिकायत किया। मैनेजर दिलिप ने तुरंत ठिक करने का अश्वासन दिया।

## अपने मार्ग पर स्टॉप नहीं लेगी दरभंगा-मैसूर ट्रेन

हैदराबाद, 14 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे ने गुरुवार को घोषणा की है कि राघवपुरम और रामागुंडम के बीच मालगाड़ी के पटरी से उतरने की घटना के मद्देनजर दरभंगा से मैसूर जाने वाली ट्रेन 02577 इटारसी और गुडूर के बीच अपने स्टॉप को छोड़ देगी। एससीआर की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि ट्रेन को पहले सामान्य मार्ग से चलाने के लिए अधिसूचित किया गया था, लेकिन ट्रेन पहले से ही खंडवा, मनमाड, दौंड, वाडी और रेनिगुंटा के रास्ते परिवर्तित मार्ग पर चल रही थी।

# छात्रों ने विज्ञान ज्योति कार्यक्रम के तहत एमजीआईटी का किया दौरा



हैदराबाद, 14 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में लड़कियों को सशक्त बनाने के प्रयास में, जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएन विद्यालय), नागरकर्नूल के 50 छात्रों ने महात्मा ज्योतिबा फुले बीसी कल्याण स्कूलों के छात्रों के साथ महात्मा गांधी प्रौद्योगिकी संस्थान (एमजीआईटी), गांडीपेट के शैक्षिक दौरे में भाग लिया। यह यात्रा विज्ञान ज्योति कार्यक्रम के तहत आयोजित की गई थी, जो विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा केंद्र सरकार की एक पहल है जिसका उद्देश्य युवा लड़कियों को बेहतर करियर बनाने के लिए प्रेरित करना है।

विज्ञान ज्योति की कार्यक्रम समन्वयक मंजुला ने कहा कि यह यात्रा इंटरमीडिएट के छात्रों को शैक्षणिक संस्थानों का पता लगाने और वैज्ञानिक प्रयोगों और नवाचारों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने का एक अमूल्य अवसर प्रदान करती है। छात्रों को विभिन्न प्रयोगशालाओं, शोध सुविधाओं का पता लगाने और वैज्ञानिक अवधारणाओं के व्यावहारिक अनुप्रयोगों में अंतर्दृष्टि प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया गया। एक वरिष्ठ इंटरमीडिएट छात्रा के. स्वाति ने कहा कि शैक्षणिक कार्यक्रम के हिस्से के रूप में हैदराबाद की यह मेरी पहली यात्रा थी, और यह एक आंख खोलने वाला अनुभव था।

एमजीआईटी के प्रिंसिपल प्रो.जी. चंद्र मोहन रेड्डी ने छात्रों से इस यात्रा के दौरान सीखी गई मुख्य बातों पर ध्यान देने का आग्रह किया और ऐसा करियर चुनने के महत्व पर जोर दिया जो उनके व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ पेशेवर सफलता में भी योगदान दे। उन्होंने कहा कि यह यात्रा एमजीआईटी के सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम का हिस्सा थी। डॉ. राजी रेड्डी, डॉ. रविचंद्र, डॉ. बाल रेड्डी एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित थे।

# एसबीआई का साइबर धोखाधड़ी के बारे में शिक्षित करने हेतु पहल

महबूबनगर, 14 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। महबूबनगर क्लॉक टावर शाखा के स्टेट बैंक आफ इण्डिया के कर्मचारियों ने अपने एक ग्राहक को डिजिटल गिरफ्तारी और साइबर धोखाधड़ी से बचाया।

इस बारे में तत्संबंधित अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक, महबूबनगर क्लॉक टावर शाखा के स्टेट बैंक आफ इण्डिया के कर्मचारियों ने अपने ग्राहक (सुरक्षा कारणों से ग्राहक के नाम को नही दिया गया है) को डिजिटल गिरफ्तारी और साइबर धोखाधड़ी से बचाया। इसके तहत एसबीआई, क्लॉक टावर शाखा, महबूबनगर की वरिष्ठ सहयोगी श्रीमती एम. अनिता ने ग्राहक की मेहनत की राशि को बचाया। जिसमें बैंक का उपरोक्त ग्राहक सुबह 11 बजे क्लॉक टावर शाखा, महबूबनगर पहुंचने के बाद, अपने खाते से चार लाख बीस हजार रुपये के हस्तांतरण के लिए अनुरोध प्रस्तुत कर, काउंटर पर आरटीजीएस फॉर्म जमा किया। इस पर काउंटर पर वरिष्ठ सहयोगी श्रीमती एम. अनिता ने पूछा कि, किसलिए तत्संबंधित राशि का हस्तांतरण किया जा रहा है। पर यह पूछताछ करने पर ग्राहक परेशान और चिंतित दिखाई दिया तथा ग्राहक स्पष्ट रूप से बताने की स्थिति में नहीं था और असमंजस में कुछ बुदबुदा रहा था। इसके चलते समस्या को भांपते ही बैंक के कर्मचारी ने तत्संबंधित ग्राहक को शाखा के मुख्य प्रबंधक के पास ले गए। तब मुख्य प्रबधक, श्रीमती शुषमा इंदला ने ग्राहक से बैठने का अनुरोध किया। मुख्य प्रबंधक को लगा कि उपरोक्त राशि के लेनदेन में घोटाला है और इस मामले में आगे की पूछताछ में यह स्पष्ट हुआ कि, ग्राहक डिजिटल गिरफ्तारी घोटाले (व्हाट्सएप वीडियो कॉल के माध्यम से) का शिकार हुवा है। इसके चलते मुख्य प्रबंधक ने ग्राहक से केवाईसी दस्तावेज जमा करने को कहा तथा उन्होने ग्राहक को आश्वासन दिया कि उन्हें इस धोखाधडी से बचाया जायेगा और उन्होने उपरोक्त ग्राहक के खाते पर रोक लगा दी। इसके बाद शाखा प्रबंधक ने स्थानीय पुलिस अधिकारियों को तत्संबंधित घटना की जानकारी दी। इसके चलते 10 मिनट के बाद वन टाउन पीएस के पुलिस अधिकारीगण उक्त शाखा पहुंचे तथा ग्राहक के साथ प्रारंभिक पूछताछ के बाद पुलिस अधिकारी उसे साइबर सेल कार्यालय ले गए। तदनंतर साइबर पुलिस अधिकारियों ने साइबर धोखाधडी करने वाले धोखेबाज से टेलीफोन पर बात की और शिकायत दर्ज की। इसके चलते पीडित ग्राहक को अंततः अनुभव हुआ कि, वह साइबर हमले और डिजिटल गिरफ्तारी के जाल में जकड चुका है। इसके बाद पीडित ग्राहक उपरोक्त बैंक शाखा में वापस पहुंचा और धोखाधड़ी वाले लेनदेन को रोकने और उसकी मेहनत की राशि को बचाने के लिए एसबीआई कर्मचारियों को धन्यवाद देकर, आभार प्रकट किया।

स्टेट बैंक आफ इण्डिया (एसबीआई) अपने कर्मचारियों को और विभिन्न मीडिया चैनलों के माध्यम से आम जनता को साइबर धोखाधड़ी के बारे में शिक्षित करने के लिए कई पहल कर रहा है। इसके चलते एसबीआई अधिकारियों ने कहा कि, यदि किसी भी ग्राहक को बैंकिंग लेनदेन पर संदेह होता है या धोखेबाजी जान पडती है तो वे तुरंत फोन नंबर 1930 पर काल करें अथवा आधिकारिक सरकारी पोर्टलः www.cybercrime.gov.in पर अपनी शिकायत दर्ज करें। ऐसा करने से ग्राहक डिजीटल धोखेबाजी से बच सकते हैं।

# बिना लाइसेंस वाली मेडिकल दुकानें सीज



हैदराबाद, 14 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य औषधि नियंत्रण प्रशासन (टीएसडीसीए) ने कोमाटवाड़ी, नूरखान बाजार, चारमीनार में एक बिना लाइसेंस वाली मेडिकल दुकान पर छापेमारी की, जिसे डॉ. याह्या असलम बिन महफूज बिना वैध ड्रग लाइसेंस के अवैध रूप से चला रहे थे। छापेमारी के दौरान, टीएसडीसीए ने अवैध रूप से चल रही मेडिकल दुकान से 18,000 रुपये मूल्य की 23 प्रकार की दवाएं जब्त कीं, जिनमें एंटीबायोटिक्स, एनाल्जेसिक आदि शामिल थीं।

टीएसडीसीए अधिकारियों ने बताया कि औषधि लाइसेंस के बिना बिक्री के लिए दवाओं का भंडारण करना औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत दंडनीय है, जिसके लिए पांच वर्ष तक की कैद हो सकती है। अलग-अलग घटनाक्रमों में, टीएसडीसीए की टीमों ने चिंतल और संगारेड्डी जिले में अयोग्य चिकित्सकों द्वारा संचालित दो सुविधाओं पर छापे मारे। मेडचल-मलकाजगिरी के कुथबुल्लापुर गांव के चिंतल में डीसीए की टीमों ने पी रविन्द्रन के प्रतिष्ठान पर छापा मारा, जो बिना किसी योग्यता के चिकित्सा का अभ्यास कर रहा था और 22 प्रकार की दवाएं जब्त कीं, जबकि संगारेड्डी जिले के फसलवाड़ी गांव में डीसीए की टीमों ने झोलाछाप देवसोथ गोपाल के प्रतिष्ठान पर छापा मारा और 21 प्रकार की दवाएं जब्त कीं, जिनकी कुल कीमत 40,000 रुपये तक है।

एक अन्य घटनाक्रम में, डीसीए की टीमों ने छापेमारी के दौरान हिमाचल प्रदेश के सिरमौर स्थित लाकड़ा पॉलीटेक्स द्वारा निर्मित थियोजेट टैबलेट (थायमिन हाइड्रोक्लोराइड 100 मिलीग्राम टैबलेट) का पता लगाया, जो बाजार में घूम रहा था। उत्पाद (थियोजेट टैबलेट) को 'खाद्य लाइसेंस' के तहत गलत तरीके से निर्मित किया गया था और खाद्य उत्पाद/न्यूट्रास्युटिकल होने का झूठा दावा किया गया था।

उत्पाद की लेबल संरचना के अनुसार, इसे औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के अंतर्गत औषधि के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उत्पाद का निर्माण केवल औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के अंतर्गत जारी 'औषधि लाइसेंस' के अंतर्गत ही किया जाना चाहिए, तथा औषधि नियमों की अनुसूची-एम में उल्लिखित 'अच्छे विनिर्माण व्यवहारों' (जीएमपी) का कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, डीसीए की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि इसे 'भारतीय फार्माकोपिया' (आईपी) में निर्धारित गुणवत्ता मानकों को भी पूरा करना होगा।

# रघुराम कृष्ण राजू सर्वसम्मति से चुने गए उपसभापति

## जेएसपी और बीजेपी का मिला समर्थन




विधानसभा के उपाध्यक्ष का पदभार ग्रहण करते रघुराम कृष्णम राजू।

अमरावती, 14 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के विधायक के. रघुराम कृष्ण राजू को गुरुवार को सर्वसम्मति से आंध्र प्रदेश विधानसभा का उपाध्यक्ष चुना गया। इस पद के लिए केवल एक नामांकन प्राप्त होने के कारण, अध्यक्ष अय्यन्नापत्रुडु ने राजू के सर्वसम्मति से चुने जाने की घोषणा की। इसके साथ ही अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पद टीडीपी के पास चले गए हैं, जो राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार का नेतृत्व कर रही है। राजू ने बुधवार को अपना नामांकन दाखिल किया था और इसका समर्थन जन सेना पार्टी (जेएसपी) और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) दोनों ने किया था। एनडीए गठबंधन दलों का प्रतिनिधित्व करने वाले कई मंत्रियों ने विधानसभा महासचिव सूर्यदेवरा प्रसन्ना कुमार को नामांकन पत्र सौंपे थे। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी), जो विधानसभा में एकमात्र विपक्षी पार्टी है, जगन मोहन रेड्डी को विपक्ष के नेता का दर्जा न दिए जाने के विरोध में चल रहे सत्र में भाग नहीं ले रही है। टीडीपी का कहना है कि अय्यन्नापत्रुडु और रघुराम कृष्ण राजू दोनों को वाईएसआरसीपी ने अपने शासन के दौरान झूठे मामलों में फंसाया था। राजू 2019 में वाईएसआरसीपी के टिकट पर नरसापुरम निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के लिए चुने गए थे, लेकिन बाद में उन्होंने वाईएसआरसीपी सरकार के खिलाफ विद्रोह का झंडा बुलंद कर दिया। सांसद को 14 मई, 2021 को हैदराबाद में उनके आवास से राजद्रोह के मामले में गिरफ्तार किया गया था। उन पर सरकार के खिलाफ बोलने और राज्य में कथित तौर पर सांप्रदायिक अशांति भड़काने का मामला दर्ज किया गया था। राजू ने आरोप लगाया था कि पुलिस हिरासत में उन्हें प्रताड़ित किया गया और दावा किया कि उनकी जान लेने की कोशिश की गई थी। उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी पर डायन-हंटिंग का आरोप लगाया था। इस साल फरवरी में, उन्होंने वाईएसआरसीपी से इस्तीफा दे दिया और चुनाव से ठीक पहले टीडीपी में शामिल हो गए। पार्टी ने उन्हें पश्चिम गोदावरी जिले के उंडी निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारा और उन्होंने मई में हुए चुनाव में जीत हासिल की। टीडीपी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के सत्ता में आने के बाद, राजू ने पुलिस में एक नई शिकायत दर्ज कराई, जिसमें 2021 में पुलिस हिरासत के दौरान उनकी जान लेने की कोशिश का आरोप लगाया गया।

जुलाई में गुंटूर पुलिस ने जगन मोहन रेड्डी और दो भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। जगन मोहन रेड्डी के अलावा तत्कालीन सीआईडी प्रमुख पीवी सुनील कुमार, तत्कालीन खुफिया प्रमुख सीतारामनजनेयुलु, तत्कालीन अतिरिक्त एसपी आर. विजया पॉल, गुंटूर के सरकारी जनरल अस्पताल की तत्कालीन अधीक्षक डॉ. प्रभावती और अन्य के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया था। इस बीच, वाईएसआरसीपी संसदीय दल के नेता वी. विजयसाई रेड्डी ने राजू को उपसभापति का पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी है।

# सीरवी महिला मंडल ग्यारस उद्यापन कार्यक्रम सम्पन्न



हैदराबाद, 14 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जीडिमेटला स्थित श्री आईमाता बडेर में कानाजीगुडा अलवाल सीरवी महिला मित्र मंडल के तत्वावधान में कार्तिक मास के पावन अवसर पर तीन दिवसीय ग्यारस उद्यापन कार्यक्रम में पंडित नन्दकिशोर पांडे के मंत्रोच्चारण से पूजा-अर्चना, कलश-यात्रा, हवन-यज्ञ, जागरण व महाप्रसादी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सियारामजी महाराज जोधपुर ने भजनों के पुष्प अर्पित किये।

कार्यक्रम में महिला मंडल के 46 जोड़ों भव्य कलश-यात्रा, हवन-यज्ञ व श्री बाबा रामदेव मंदिर में ग्यारस उद्यापन कार्यक्रम में घोड़ा चढाना व बारस व्रत खोलना में भाग लिया। कार्यक्रम स्थल पर आयोजित भोजन-प्रसादी में समाज बन्धुओं व भक्तों ने सपरिवार लाभ लिया। कार्यक्रम में पधारे सभी समाज बन्धुओं व भक्तों का सीरवी महिला मित्र मंडल के सभी कार्यकर्ताओं ने तहदिल से आभार किया। मंच का संचालन लुम्बाराम मुलैवा ने किया। पूजा-अर्चना व आरती के पश्चात कार्यक्रम का समापन्न हुआ।

## नशे में धुत व्यक्ति ने कार से भीड़ को रौंदा, 3 घायल

हैदराबाद, 14 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस ने बताया कि बुधवार रात रेड हिल्स इलाके में नशे में धुत एक कार चालक ने पैदल चलने वालों के एक समूह को कुचल दिया, जिससे तीन लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। यह घटना मशहूर नीलोफर कैफे के पास हुई, जब कथित तौर पर नशे की हालत में कार चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और पैदल चलने वालों को टक्कर मार दी। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने चालक को पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। बाद में ट्रैफिक पुलिस ने कार को खींचकर ले गई।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के लिए टीम इंडिया को मिले सचिन तेंदुलकर का साथ






पर्थ, 14 नवंबर (एजेंसियां)। टेस्ट क्रिकेट की सबसे बड़ी राइवलरी का आगाज 22 नवंबर से होने जा रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में एक-दूसरे से भिड़ने को तैयार हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ घर में मिली शर्मनाक हार से भारतीय टीम का मनोबल गिरा हुआ है। खासतौर पर इंडियन बैटर्स की हालत बेहद खस्ता है। रोहित शर्मा और विराट कोहली रनों के लिए जूझ रहे हैं। टीम इंडिया को अगर ऑस्ट्रेलिया का किला लगातार तीसरा बार भेदना है, तो रोहित एंड कंपनी को सचिन तेंदुलकर का साथ चाहिए होगा। ऐसा हम नहीं कह रहे, बल्कि भारत के ही पूर्व क्रिकेटर डब्ल्यू वी रमन का यही मानना है।

**सचिन की होगी भारतीय खेमे में एंट्री**

डब्ल्यू वी रमन ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, "बॉर्डर-गावस्कर सीरीज की तैयारियों के लिए सचिन तेंदुलकर अगर भारतीय टीम के साथ बतौर बैटिंग कंसेल्टेंट जुड़ जाएं तो यह टीम इंडिया के लिए काफी फायदेमंद होगा। अभी दूसरे टेस्ट मैच में काफी वक्त है। सलाहकार के तौर पर पूर्व प्लेयर्स का टीम से जुड़ना इन दिनों आम बात है। क्या यह विचार सही है?" बता दें कि ऑस्ट्रेलिया की धरती पर सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड कमाल का रहा।

उन्होंने कंगारुओं के खिलाफ उन्हीं की सरजमीं पर खेले 20 मैचों की 38 पारियों में 53.20 की औसत से 1809 रन ठोके। इस दौरान उनके बल्ले से 6 शतक और 7 अर्धशतक निकले। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सचिन के ओवरऑल टेस्ट रिकॉर्ड की बात करें, तो मास्टर ब्लास्टर ने 74 इनिंग्स में 55 की दमदार औसत से 3,630 रन बनाए। कंगारुओं के खिलाफ सचिन के बैट से 11 शतक और 16 फिफ्टी निकली।

**दबाव में है टीम इंडिया**

न्यूजीलैंड के खिलाफ घर में 12 साल बाद टेस्ट सीरीज गंवाने के बाद टीम इंडिया का मनोबल पूरी तरह से टूटा हुआ है। अपनी ही धरती पर इंडियन बैटर्स बुरी तरह से फ्लॉप रहे। छह पारियों में विराट कोहली और रोहित शर्मा कुल मिलाकर भी 100 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सके। वहीं, यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल भी रनों के लिए जूझते नजर आए थे।

टीम के गेंदबाजों का प्रदर्शन भी सीरीज में कुछ खास नहीं रहा था। यही वजह है कि भारतीय टीम का कॉन्फिडेंस इस बार काफी डाउन है। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के पिछले दो दौरे टीम इंडिया के लिए ऐतिहासिक रहे हैं। 2018 में विराट कोहली की कप्तानी में भारतीय टीम ने पहली बार कंगारुओं का घमंड चकनाचूर किया था। वहीं, 2020-21 में रहाणे की अगुवाई में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को उसी के घर में 2-1 से पटखनी दी थी।

# मोहम्मद शमी ने इंजरी से लौटते ही मचाई सनसनी

## गौतम गंभीर भी कहेंगे- 'प्लीज ऑस्ट्रेलिया आ जाओ'



इंदौर, 14 नवंबर (एजेंसियां)। मोहम्मद शमी के मैदान पर लौटने का इंतजार सभी भारतीय फैंस बेसब्री से कर रहे थे. करीब 1 साल बाद उन्होंने उन्होंने 13 नवंबर इंजरी के बाद फिर से क्रिकेट के मैदान पर कदम रखा. चोट से वापसी कर रहे शमी ने आते ही सनसनी मचा दी है. उन्होंने बंगाल और मध्यप्रदेश के बीच खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी के मैच में अपने पुराने तेवर दिखाए. शमी ने अपने पहले मैच की पहली ही पारी में कहर बरपाया और मध्यप्रदेश के 4 बल्लेबाजों का शिकार किया. इस दौरान उन्होंने गेंदबाजी से लेकर फिटनेस तक, हर मोर्चे पर खुद को साबित किया. उनके इस प्रदर्शन को देखकर अब टीम के हेड कोच गौतम गंभीर भी उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बुलाने के लिए मजबूर हो जाएंगे.

**शमी ने रणजी में दिखाए पुराने तेवर**

मोहम्मद शमी 360 दिनों के बाद पहला प्रतियोगी क्रिकेट मैच खेल रहे हैं. उनकी गेंदबाजी और फिटनेस को लेकर कई सवाल थे. लेकिन उन्होंने हर मोर्चे पर खुद को साबित किया. शमी ने बंगाल की ओर से खेलने वाले शमी ने पहली पारी में 19 ओवर गेंदबाजी की और 54 रन देकर 4 विकेट चटकाए. इस दौरान उनकी इकॉनमी 2.84 की रही.

इस दौरान शमी के पुराने तेवर भी देखने को मिले. इंदौर के होलकर स्टेडियम में शमी ने मध्यप्रदेश के कप्तान शुभम शर्मा समेत दो बल्लेबाजों को बोल्ड करके उनका शिकार किया. उनकी घातक के दम पर बंगाल अपने विरोधी टीम को अच्छी शुरुआत मिलने के बावजूद 167 रन पर ढेर कर दिया.

**हर मोर्चे पर रहे सफल**

मोहम्मद शमी ने पिछला मुकाबला 19 नवंबर को 2023 के वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में खेला था. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल मैच के बाद एंकल इंजरी के कारण वह टीम से बाहर चल रहे थे. इसी साल उन्होंने सर्जरी कराई थी. इसके बाद रिकवरी के दौरान उन्हें घुटने की सूजन और साइड स्ट्रेन जैसी मसलों का सामना करना पड़ा. इस वजह से उनकी वापसी में देरी हुई.

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भी नहीं चुने गए. ऐसे में इस मैच में उन्हें खुद को कई मोर्चों पर साबित करना था और सभी में सफल रहे. शमी ने कुल 19 ओवर गेंदबाजी की, इससे साफ हो जाता है कि वह टेस्ट मैच में ज्यादा ओवर बॉलिंग करने के लिए फिट हैं. वहीं विकेट लेकर उन्होंने बता दिया कि गेंदबाजी में उनकी धार अभी भी बरकरार है. हालांकि, अब देखना होगा कि आने वाले मैचों में उनका प्रदर्शन और फिटनेस कैसा रहता है. उसके बाद ही उनके ऑस्ट्रेलिया जाने पर फैसला होगा.

# शिखर धवन अब नेपाल की टीम के लिए खेलेंगे क्रिकेट



काठमांडू, 14 नवंबर (एजेंसियां)। शिखर धवन को लेकर अटकलों का बाजार अब थम चुका है. उनके उस देश की टीम की ओर से क्रिकेट खेलने पर मुहर लग चुकी है, जिसकी जनसंख्या 4 करोड़ भी नहीं है. हम बात कर रहे हैं नेपाल की. 2023 की जनगणना के अनुसार नेपाल की आबादी सिर्फ 3.09 करोड़ ही बताई गई है. लेकिन, यहां क्रिकेट का क्रेज भारत से बिल्कुल भी कम नहीं है. नेपाल की भी अपनी इंटरनेशनल टीम है. हालांकि, शिखर धवन उसकी इंटरनेशनल टीम से नहीं बल्कि नेपाल प्रीमियर लीग की टीम कर्नाली याक्स से खेलने वाले हैं.

नेपाल प्रीमियर लीग में शिखर धवन के खेलने की जानकारी कर्नाली याक्स और इस टीम की फेस बनी एक्ट्रेस स्वास्तिमा खडका की ओर से दी गई. स्वास्तिमा खडका ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए धवन के जुड़ने के बारे में बताया.

**नेपाल की टीम कर्नाली याक्स से खेलेंगे धवन**

स्वास्तिमा खडका ने बिल्कुल फिल्मी अंदाज में टीम के साथ हुए धवन के करार की जानकारी दी. उन्होंने पोस्ट शेयर करते हुए उसके कैप्शन में फिल्म शोले का गब्बर वाला डायलॉग लिखा- कितने आदमी थे.

भारत के बाएं हाथ के पूर्व ओपनर को नेपाल प्रीमियर लीग का सबसे बड़ा फेस आंका जा रहा है.

**संकेत पहले से थे, मुहर अब लगी**

शिखर धवन के जुड़ने को लेकर स्वास्तिमा खडका ने इशारा हालांकि पहले ही कर दिया था. जब उन्होंने जल्द ही बड़ी घोषणा के पोस्टर के साथ अपनी तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी. लेकिन, अब ना सिर्फ उस बड़ी घोषणा का पता चल चुका है, बल्कि धवन के नाम पर आधिकारिक मुहर भी लग चुकी है.

# पीवी सिंधू कुमामोतो मास्टर्स के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं, लक्ष्य सेन का सफर समाप्त



कुमामोतो, 14 नवंबर (एजेंसियां)। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं, लेकिन पुरुष एकल वर्ग में लक्ष्य सेन पहले दौर से बाहर हो गए। दुनिया की 20वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने 11वीं रैंकिंग वाली थाईलैंड की बुसानन ओंगामरूंगफान को 21-12, 21-18 से हराया। अब वह कनाडा की मिशेले ली से खेलेंगी।

पुरुष वर्ग में लक्ष्य ने पहला गेम जीतने के बाद दबाव में आकर मलेशिया के लियोंग जुन हाओ के खिलाफ 22-20, 17-21, 16-21 से पराजय का सामना किया। पेरिस ओलंपिक सेमीफाइनल खेलने वाले लक्ष्य को निर्णायक गेम में बढ़त मिली लेकिन हाओ ने लगातार पांच अंक लेकर जीत दर्ज की। वहीं सिंधू ने धीमी शुरूआत की और 1-5 से पिछड़ गईं लेकिन वापसी करते हुए ब्रेक तक 11-10 से बढ़त बना ली। उधर बुसानन ने लगातार गलतियां की जिसका सिंधू ने पूरा फायदा उठाया और लगातार सात अंक लेकर क्रॉसकोर्ट पर हाफ स्मैश से पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में भी सिंधू का दबदबा रहा और उनहोंने आखिरी 12 में से 11 अंक बनाए। अब सिंधू इस टूर्नामेंट में अकेली भारतीय बची हैं।

# सात्विक-चिराग के लिए भारत से जुड़ेंगे दिग्गज तान किम हर

## इरवासियाह होंगे बैडमिंटन के नए एकल कोच





नई दिल्ली, 14 नवंबर (एजेंसियां)। पूर्व विश्व नंबर एक भारतीय युगल जोड़ी सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को बैडमिंटन की दुनिया में चमकाने वाले दिग्गज तान किम हार का फिर साथ मिलने जा रहा है।

थॉमस कप, एशियाड और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता मलयेशिया तान तीसरी बार भारतीय बैडमिंटन टीम के युगल कोच बनने जा रहे हैं।

मलयेशिया, थाईलैंड और जापान जैसे देशों के कोच रह चुके तान किम हर ने ही सात्विक-चिराग की जोड़ी बनाई थी। उनकी कोचिंग में भारतीय जोड़ी ने दुनिया भर में अपना दबदबा बनाया। डेनमार्क के मथायस बोए के पेरिस ओलंपिक से हटने के बाद सात्विक-चिराग को नए कोच की तलाश थी। दोनों तान किम के साथ जुड़ना चाहते थे। इन दोनों के कहने पर ही वह फिर से भारत के साथ अनुबंध के लिए तैयार हो गए। उन्हें 10 हजार अमेरिकी डॉलर प्रति माह (लगभग साढ़े 8 लाख रुपये) का वेतन दिया जाएगा।

वहीं, भारतीय बैडमिंटन संघ तान किम के अलावा एकल के लिए इंडोनेशियाई दिग्गज कोच इरवासियाह आदी प्रात्मा को नया कोच अनुबंधित करने जा रहा है। प्रात्मा को भी 10 हजार अमेरिकी डॉलर मिलेंगी। इन दोनों के अलावा इंडोनेशिया के एकल कोच ड्वी क्रिस्टियावान को संघ बरकरार रखने जा रहा है।

# घमंड को काबू में रखें, शाहिद अफरीदी ने चैंपियंस ट्रॉफी विवाद के बीच बिना नाम लिए भारत पर साधा निशाना






इस्लामाबाद, , 14 नवंबर (एजेंसियां)। चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच लगातार टकराव बढ़ता जा रहा है. बीसीसीआई की मनाही के बाद से पाकिस्तानी क्रिकेटर भड़के हुए हैं और लगातार बयानबाजी कर रहे हैं. अब इस विवाद में दिग्गज क्रिकेटर शाहिद अफरीदी भी कूद पड़े हैं. उन्होंने भारत का नाम लिए बिना निशाना साधने की कोशिश की है. अफरीदी ने चैंपियंस ट्रॉफी को क्रिकेट के लिए अहम पड़ाव बताया. उनके मुताबिक 1970 के दशक के बाद पहली बार क्रिकेट सबसे बड़ी चुनौती का सामना कर रहा है. वहीं उन्होंने बीसीसीआई का नाम लिए बिना घमंड को काबू में रखने को भी कहा. अफरीदी के पहले बासित अली और राशिद लतीफ समेत कई पाकिस्तान क्रिकेटर भी अपना मत रख चुके हैं.

पूर्व क्रिकेटर शाहीद अफरीदी ने सलाह देते हुए कहा है कि 'क्रिकेट एक अहम मोड़ पर खड़ा है और शायद 1970 के बाद सबसे बड़ी चुनौती का सामना कर रहा है. यही समय है कि हम अपने मतभेद को भूलकर खेल के लिए एक हो जाएं. अगर ओलंपिक की खातिर हम अपने बंटवारे को भूलकर एक साथ आ सकते हैं तो यही काम क्रिकेट और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्यों नहीं कर सकते.' वह सिर्फ सलाह देने तक नहीं रुके. उन्होंने आगे भारत का नाम लिए निशाना साधा और कहा कि 'इस खेल के सरंक्षक के तौर पर हमारी जिम्मेदारी है कि अपने घमंड को काबू रखें और क्रिकेट के विकास पर फोकस करें.' करीब 28 साल के बाद पाकिस्तान किसी आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाला है. इसके लिए उसने जमकर खर्च भी किए हैं. आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को उम्मीद थी कि इस टूर्नामेंट से उसकी जमकर कमाई होगी. लेकिन बीसीसीआई के टीम इंडिया को पाकिस्तान नहीं भेजने के फैसले से अब उसे भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है. अब उसके पास तीन ही विकल्प बचे हैं. या तो वह हाइब्रिड मॉडल की मांग को मान ले, नहीं तो चैंपियंस ट्रॉफी को दूसरे देश में शिफ्ट कर दिया जाए.

दोनों बोर्ड के बीच टकराव बढ़ने की स्थिति में इसे अनिश्चितकाल के लिए टाल दिया जाए. इन तीनों ही स्थिति में पाकिस्तान को नुकसान होगा. इससे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को मिलने वाली 65 मिलियन डॉलर यानि करीब 548 रुपए की फीस में कटौती होगी. अगर चैंपियंस ट्रॉफी को दूसरे देश में शिफ्ट किया गया या फिर कैंसिल किया गया तो फीस नहीं मिलने के साथ स्टेडियम हुए खर्च का भी नुकसान होगा.

# सूर्यकुमार यादव ने एक ही मैच में पूरी की 2 हैट्रिक

## साउथ अफ्रीका की नाक के नीचे ये क्या हुआ?




खेल डेस्क, 14 नवंबर (एजेंसियां)। साउथ अफ्रीका की नाक के नीचे भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बहुत बड़ा काम किया. मतलब ये कि मेजबान साउथ अफ्रीका देखता रह गया और सूर्यकुमार यादव ने एक नहीं बल्कि दो हैट्रिक का ताना-बाना बुन दिया. सेंचुरियन में हुए हाई स्कोरिंग मैच में भारत ने 11 रन से जीत दर्ज की. इस जीत के साथ उस पर मंडरा रहा सीरीज हार का खतरा अब टल गया है. भारतीय टीम ने 4 T20 की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है. सीरीज में भारत को बढ़त दिलाने में तिलक वर्मा, अभिषेक शर्मा, अर्शदीप सिंह जैसे खिलाड़ियों का बड़ा रोल रहा . लेकिन, जिस मैच को जीत भारत ने बढ़त ली उसी में पूरी हुई सूर्यकुमार यादव की डबल हैट्रिक पर भी बात करना जरूरी है.

**सूर्यकुमार यादव ने पूरी की ये 2 हैट्रिक**

अब आप कहेंगे कि सूर्यकुमार यादव की डबल हैट्रिक पूरी कैसे हुई? इसका जवाब जितना भारतीय कप्तान की टॉस में किस्मत से जुड़ा है उतना ही बल्लेबाजी में उनके प्रदर्शन से भी अटैच है. सीधे शब्दों में कहें तो सूर्यकुमार यादव ने टॉस हारने और बल्लेबाजी में फेल होने की हैट्रिक पूरी की है.

**सेंचुरियन में लगातार तीसरा टॉस हारे**

साउथ अफ्रीका के खिलाफ T20 सीरीज में सूर्यकुमार यादव ने अब तक एक भी टॉस नहीं जीता है. टॉस हारने का ये सिलसिला जो डरबन में खेले पहले T20 से शुरू हुआ वो सेंचुरियन में तीसरे T20 में आकर हैट्रिक में बदल गया. और, अगर इस पर लगाम नहीं लगा तो सूर्या अब टॉस हारने का चौका भी लगा सकते हैं. वो ऐसे कप्तान भी बन सकते हैं जिसने सीरीज में एक भी टॉस नहीं जीता.

3 मैचों में बस 26 रन, 2 पारियों में नहीं छुए दहाई अंक

टॉस जैसा ही हाल सूर्यकुमार यादव का बल्लेबाजी में भी सीरीज के अंदर देखने मिला है. डरबन से सेंचुरियन तक खेले T20 सीरीज के पहले 3 मैचों में वो बस 26 रन ही बना सके हैं, जिसमें से दो पारियों में वो दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके हैं. उनका बेस्ट स्कोर केवल 21 रन का है.

**ऐसी हैट्रिक से भगवान बचाए!**

हालांकि, सूर्यकुमार यादव ने जो दोनों हैट्रिक पूरी की है, वो ऐसी है जिसे कोई भी कप्तानी अपनी टीम की खातिर नहीं बनाना चाहेगा. भारत-साउथ अफ्रीका के बीच T20 सीरीज का चौथा और आखिरी मैच जोहानिसबर्ग में हैं. टीम इंडिया के पास वहां खिताब जीतने का मौका रहेगा तो सूर्यकुमार यादव की कोशिश अपनी खराब बल्लेबाजी पर लगाम लगाने की होगी. टॉस का कह नहीं सकते क्योंकि उस पर किसी का कंट्रोल नहीं है.

# थाइलैंड के खिलाफ भारत ने दागे 1 दर्जन से ज्यादा गोल

## हरियाणा की 'शेरनी' दीपिका ने मारा 'पंजा'




राजगीर, 14 नवंबर (एजेंसियां)। भारत ने महिला हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में लगातार तीसरी जीत हासिल की। भारतीय महिला हॉकी टीम ने बिहार के राजगीर में 14 नवंबर 2024 को थाइलैंड को 13-0 से हराया। भारत की ओर से दीपिका कुमारी ने 5 गोल दागे। वह प्लेयर ऑफ द मैच चुनी गईं। हरियाणा से ताल्लुक रखने वाली दीपिका ने ही थाइलैंड के खिलाफ भारत का खाता खोला।

दीपिका ने साउथ कोरिया के खिलाफ पिछले मैच में भी भारत का खाता खोला था। वह प्लेयर ऑफ द मैच चुनी गईं। उनके अलावा भारत की ओर से लालरेम्सियामी देवी, प्रीति दुबे और मनीषा चौहान ने 2-2 गोल किये। भारत ने भले ही इस टूर्नामेंट में अपने तीनों मुकाबलों में जीत हासिल की है, लेकिन चीन के मुकाबले गोल अंतर में वह पीछे है। भारत का गोल अंतर 5 से बढ़कर 14 हो गया है।

चीन ने भी अब तक अपने तीनों मैच जीते हैं। चीन ने 14 नवंबर को अपने तीसरे मुकाबले में जापान को 2-1 से हराया। भारत के मुकाबले चीन का गोल अंतर भी बहुत ज्यादा है। चीन का गोल अंतर 12 नवंबर तक 20 था जो अब बढ़कर 21 हो गया है। यही वजह है कि चीन एशियन महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी की अंक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है।

भारतीय टीम कमजोर थाइलैंड के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके चीन और जापान के खिलाफ होने वाले दो अंतिम राउंड रॉबिन मैच से पहले अपनी स्थिति मजबूत करना चाहेगी। मलेशिया ने अब तक 3 में से 1 मैच में जीत हासिल की है। उसने 14 नवंबर 2024 को अपनी पहली जीत हासिल की। भारत अब लगभग सेमीफाइनल में पहुंच गया है, जबकि उसे अभी 2 मैच और खेलने हैं। भारत का अब अगला मुकाबला 16 नवंबर 2024 को चीन से होगा। वह मैच भी भारतीय समयानुसार शाम 4:45 बजे शुरू होगा। भारत बनाम थाइलैंड मैच से पहले मलेशिया ने साउथ कोरिया को 2-1 से हराया। उससे पहले दिन के पहले मैच में चीन ने जापान को मात दी थी।

# पारिवारिक सर्वेक्षण देश के लिए रोल मॉडल : मंत्री पोन्नम

## मंत्री ने घर-घर परिवार सर्वेक्षण में भाग लिया



हैदराबाद, 14 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। परिवहन, बीसी कल्याण व हैदराबाद के प्रभारी मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने कहा कि तेलंगाना राज्य व्यापक घर-घर परिवार सर्वेक्षण के साथ देश के लिए एक रोल मॉडल के रूप में खड़ा होगा। मंत्री ने गुरुवार को जीएचएमसी मेयर गदवाल विजयलक्ष्मी , अतिरिक्त आयुक्त स्नेहा सबरीश और हैदराबाद जिला कलेक्टर अनुदीप दुरीशेट्टी के साथ रोशन बाग कॉलोनी, बंजारा हिल्स एनबीटी नगर में घर-घर सर्वेक्षण का निरीक्षण किया। इस अवसर पर बोलते हुए, मंत्री ने कहा कि तेलंगाना के लोगों की स्थिति जानने और भविष्य की सरकारी योजना के माध्यम से एक अच्छा बदलाव लाने के लिए, लोगों की भागीदारी के साथ एक व्यापक पारिवारिक सर्वेक्षण आयोजित किया जाएगा।

इस सर्वेक्षण से तेलंगाना राज्य देश के लिए दिशा सूचक यंत्र बनेगा। उन्होंने कहा कि तेलंगाना समाज में एक बड़ा बदलाव लाने के लिए एक व्यापक पारिवारिक सर्वेक्षण किया गया है। उन्होंने कहा कि इस माह की 6 तारीख से गृह चिन्हांकन कार्यक्रम एवं 9 तारीख से गृह सर्वेक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ है। मंत्री ने कहा कि राज्य में 87 हजार से अधिक प्रगणक सर्वेक्षण कर रहे हैं, राज्य भर में 30 प्रतिशत सर्वेक्षण पहले ही पूरा हो चुका है और जीएचएमसी के तहत 4.44 लाख से अधिक घरों का सर्वेक्षण पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि लोग सर्वे पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि लोगों को कोई गलतफहमी नहीं होनी चाहिए, जानकारी गोपनीय होगी और सर्वेक्षण से किसी को भी सरकारी योजनाओं से वंचित नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार इसे एक मार्गदर्शक के रूप में लेगी जो भविष्य में लोगों के लिए उपयोगी होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में सर्वे के लिए दीक्षा व धरना देने वाले सभी लोग चुप है। सभी जाति समूह व सभी ने सर्वे का स्वागत किया है।

उन्होंने कहा कि हालांकि देश में बिहार और महाराष्ट्र में सर्वे किया गया, लेकिन तेलंगाना में सर्वे देश के लिए दिशा सूचक होगा। उन्होंने कहा कि सर्वे से जो बदलाव होगा वह स्पष्ट होगा। उन्होंने कहा कि जानकारी मिलने के बाद उचित विश्लेषण और दिशा में सर्वेक्षण किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि भविष्य की योजना बनायी जायेगी ताकि उन समुदायों को न्याय मिल सके जिन्हें न्याय नहीं मिला है। मंत्री ने जाति समूहों से अपील की कि आजादी के बाद देश में जो सर्वेक्षण नहीं हुआ वह तेलंगाना में किया जा रहा है और सभी जाति समूहों के प्रतिनिधियों को अपनी जाति के सदस्यों को जागरूक होने और सही जानकारी देने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड अनिवार्य नहीं है, वे बैंक खाते का विकल्प मांग रहे हैं, वे बैंक खाते का विवरण नहीं मांग रहे हैं, वे केवल खाता होने या न होने की जानकारी मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी को कोई शंका या कठिनाई हो तो जिला कलेक्टर एवं विशेष नोडल निगरानी अधिकारी उसका समाधान करेंगे। उन्होंने कहा कि सर्वे करने वाले कोई निजी व्यक्ति नहीं हैं, वे सरकार द्वारा नियुक्त कर्मचारी हैं, उनके पास पहचान पत्र भी है और वे सरकार के आदेश के अनुसार सर्वेक्षण कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से गलत प्रचार करने वालों से सतर्क रहने और सोशल मीडिया पर झूठे प्रचार पर विश्वास न करने का आग्रह किया।

मंत्री ने विपक्षी दलों से अनावश्यक देरी या कर्मचारियों के कर्तव्यों के पालन में बाधा डाले बिना सर्वेक्षण के सुचारू संचालन में सहयोग करने की अपील की। मंत्री ने एनबीटी नगर रोशन बाग, बंजारा हिल्स के एक अपार्टमेंट में रहने वाले नासर परिवार के विवरण के पंजीकरण की जांच की। मंत्री ने मिताली नगर में सुरेश रेड्डी से संबंधित पारिवारिक सर्वेक्षण की जांच की और सर्वेक्षण के बारे में परिवार के सदस्यों की शंकाओं को दूर किया। जब सुरेश रेड्डी ने पूछा कि वे बैंक खाता क्यों मांग रहे हैं, तो मंत्री ने उन्हें समझाया कि सर्वेक्षण फॉर्म में एक प्रश्न है कि बैंक खाता है या नहीं, खाता है या नहीं, इसकी जानकारी दी जानी चाहिए। कार्यक्रम में हैदराबाद जीएचएमसी की अतिरिक्त आयुक्त स्नेहा सबरीश, जिला कलेक्टर अनुदीप दुरीशेट्टी, डीसी प्रशांति, खैरताबाद जोन के नोडल अधिकारी सरथ चंद्र, पर्यवेक्षक अधिकारी शिवाजी, प्रगणक मनसा, संध्या अधिकारी और अन्य ने भाग लिया।

# ब्रिटिश उच्चायुक्त ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की



हैदराबाद, 14 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। ब्रिटिश उच्चायुक्त (भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त) लिंडी कैमरून ने जुबली हिल्स स्थित, हैदराबाद आवास पर मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से मुलाकात की। सुश्री लिंडी कैमरून के साथ गैरेथ व्यान ओवेन, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में ब्रिटिश उप उच्चायुक्त, सुश्री नलिनी रघुरामन, राजनीतिक अर्थव्यवस्था सलाहकार, सुश्री जनक पुष्पनाथन, दक्षिण भारत प्रमुख, ब्रिटिश काउंसिल रहे। इस दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, मूसी नदी विकास, कौशल और खेल अकादमी तथा बुनियादी ढांचे पर चर्चा हुई। उन्होंने सीएम रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में तेलंगाना सरकार के प्रमुख कार्यक्रम और परियोजनाओं में गहरी रुचि और यूके की भागीदारी दिखाई। उन्होंने कहा कि तेलंगाना राज्य के साथ रचनात्मक और उपयोगी जुड़ाव की इच्छा रखती हैं। उन्होंने सीएम के विकास और दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना की।

## ईओ ने मंत्री को विशेष कार्यक्रमों की जानकारी दी



हैदराबाद, 14 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। वानिकी, पर्यावरण और धर्मस्व मंत्री कोंडा सुरेखा से कार्तिक पूर्णमी मनाने के लिए कल कर्मन घाट हनुमान मंदिर में आने का निमंत्रण मिला। मंदिर के ईओ लावण्या, एईओ रामदेवी, पुजारी जिन्ना संतोष, कंडाला संतोष, वैदिक वाचक पवन शर्मा ने सचिवालय में उनके कार्यालय में मंत्री सुरेखा को निमंत्रण पत्र सौंपा। मंदिर के ईओ मंत्री ने सुरेखा को कार्तिक महीने के दौरान मंदिर में किए जाने वाले विशेष कार्यक्रमों के बारे में बताया। कार्तिक माह के दौरान स्वामी के दर्शन के लिए आने वाले भक्तों की बड़ी संख्या को देखते हुए, मंत्री ने ईओ को यह सुनिश्चित करने के लिए एहतियाती कदम उठाने की सलाह दी कि न्यूनतम सुविधाओं के प्रावधान में कोई कमी न हो।

# डीके अरुणा पुलिस कार्रवाई के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष से करेंगी शिकायत



हैदराबाद, 14 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कोडंगल पुलिस के व्यवहार पर गंभीर नाराजगी व्यक्त करते हुए महबूबनगर की भाजपा सांसद डीके अरुणा ने कहा कि वह लागाचेरला जाने से रोकने के लिए स्थानीय पुलिस और जिला प्रशासन के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से शिकायत दर्ज कराएंगी। भाजपा सांसद को बुधवार को विकाराबाद जिले के दुद्याला मंडल के लागाचेरला गांव में जाने से रोक दिया गया था, जहां विकाराबाद जिले में प्रस्तावित फार्मा गांव के लिए सार्वजनिक सुनवाई के दौरान अधिकारियों पर ग्रामीणों ने हमला किया था। गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए अरुणा ने कहा कि उन्हें लागाचार्ला के लोगों से मिलने से रोकना उनके अधिकारों का उल्लंघन है, इसलिए उन्होंने पुलिस कार्रवाई के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष शिकायत दर्ज कराने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि मैं स्थानीय सांसद हूं और मुझे अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों से मिलने का पूरा अधिकार है। बुधवार को अरुणा अपने समर्थकों के साथ लागाचर्ला गांव का दौरा कर रही थीं, लेकिन पुलिस ने उन्हें मन्नेगुडा में ही रोक दिया और कानून-व्यवस्था का हवाला देते हुए उन्हें अपने घर वापस जाने को कहा। हालांकि, जिला कलेक्टर के हस्तक्षेप के बाद उन्हें उनसे मिलने और फार्मा गांव के मुद्दे पर चर्चा करने की अनुमति दी गई।

# कोत्तागुडेम में माओवादी एरिया कमेटी सदस्य गिरफ्तार



कोत्तागुडेम, 14 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस ने छत्तीसगढ़ के डुम्मुगुडेम मंडल में सीपीआई (माओवादी) पार्टी के पामेड़ क्षेत्र समिति के एक सदस्य को गिरफ्तार किया। मनुगुर डीएसपी वी रविन्द्र रेड्डी ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि क्षेत्र समिति के सदस्य ओयम नांदे उर्फ सम्मक्का को बुधवार को डुम्मुगुडेम पुलिस, 141 बीएन सीआरपीएफ कर्मियों और विशेष पार्टी पुलिस द्वारा मंडल के सीतानगरम में वाहन निरीक्षण के दौरान गिरफ्तार किया गया। वह माओवादी पामेड़ क्षेत्र समिति की क्रांतिकारी आदिवासी महिला एसोसिएशन की सदस्य थी और बीजापुर जिले के बासागुडा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोठागुडा गांव की रहने वाली थी। नंदे ने 16 साल की उम्र में माओवादी पार्टी में शामिल होने के बाद 1999 से 2002 तक माओवादी पार्टी के बासागुड़ा एरिया बाला संघम के सदस्य के रूप में काम किया।

फिर वर्ष 2002 से 2018 तक वह क्रांतिकारी आदिवासी महिला संघ (केएएमएस) की सदस्य रहीं। डीएसपी ने बताया कि वह पिछले 20 वर्षों से केएएमएस में काम कर रही है और अपने साथी कार्यकर्ताओं के साथ पामेड़ क्षेत्र के आदिवासी गांवों का दौरा करती थी और बैठकें करती थी, माओवादी पार्टी की गतिविधियों का आयोजन करती थी तथा निर्दोष आदिवासी लोगों को राज्य और केंद्र सरकारों के खिलाफ विद्रोह करने के लिए उकसाती थी। गिरफ्तार व्यक्ति के पास से माओवादी पर्चे और साहित्य जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि उसके खिलाफ बीएनएस, तेलंगाना सुरक्षा अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# अधिकारियों पर हमलों को लेकर सरकार सख्त : पोंगुलेटी

हैदराबाद, 14 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राजस्व एवं आवास मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने जिला कलेक्टर और अधिकारियों पर हाल ही में हुए हमले के बाद किसानों और अधिकारियों दोनों के अधिकारों और सुरक्षा की रक्षा के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार किसानों के मुद्दों को सुनने और समाधान खोजने के लिए पूरी तरह तैयार है, उन्होंने उनके हितों को नुकसान पहुंचाने की किसी भी मंशा को खारिज कर दिया। किसानों का समर्थन करने की आड़ में अधिकारियों को नुकसान पहुंचाने के प्रयासों की निंदा करते हुए, मंत्री ने जोर देकर कहा कि इस तरह की कार्रवाई अस्वीकार्य है। उन्होंने गुरुवार को यहां एक विज्ञप्ति में कहा, अगर आज अधिकारियों के खिलाफ हिंसा बर्दाश्त की जाती है, तो कल यह राजनीतिक नेता या यहां तक कि आम जनता भी हो सकती है। यह घोषणा करते हुए कि राज्य सरकार लागचर्ला की घटना को गंभीरता से लेती है और सख्त कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेगी।

मंत्री ने कानून और व्यवस्था को बाधित करने के लिए किसानों के वेश में आने वाले लोगों की आलोचना की। पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने किसानों से इन विघटनकारी तत्वों को पहचानने का आग्रह किया जो उन्हें सरकारी अधिकारियों से दूर करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अधिकारियों पर हमला, संक्षेप में, लोगों पर ही हमला है। बीआरएस सरकार द्वारा अतीत में की गई कार्रवाइयों पर विचार करते हुए, मंत्री ने उनकी ईमानदारी पर सवाल उठाया, खम्मम में मिर्च किसानों को कैद करने और मल्लन्ना सागर के किसानों को देशद्रोही करार देने के उदाहरणों को याद करते हुए। उन्होंने लोगों को उन घटनाओं की याद दिलाई जहां दलितों को सिरिसिला विधानसभा क्षेत्र में इसी तरह के व्यवहार का सामना करना पड़ा था, जहां से बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी राम राव का प्रतिनिधित्व करते है।

# मुख्यमंत्री ने बाल मॉक असेंबली में हिस्सा लिया



हैदराबाद, 14 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को हैदराबाद में एससीईआरटी कार्यालय के परिसर में आयोजित बाल मॉक असेंबली कार्यक्रम में हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम बाल दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया था। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क, मंत्री पोन्नम प्रभाकर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह की रचनात्मक बैठकें समाज के लिए जरूरी हैं और छात्रों को विधानसभा में सदस्यों द्वारा उठाए गए सवालों और सरकार द्वारा दिए गए जवाबों पर अधिक ध्यान देना चाहिए। रेवंत रेड्डी ने कहा, विपक्ष के हंगामे के बावजूद सरकार को सदन को समन्वित तरीके से चलाना चाहिए। हालांकि, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ ताकतें इन दिनों सदन की कार्यवाही को बाधित करने और स्थगित करने की कोशिश कर रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों की मॉक असेंबली को प्रेरणादायी तरीके से आयोजित करने के लिए सभी को बधाई। उन्होंने कहा कि भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने शिक्षा और कृषि क्षेत्र में क्रांति ला दी थी और उनके प्रयासों के कारण ही लोगों को अब समाज में अवसर मिल रहे हैं। रेवंत रेड्डी ने कहा, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने देश में अनिवार्य शिक्षा लागू करने के लिए कड़ी मेहनत की थी। इसी तरह, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को 18 साल की उम्र में युवाओं को वोट देने का अधिकार दिलाने का श्रेय दिया जाता है।

# नेहरू के निर्णयों की बदौलत भारत वैश्विक स्तर पर : भट्टी

*> डिप्टी सीएम ने पूर्व पीएम नेहरू की जयंती समारोह में भाग लिया*



हैदराबाद, 14 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के भविष्यदर्शी निर्णयों की बदौलत भारत वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना सका। उपमुख्यमंत्री ने गुरुवार को यहां गांधी भवन में चाचा नेहरू की जयंती समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि यहां-वहां कुछ छद्म बुद्धिजीवी, जो नेहरू और उनके अपार योगदान के बारे में नहीं जानते, झूठे प्रचार में लिप्त हैं। उन्होंने कहा, अगर कोई भारत के इतिहास और स्वतंत्रता आंदोलन के बारे में जानना चाहता है, तो उसे पंडित नेहरू की भूमिका के बारे में पता होगा। उन्होंने कहा, एक धनी और प्रतिष्ठित परिवार में जन्मे नेहरू ने अपनी मातृभूमि की खातिर एक दशक से अधिक समय जेल में बिताया। यह देश के लोगों का सौभाग्य था कि नेहरू भारत के पहले प्रधानमंत्री बने। भारत का विकास देश में बड़े पैमाने पर विभिन्न विज्ञान और प्रौद्योगिकी केंद्रों की स्थापना के कारण हुआ। अगर भारत चंद्रमा और मंगल पर उपग्रह और अंतरिक्ष यान भेजकर संचार प्रणालियों में विकसित दुनिया के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा है, तो यह पूरी तरह से नेहरू की दूरदर्शिता और निर्णयों के कारण है। शिक्षा, कृषि और उद्योग को सार्वजनिक क्षेत्र में रखने के नेहरू के फैसलों के कारण भारत जीवित है, उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अगर मोदी जैसे वैज्ञानिक सोच से रहित और अंधविश्वास में विश्वास रखने वाले नेता देश के पहले प्रधानमंत्री बनते, तो भारत पिछड़ जाता और नेहरू द्वारा रखी गई नींव का फल आज सभी लोग भोग रहे होते। केटी रामाराव समेत बीआरएस नेताओं के विघटनकारी कार्यक्रमों और कार्रवाइयों के बारे में बोलते हुए भट्टी ने कहा कि अगर वह चाहें तो केटीआर के बारे में बहुत कुछ कह सकते हैं।

# कांग्रेस सरकार को केटीआर ने दी गिरफ्तार करने की चुनौती

## कहा कि वह धमकियों के आगे नहीं झुकेंगे



हैदराबाद, 14 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी पर डर और दमन का राज चलाने का आरोप लगाते हुए तीखा हमला किया। उन्होंने कांग्रेस सरकार को उन्हें गिरफ़्तार करने की चुनौती दी और कहा कि उन्हें ऐसी धमकियों से डराया नहीं जा सकता।

उन्होंने कहा कि अगर आपको मुझे गिरफ़्तार करना ही है तो कर लीजिए। मैं सिर ऊंचा करके जेल जाऊंगा, तेलंगाना के किसानों के साथ खड़ा रहूंगा और बेजुबानों को आवाज दूंगा। एक बयान में रामाराव ने सरकार की कथित साजिशों और खासकर आदिवासी इलाकों में किसानों को निशाना बनाकर आधी रात को की गई गिरफ़्तारियों की निंदा की। उन्होंने मुख्यमंत्री पर आरोप लगाया कि वे किसानों के वैध विरोध प्रदर्शनों को साजिश बता रहे हैं, जिसमें रेड्डी के दामाद से जुड़ी एक फार्मा कंपनी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी शामिल है। उन्होंने रेवंत रेड्डी के अतीत का हवाला देते हुए कहा कि 50 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े गए व्यक्ति के लिए, सब कुछ साजिश जैसा लगता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि आपके दामाद की दवा कंपनी के खिलाफ किसानों का प्रदर्शन- साजिश। आपके भाई की धमकियों के खिलाफ किसानों का खड़ा होना- साजिश। दो लोगों का फोन पर बात करना- साजिश। यहां तक कि लोगों के संघर्षों के बारे में सोशल मीडिया पोस्ट भी, आपके अनुसार, साजिश है। आदिवासी किसानों की दुर्दशा की ओर इशारा करते हुए, बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष ने उनकी शिकायतों को दूर करने में सरकार की देरी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि अपनी नियुक्ति के लिए नौ महीने इंतजार करने, धमकियों का सामना करने और आधी रात को छापे सहने के बाद, अगर ये किसान विद्रोह करते हैं, तो इसे साजिश करार दिया जाता है।

रामाराव ने गरीब किसान परिवारों की कथित अवैध गिरफ़्तारियों और यातनाओं की भी निंदा की और रेवंत रेड्डी सरकार की दमनकारी और अलोकतांत्रिक प्रथाओं के ख़िलाफ़ अपनी लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया। उन्होंने किसानों का समर्थन करने के लिए बीआरएस की प्रतिबद्धता दोहराई और सरकार को उसके कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराने की कसम खाई।

# पुलिसकर्मियों से दुर्व्यवहार करने पर पुलिस अधिकारी पर केस

*नशे में गाड़ी चलाने की जांच के दौरान हुई थी घटना*



हैदराबाद, 14 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मधुरानगर पुलिस ने एसआर नगर में नशे में वाहन चलाने की जांच के दौरान यातायात पुलिसकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में सिद्दीपेट के एसीपी रैंक के एक अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधिकारी सुमन कुमार जयपाल रेड्डी की कार में यात्रा कर रहे थे, जो नशे में धुत थे। रेड्डी ने जब ट्रैफिक पुलिस को नशे में वाहन चलाने वालों की जांच करते देखा, तो वह ड्राइवर की सीट से कूद गए और स्टीयरिंग व्हील किसी और को थमा दिया। ट्रैफिक पुलिस ने यह देखा और कार रोक ली। जब ट्रैफिक पुलिस ने जयपाल रेड्डी का ब्रीथ-एनालाइजर टेस्ट करना चाहा, तो पुलिस अधिकारी नीचे उतर आया और पुलिसकर्मियों से बहस करने लगा। ट्रैफिक पुलिस ने कानून व्यवस्था शाखा में अपने समकक्षों को सूचित किया, जो मौके पर पहुंचे और एसीपी जयपाल रेड्डी और दो अन्य को मधुरानगर पुलिस स्टेशन ले गए। ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की शिकायत के बाद एसीपी और तीन अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। जयपाल रेड्डी के खिलाफ नशे में गाड़ी चलाने का एक और मामला दर्ज किया गया।

# हरीश राव ने चेरलापल्ली जेल में पटनम नरेंद्र रेड्डी से की मुलाकात



हैदराबाद, 14 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस नेता और पूर्व मंत्री टी हरीश राव ने गुरुवार को चेरलापल्ली जेल में कोडंगल के पूर्व विधायक पटनम नरेंद्र रेड्डी से मुलाकात की। विकाराबाद कलेक्टर पर लागाचेरला हमले के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए नरेंद्र रेड्डी को बुधवार को जेल में न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। हरीश राव ने उनसे मुलाकात के लिए औपचारिक अनुमति प्राप्त की और तदनुसार, उन्हें जेल कर्मचारियों की उपस्थिति में नरेंद्र रेड्डी से मिलने की अनुमति दी गई। उन्होंने बीआरएस नेता को पार्टी समर्थन का आश्वासन देते हुए उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। हरीश राव के साथ बीआरएस विधायक पल्ला राजेश्वर रेड्डी और अन्य लोग भी थे। फार्मा विलेज प्रोजेक्ट के लिए इलाके में अपनी कृषि भूमि के प्रस्तावित अधिग्रहण से नाराज ग्रामीणों ने कलेक्टर और अन्य अधिकारियों पर हमला किया था, जिससे सरकारी वाहनों को नुकसान पहुंचा था। पुलिस ने नरेंद्र रेड्डी को हिंसा भड़काने का आरोप लगाते हुए गिरफ्तार कर लिया।

# डीसीए की टीमों ने मेडिकल दुकानों पर मारे छापे

*> भ्रामक दावों वाली 3 दवाएं जब्त*



हैदराबाद, 14 नवम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य औषधि नियंत्रण प्रशासन (टीजीडीसीए) ने हैदराबाद और तेलंगाना राज्य के अन्य हिस्सों में मेडिकल दुकानों में भ्रामक दावों के साथ बेची जा रही तीन दवाओं का पता लगाया। छापेमारी के दौरान, डीसीएस की टीमों ने दो आयुर्वेदिक और एक एलोपैथिक दवा का पता लगाया, जिसमें भ्रामक दावों के साथ कहा गया था कि वे कुष्ठ रोग, मधुमेह, रक्तचाप और मूत्र पथरी का इलाज कर सकती हैं।

डीसीए की टीमों ने कोमपल्ली के मेडिकल स्टोरों में आरोग्य रामा हर्बल्स, शमीरपेट, मेडचल-मलकाजगिरी जिले द्वारा निर्मित आयुर्वेदिक औषधियों पोडापथरी चूर्णम और अर्जुन चूर्ण के स्टॉक को जब्त कर लिया, जिन्हें भ्रामक दावे के साथ बेचा जा रहा था कि वे क्रमशः कुष्ठ रोग, मधुमेह और रक्तचाप का इलाज कर सकते हैं। डीसीए की टीमों ने भूपालपल्ली में मेडिकल दुकानों पर छापेमारी के दौरान बायोकोर फार्मास्यूटिकल्स, बद्दी, सोलन, हिमाचल प्रदेश द्वारा निर्मित एबिस्टोन-बी6 सिरप (एलोपैथिक) के स्टॉक को भी जब्त किया, जिसे मूत्र पथरी के इलाज के भ्रामक दावे के साथ बेचा जा रहा था। टीएसडीसीए के महानिदेशक वीबी कमलासन रेड्डी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि जो व्यक्ति कुछ बीमारियों और विकारों के उपचार के लिए दवाओं के बारे में भ्रामक विज्ञापन करते हैं, वे औषधि और जादुई उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954 और औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के तहत दंडनीय हैं। आम जनता दवाइयों से संबंधित अवैध गतिविधियों के बारे में टीएसडीसीए को सूचित कर सकती है या शिकायत दर्ज करा सकती है, इसके लिए टोल फ्री नंबर 1800-599-6969 पर कॉल करें, जो सभी कार्य दिवसों में सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक उपलब्ध है।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.